mukhyadhara.daily@gmail.com +91 9142412511

हिन्दी दैनिक

RNI : JHAHIN/2014/54374

# राष्ट्रीय मुख्यधारा

www.rashtriyamukhyadhara.com

अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, शनिवार

27.4.2024

पृष्ठः 12, मूल्य 2/-

वर्ष : 11, अंक : 84



राष्ट्र, राष्ट्रहित और राष्ट्रवाद को सदैव समर्पित : देश से बढ़ कर कुछ भी नहीं !

# दूसरा चरणः करीब 64 प्रतिशत मतदान



## 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग खत्मः त्रिपुरा-मणिपुर में 75% से ज्यादा मतदान; जयराम रमेश का आरोप- मणिपुर के बूथ में लोकतंत्र हाईजैक


| राज्य | मतदान प्रतिशत |
|---|---|
| असम | 70.66% |
| बिहार | 53.03% |
| छत्तीसगढ़ | 72.13% |
| जम्मू-कश्मीर | 67.22% |
| कर्नाटक | 63.90% |
| केरल | 63.97% |
| मध्य प्रदेश | 54.42% |
| महाराष्ट्र | 53.51% |
| मणिपुर | 76.06% |
| राजस्थान | 59.19% |
| त्रिपुरा | 76.23% |
| उत्तर प्रदेश | 52.64 |
| पश्चिम बंगाल | 71.84% |
| औसत | 64.21% |

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण में शुक्रवार को शाम पांच बजे तक 60.7 प्रतिशत औसत मतदान हुआ है। इस चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान कराया गया। शाम पांच बजे तक असम में 70.66 प्रतिशत, बिहार में 53.03 प्रतिशत, छत्तीसगढ़ में 72.13 प्रतिशत, जम्मू और कश्मीर में 67.22 प्रतिशत, कर्नाटक में 63.90 प्रतिशत, केरल में 63.97 प्रतिशत, मध्य प्रदेश में 54.83 प्रतिशत, महाराष्ट्र में 53.51 प्रतिशत, मणिपुर में 76.06 प्रतिशत, राजस्थान में 59.19 प्रतिशत, त्रिपुरा में 77.53 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 52.74 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल में 71.84 प्रतिशत मतदान हुआ है। इसके अलावा राजस्थान की बागीदौरा सीट पर 73.25 प्रतिशत मतदान हुआ है। इस चरण में असम की पांच करीमगंज, सिलचर, मंगलदै, नवगोंग और कलियाबोर; बिहार की पांच किशनगंज, कटिहार, पूर्णिया, भागलपुर और बांका; छत्तीसगढ़ की तीन राजनांदगांव, महासमुंद और कांकेर; जम्मू-कश्मीर की एक जम्मू; कर्नाटक की 14 उडुपी चिकमंगलूर, हासन, दक्षिण कन्नड़, चित्रदुर्ग, तुमकुर, मांड्या, मैसूर, चामराजनगर, बेंगलुरु ग्रामीण, बेंगलुरु उत्तर, बेंगलुरु सेंट्रल, बेंगलुरु दक्षिण, चिकबल्लापुर और कोलार सीट पर मतदान हो रहा है। केरल की 20 कासरगोड, कन्नूर, वटकारा, वायनाड, कोझिकोड, मलप्पुरम, पोन्नानी, पलक्कड़, अलाथुर, त्रिशूर, चलाकुडी, एर्नाकुलम, इडुक्की, कोट्टायम, अलाप्पुझा, मावेलिककारा, पथानामथिट्टा, कोल्लम, अटिंगल और तिरुवनंतपुरम; मध्य प्रदेश की 7 टीकमगढ़, दमोह, खजुराहो, सतना, रीवा और होशंगाबाद; महाराष्ट्र की 8 बुलढाणा, अकोला, अमरावती (एससी), वर्धा, यवतमाल-वाशिम, हिंगोली, नांदेड़ और परभणी; राजस्थान की 13 टोंक-सवाई माधोपुर, अजमेर, पाली, जोधपुर, बाड़मेर, जालौर, उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, भीलवाड़ा, कोटा और झालावाड़-बारां सीट पर भी मतदान हो रहा है। त्रिपुरा की एक त्रिपुरा पूर्व ; उत्तर प्रदेश की अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, अलीगढ़, मथुरा, बुलन्दशहर; पश्चिम बंगाल की दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट सीट पर भी इसी चरण में मतदान हो रहा है।

# महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति, इस पर पति का भी अधिकार नहीं

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली



देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के बीच कुछ शब्द बार-बार सुनाई पड़ रहे हैं, इसमें मंगलसूत्र और स्त्रीधन आम हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रीधन को लेकर अहम फैसले में कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। इस पूर्ण संपत्ति को अपनी मर्जी से खर्च करने का महिला को पूरा अधिकार है। इस स्त्री धन में पति कभी भी हिस्सेदार नहीं हो सकता, लेकिन संकट के समय पत्नी की रजामंदी से इसका इस्तेमाल कर सकता है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्त्रीधन को लेकर दायर वैवाहिक विवाद पर सुनवाई कर कहा था कि महिला को अपने स्त्रीधन पर पूरा अधिकार है, इसमें शादी से पहले, शादी के दौरान या बाद में मिलीं हुईं सभी चीजें शामिल हैं, जैसे कि माता-पिता, ससुराल वालों, रिश्तेदारों और दोस्तों से मिले गिफ्ट, धन, गहने, जमीन और बर्तन आदि शामिल है। ये समझना जरूरी होता है कि आखिर स्त्रीधन क्या है। इसके दायरे में क्या-क्या आता है? दरअसल स्त्रीधन एक कानूनी टर्म है, जिसका जिक्र हिंदू धर्म में देखने को मिलता है। स्त्रीधन का अर्थ है महिला के हक का धन, संपत्ति, कागजात और अन्य वस्तुएं। एक आम धारणा ये है कि महिलाओं को शादी के दौरान जो चीजें उपहार स्वरूप मिलती हैं, उन्हें ही स्त्रीधन माना जाता है। लेकिन ऐसा नहीं है। स्त्रीधन में किसी महिला को बचपन से लेकर भी जो चीजें मिलती हैं, वह भी स्त्रीधन के दायरे में आती हैं। इसमें नकदी से लेकर सोना, हर तरह के तोहफे, संपत्तियां और बचत भी शामिल हैं। आसान शब्दों में शादी के दौरान या शादी के बाद मिले इस तरह के उपहारों को ही स्त्रीधन माना जाए। स्त्रीधन पर अविवाहित स्त्री का भी कानूनी अधिकार है। इसमें वे सारी चीजें आती हैं, जो किसी महिला को बचपन से लेकर मिलती रही है। इसमें छोटे-मोटे तोहफे, सोना, कैश, सेविंग्स से लेकर तोहफे में मिली प्रॉपर्टी भी आती है।

**किस कानून के तहत है स्त्रीधन का अधिकार?** : हिंदू महिला का स्त्रीधन का हक हिंदू उत्तराधिकार अधिनियम, 1956 की धारा 14 और हिंदू विवाह अधिनियम, 1955 की धारा 27 के तहत आता है। यह कानून शादी से पहले, शादी के समय या शादी के बाद महिला को स्त्रीधन अपने पास रखने का पूरा हक देता है। महिला चाहे तब स्त्रीधन को अपनी मर्जी से किसी को दे सकती है या बेच सकती है। इसके साथ ही घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 की धारा 12 भी महिलाओं को इसतरह के मामलों में स्त्रीधन का अधिकार देती है, जहां वे घरेलू हिंसा का शिकार होती हैं। वे इन कानूनों की मदद से अपना हक वापस ले सकती हैं। लेकिन कई मामले होते हैं, जहां मंगलसूत्र को छोड़कर ज्यादातर स्त्रीधन महिला के ससुरालवाले रख लेते हैं, ये कहकर कि वे संभालकर रखने वाले हैं। ऐसी स्थिति में कानून उन्हें स्त्रीधन का ट्रस्टी मानता है। जब भी महिला उन चीजों को मांगती है, तब महिला को देने से मना नहीं किया जा सकता। स्त्रीधन और दहेज दो अलग-अलग चीजें हैं। दहेज मांगस्वरूप दिया या लिया जाता है जबकि स्त्रीधन में प्रेमस्वरूप चीजें महिला को दी जाती हैं। अगर स्त्रीधन को ससुराल पक्ष ने जबरन अपने कब्जे में रखा है, तब महिला इसके लिए दावा कर सकती है। अगर पति के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का केस लगा है, तब उसके साथ में स्त्रीधन को लेकर अलग से केस दर्ज कराया जा सकता है।

## ख़ास ख़बर

### सुप्रीम कोर्ट का सुप्रीम फैसलाः पर्ची मिलान वाली सभी याचिकाएं खारिज



**नई दिल्ली**। वीवीपैट ईवीएम के साथ वीवीपैट का इस्तेमाल करके डाले गए वोटों के पूर्ण क्रास-सत्यापन की मांग करने वाली याचिकाओं को आज सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज कर दिया गया है। एसोसिएशन फार डेमोक्रेटिक रिफार्मस (एडीआर) संस्था और कुछ अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान की मांग की थी। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की पीठ ने इस संबंध में दायर कई जनहित याचिकाओं पर अपना फैसला सुनाया है। एसोसिएशन फार डेमेक्रेटिक रिफार्मस (एडीआर) संस्था और कुछ अन्य ने सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दाखिल कर वीवीपैट पर्चियों का ईवीएम से 100 प्रतिशत मिलान की मांग की थी। चुनाव आयोग ने पीठ के समक्ष कहा था कि ईवीएम और वीवीपैट में किसी तरह की छेड़छाड़ संभव नहीं है। आयोग ने मशीनों की सुरक्षा, उन्हें सील करने और उनकी प्रोग्रामिंग के बारे में भी शीर्ष कोर्ट को अवगत कराया था।

### फिर मुसीबत में ट्रंप, पोर्ट स्टार को पैसा देने के मामले की सुनवाई शुरु



**न्यूयार्क**। अमेरिका में चुनाव चल रहे हैं और देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मुसीबतें भी उन्ही के साथ चल रहीं हैं। पॉर्न स्टार को धन देने के मामले की सुनवाई में शामिल होने के लिए वह न्यूयार्क में हैं। ट्रंप कहा कहना है कि आज एक बड़ा मामला सुनवाई के लिए था, लेकिन न्यायाधीश ने मुझे जाने के लिए छूट नहीं दी। उनके अनुरोध को न्यूयार्क के राज्य सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अस्वीकार कर दिया। वह गुप्त धन मामले की सुनवाई कर रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट वाशिंगटन में इस बात पर बहस सुन रहा है कि राष्ट्रपति के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए उन्हें अभियोजन से छूट दी जानी चाहिए या नहीं। उन्होंने उस दिन के लिए अपने आपराधिक मुकदमे की सुनवाई से बाहर रहने के लिए अपील की थी, ताकि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई में शामिल हो सकें, लेकिन उन्हें अनुमति नहीं मिली।न्यायाधीश मर्चन ने ट्रंप के वकील टाड ब्लैंच से पिछले हफ्ते कहा था कि अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के सामने बहस करना बड़ी बात है। मैं निश्चित रूप से इसकी सराहना कर सकता हूं कि आपका मुवक्किल वहां क्यों रहना चाहेगा, लेकिन न्यूयार्क राज्य के सुप्रीम कोर्ट में मुकदमा भी बड़ी बात है।दोनों ही मामलों से ट्रंप खुद को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि वह चुनावी दौड़ में एक बार फिर से मजबूती से सामने हैं, लेकिन देश के सुप्रीम कोर्ट के सामने आए मामले के नतीजे भविष्य के राष्ट्रपतियों पर भी प्रभाव डालेंगे।

# कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है : पीएम मोदी



राष्ट्रीय मुख्यधारा। अररिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अररिया जिले के फारबिसगंज में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शुरू से ही मुस्लिम तुष्टिकरण के तहत काम किया है। कांग्रेस का मैनिफेस्टो पर मुस्लिम लीग का छाप है। पीएम ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डा.मनमोहन सिंह ने देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों के हक की बात कही थी।जिसका वीडियो अभी भी है।जबकि एनडीए मानती है देश के संसाधन और संपत्ति पर पहला हक गरीबों का है।गरीब मजदूरों,किसानों,छात्र,युवा और मां बहनों का है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस संपत्ति,जमीन,यज्ञ तक की घर में रखे गहने और वह भी सुहागिन मां बहनों का मंगलसूत्र तक छीनने की कवायद में है।उन्होंने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी परिवार के मुखिया सदस्य के गुजर जाने के बाद अपनी संपत्ति बेटे बेटियों को नहीं दे पायेंगे।कांग्रेस वैसी संपत्ति पर 55 फीसदी टैक्स लगाने वाले हैं।उन्होंने नारा देते हुए कहा कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी,जिंदगी के बाद भी। इससे पहले पांचवीं बार फारबिसगंज आने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संबोधन की शुरुआत स्थानीय भाषा में कहा कि अररिया के ई पावन धरती मा अहां सब कै प्रणाम करै छी से की।जिस पर मौजूद भीड़ ने जमकर तालियां बजाईं।आंचलिक साहित्यकार फणीश्वरनाथ रेणु को याद करते हुए उन्होंने कहा कि अररिया और सुपौल की इस भूमि से उनका विशेष लगाव है। उन्होंने भीड़ को संबोधित करते हुए कहा कि देश का आशीर्वाद मिला तो अपने तीसरे कार्यकाल में कर्ज उतारने के लिए और ज्यादा मेहनत करूंगा।तीसरे कार्यकाल में देशहित में और ज्यादा बड़ा फैसला लेने वाला हूं।उन्होंने गर्मी और विपरीत परिस्थिति के बावजूद मतदाताओं खासकर युवा मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान केंद्र पर पहुंचकर एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान करने की अपील की।

### कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भीः नरेन्द्र मोदी

**फारबिसगंज/अररिया**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को फारबिसगंज में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि इस देश के संसाधनों पर यदि पहला हक किसी का है तो वह देश के गरीबों, मजदूरों, किसानों और माताओं-बहनों का। चाहे वह किसी भी जाति-धर्म का हो। यदि वह गरीब है तो देश के संसाधनों पर पहला हक उसका है। प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश के हिन्दुओं के साथ भेदभाव किया। कांग्रेस के घोषणा पत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। यह लोग संविधान बदलना चाहते हैं। राजद और कांग्रेस का कहना है कि देश के संसाधनों पर पहला हक उनके वोट बैंक के खास लोगों का है। कांग्रेस आपके मंगलसूत्र का एक्स-रे और गहने का हिसाब-किताब करने की बात करती है। आपकी बची हुई संपत्ति को छीनकर अपने वोट बैंक को देने की कोशिश कर रही है। मोदी ने कहा कि आप चाहते हैं कि आपके जाने के बाद आपकी संपत्ति आपके बच्चों के काम आए लेकिन आईएनडीआई गठबंधन वाले कहते हैं कि आपके गुजर जाने के बाद आपकी संपत्ति पर 55 प्रतिशत टैक्स लगाएगी। इसलिए पूरा देश कह रहा है कि कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। प्रधानमंत्री ने कहा कि साथियों, आप आईएनडीआई गठबंधन को रोक सकते हैं। इसलिए सात मई को कमल के फूल और तीर चुनाव चिन्ह पर भारी मतदान होना चाहिए। उन्होंने अररिया से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप सिंह और सुपौल से जदयू के प्रत्याशी दिलेश्वर कामत के लिए वोट मांगे।

# आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस नीति अपनाने का आह्वान

- रक्षा मंत्रियों की बैठक में 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' का समर्थन
- एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली



रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने कजाकिस्तान में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में आतंकवाद के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया है। अस्ताना में शुक्रवार को बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एससीओ के रक्षा मंत्रियों ने अन्य पहलों के अलावा 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' के विचार को विकसित करने पर सहमति जताई, जो 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन भारतीय दर्शन का परिचायक है। बैठक में रक्षा सचिव ने एससीओ क्षेत्र में शांति, स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने एससीओ सदस्य देशों की समृद्धि और विकास के लिए आतंकवाद के सभी रूपों के प्रति जीरो-टॉलरेंस दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के भारत के लंबे समय से चले आ रहे प्रस्ताव का उल्लेख किया। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर प्रकाश डालते हुए गिरिधर अरमाने ने संयुक्त राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर व्यापक सम्मेलन के लिए भारत के दबाव पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत एससीओ क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए दृढ़ है। अस्ताना में एससीओ रक्षा मंत्रियों की बैठक में रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में भारत के सागर- 'सभी के लिए सुरक्षा और विकास' के दृष्टिकोण को रेखांकित किया। रक्षा सचिव रक्षा मंत्रियों के साथ पौधरोपण समारोह में शामिल हुए, जो पर्यावरणीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके अतिरिक्त बैठक के दौरान सभी एससीओ सदस्य देशों के रक्षा मंत्रियों ने एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किए। बैठक के बाद एक साझा बयान में भारत के 'वसुधैव कुटुंबकम' के प्राचीन दर्शन को प्रतिबिंबित करते हुए 'एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य' के विकास सहित प्रमुख समझौतों पर प्रकाश डाला गया।

### एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को और भी निराश करने वालाः नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली**। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के लिए दूसरे चरण के मतदान प्रतिशत पर प्रसन्नता व्यक्त की। मोदी ने कहा कि एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को और भी निराश करने वाला है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान हुआ। चुनाव आयोग के अनुसार शाम 05 बजे तक करीब 60.7 प्रतिशत मतदान हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पोस्ट में कहा, "चरण दो बहुत अच्छा रहा! भारत भर के लोगों का आभार जिन्होंने आज मतदान किया। एनडीए को मिल रहा अद्वितीय समर्थन विपक्ष को और भी निराश करने वाला है। मतदाता एनडीए का सुशासन चाहते हैं। युवा और महिला मतदाता एनडीए को मजबूत समर्थन दे रहे हैं।

# रायबरेली पर टिकीं सभी की नजरें, प्रियंका और वरुण हो सकते हैं आमने सामने

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली



उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट को लेकर भाजपा और कांग्रेस दोनों ही भ्रम की स्थिति में हैं। यह सीट जीतने के दावे दोनों तरफ से हो रहे हैं। कांग्रेस कहती हैं कि हमारी सुरक्षित सीट है तो भाजपा का दावा है कि कांग्रेस को मतदाताओं ने पूरी तरह नकार दिया है और रायबरेली भी अब कांग्रेस के हाथ में आने वाली नहीं है। जबकि हकीकत ये है कि दोनों ही दल इस सीट को लेकर इतने भ्रम में हैं कि यहां अपने उम्मीदवार अभी तक तय नहीं कर पाए। लेकिन भीतरखाने से जो खबरें आ रहीं हैं उसमें यह माना जा रहा है कि कांग्रेस की तरफ से प्रियंका गांधी और भाजपा की ओर से वरुण गांधी मैदान में उतरेंगे। वरुण गांधी और प्रियंका गांधी चचेरे भाई-बहन हैं। वरुण पीलीभीत से बीजेपी सांसद हैं, जबकि प्रियंका ने अब तक कोई भी चुनाव नहीं लड़ा है। इस बार उनके रायबरेली से लड़ने की पूरी उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि इन अटकलों के बीच बीजेपी ने प्रियंका के खिलाफ लड़ने के लिए वरुण गांधी से संपर्क किया था।

# सुप्रीम कोर्ट का निर्णय ऐतिहासिकः अर्जुन मेघवाल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। नई दिल्ली



केन्द्रीय मंत्री और भाजपा नेता अर्जुन राम मेघवाल ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ईवीएम और वीवीपीएटी को लेकर दिए गए निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। शुक्रवार को केंद्रीय कार्यालय में प्रेस वार्ता में विपक्षी दलों को आड़े हाथों लेते हुए मेघवाल ने कहा कि जब कांग्रेस और इंडी गठबंधन की पार्टियां चुनाव जीतती हैं तो ईवीएम अच्छी हो जाती है। जैसे ही भारतीय जनता पार्टी को जनता अपना आशीर्वाद देती है तो ईवीएम पर निराधार आरोप लगने लगते हैं। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों को देश की संस्थाओं पर विश्वास नहीं है। उन्होंने कहा कि हम संविधान लागू होने के 75 वर्ष पूर्ण होने पर उसके सम्मान में 'हमारा संविधान, हमारा सम्मान' कार्यक्रम पूरे देश में मना रहे हैं। जो सरकार संविधान को पूजती है, उसके बारे में कांग्रेस और इंडी अलायंस के नेता जनता को भ्रमित करने में लगे हुए हैं। जिस प्रधानमंत्री ने मुख्यमंत्री रहते हुए हाथी पर रखकर संविधान की शोभायात्रा निकाली, 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद बाबा साहेब के सम्मान में संविधान दिवस मनाना शुरू किया, उसके बारे में ये कांग्रेसी भ्रम फैलाते रहे हैं कि वे संविधान समाप्त कर देंगे। अर्जुन मेघवाल ने कहा कि वोट बैंक और तुष्टीकरण की राजनीति में डूबी कांग्रेस बाबा साहेब और संविधान का अपमान करके धर्म के आधार पर, एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन करके मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहती है।

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले को भाजपा ने बताया लोकतंत्र की जीत

**नई दिल्ली**। ईवीएम-वीवीपीएटी सत्यापन के लिए शत प्रतिशत पर्ची मिलान की याचिका सुप्रीम कोर्ट द्वारा खारिज किए जाने को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने लोकतंत्र की जीत बताया है। शुक्रवार को शीर्ष कोर्ट के फैसले पर पार्टी का पक्ष रखते हुए भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि आज लोकतंत्र के लिए बड़ा दिन है, आज लोकतंत्र की जीत हुई है। आज बाबासाहेब अंबेडकर, संविधान, ईसीआई और लोकतंत्र की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन जो ईवीएम के खिलाफ अफवाहें और निराधार दावे फैला रहे थे, उनकी हार हुई है। उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए।



## संक्षिप्त समाचार

### झारखंड हाई कोर्ट ने पूर्व डीसी छवि रंजन की याचिका पर जवाब के लिए ईडी को एक हफ्ते का दिया समय




**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद-बिक्री मामले में रांची के पूर्व उपायुक्त छवि रंजन की क्रिमिनल रिट की सुनवाई शुक्रवार को हुई। छवि रंजन की ओर से सेना के कब्जे वाली जमीन से संबंधित ईडी के अनुसंधान के क्रम में आए वैसे दस्तावेज की मांग की गई है, जिसे ईडी ने कोर्ट में प्रस्तुत नहीं किया है। इन दस्तावेजों को ईडी ने कोर्ट के रिकॉर्ड में नहीं लाया गया है। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिय। सेना के कब्जे वाली जमीन मामले में ईडी ने छवि रंजन एवं अन्य के खिलाफ ईसीआईआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें छवि रंजन, अमित कुमार अग्रवाल सहित 10 आरोपितों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। इस मामले में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन और बड़गाई के राजस्व कर्मचारी सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर 13 अप्रैल, 2023 को ईडी ने छापेमारी की थी। इस दौरान बड़ी संख्या में जमीन के फर्जी डीड, मुहर एवं अन्य कागजात ईडी को मिले थे। इसके बाद 14 अप्रैल, 2023 को ईडी ने सात आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इन पर जमीन के दस्तावेज में छेड़छाड़ करने का आरोप था। बाद में रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को इस मामले में संलिप्तता के आधार पर 04 मई, 2023 को गिरफ्तार किया गया था। मामले की अगली सुनवाई तीन मई को होगी।

### झारखंड हाई कोर्ट ने गिरिडीह जिला स्कूल के 52 छात्रों को इंटर की कम्पार्टमेंटल परीक्षा में शामिल करने का दिया निर्देश



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने जैक को निर्देश दिया कि इस वर्ष एडमिट कार्ड नहीं मिलने पर इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाए गिरिडीह जिला स्कूल के 52 छात्रों को इंटरमीडिएट की कम्पार्टमेंटल परीक्षा में शामिल कराया जाए। साथ ही इनके रिजल्ट पर कम्पार्टमेंटल परीक्षा नहीं लिखा रहेगा। इन 52 छात्रों के लिए यह मुख्य परीक्षा होगी। कोर्ट ने शुक्रवार को सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता उपेंद्र राणा की ओर से बताया गया कि इस वर्ष की इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए उनके बच्चे को एडमिट कार्ड जैक से नहीं दिया गया जबकि परीक्षा शुल्क स्कूल में जमा कराया गया था। परीक्षा शुल्क की राशि तकनीकी कारणों से जैक को प्राप्त नहीं हो सकी थी, जिस कारण उनके बच्चे का एडमिट कार्ड नहीं आ पाया था और वह इंटरमीडिएट की परीक्षा नहीं दे पाया। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह बात आई की गिरिडीह जिला स्कूल के इंटरमीडिएट की परीक्षा देने वाले 52 छात्रों के साथ ऐसा ही हुआ है। तकनीकी कारणों से स्कूल से उनका परीक्षा शुल्क जैक को प्राप्त नहीं हो सका था, जिससे जैक ने उनका एडमिट कार्ड नहीं भेजा था। इस कारण वे इंटरमीडिएट की परीक्षा से वंचित रह गए। इसके बाद कोर्ट ने सभी 52 छात्रों को कम्पार्टमेंटल परीक्षा में शामिल करने का निर्देश जैक को दिया।

### गांडेय उपचुनाव की अधिसूचना जारी, 20 मई को मतदान





**रांची।** चुनाव आयोग ने गांडेय विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 26 अप्रैल को अधिसूचना जारी कर दी है। तीन मई नाम निर्देशन करने की अंतिम तारीख है। नाम निर्देशन की संवीक्षा की तारीख चार मई और नाम वापसी की अंतिम तारीख छह मई है। मतदान 20 मई को होगा। चुनाव सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। झारखंड विधानसभा की गांडेय सीट से निर्वाचित विधायक डॉ. सरफराज अहमद के त्यागपत्र के बाद 31 दिसंबर, 2023 से यह सीट रिक्त है। अब निर्वाचन आयोग के प्रधान सचिव अरविंद आनंद के हस्ताक्षर से निर्वाचन की अधिसूचना जारी कर दी गयी है।

### पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित 25 आरोपित साक्ष्य के अभाव में बरी



**रांची।** चतरा के टंडवा में भूमि अधिग्रहण के खिलाफ आंदोलन करने के मामले में पूर्व मंत्री योगेंद्र साव सहित 25 आरोपित को अपर न्यायायुक्त विशाल श्रीवास्तव की कोर्ट ने शुक्रवार को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। मामले में सीसीएल के आम्रपाली कोल परियोजना के विस्थापितों ने आंदोलन किया था । आंदोलन के नेतृत्व पूर्व मंत्री योगेंद्र साव ने किया था। आंदोलन के दौरान पुलिस और आंदोलनकारियों के बीच कई बार टकराव और झड़प हुई थी। मामले को लेकर सरकारी काम में बाधा डालने, रंगदारी मांगने, सरकारी संपत्ति का नुकसान पहुंचाने सहित अन्य आरोप लगाकर दो प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। कांड संख्या 90/2015 और 91/2015 के तहत टंडवा थाना में यह प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने एक भी गवाह पेश नहीं हुआ था। आरोपितों ने तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर सरकार पर दुर्भावना से ग्रसित होकर प्राथमिकी दर्ज करने का आरोप लगाया था।मामले के अनुसंधानकर्ता दो दरोगा गौरी शंकर तिवारी और सत्येन्द्र कुमार सिंह पर भी साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगाकर प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। इसकी जांच के आदेश सीआईडी के तत्कालीन एडीजी अनिल पालटा ने दिया था।

### एयरपोर्ट रोड पर चलती कार में लगी आग , चालक घायल



**रांची।** एयरपोर्ट थाना क्षेत्र के हेथू जाने वाली सड़क पर अचानक चलती कार में शुक्रवार को आग लग गयी। घटना में कार चला रहा युवक बुरी तरह घायल हो गया है। आनन फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार चलती कार में अचानक आग लगने से कार चला रहा युवक घबरा गया और उसने कार को सड़क के किनारे खड़ा करने की कोशिश की लेकिन तेज रफ्तार के कारण कार सड़क के किनारे गड्ढे में जा गिरी। घटना में कार चला रहा युवक किसी तरह जलती हुई कार से बाहर निकला। हालांकि इस दौरान चालक बुरी तरह घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही एयरपोर्ट थाना प्रभारी कश्यप गौतम मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड के दो वाहन पहुंचे और कुछ देर तक मशक्कत करने के बाद बाद आग पर काबू पा लिया। बताया जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट की वजह से कार में आग लगी है। आसपास के लोगों ने कार में आग लगी देखी तो सबसे पहले वहां पहुंचे और घायल कार चालक को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस पूरे मामले की जांच की जा रही है।

### पत्नी की हत्या के मामले में पति दोषी करार, सजा पर सुनवाई 30 को

**रांची।** अपर न्यायायुक्त एमसी झा की कोर्ट ने शुक्रवार को प्रेम प्रसंग में रुकावट बन रही पत्नी की हत्या करने के आरोपित पति ललित सिंह पूर्ति को दोषी ठहराया है। कोर्ट आरोपित ललित की सजा के बिंदु पर 30 अप्रैल को सुनवाई करेगी। हत्या की यह घटना गोंदा थाना क्षेत्र की हौ। पति का किसी महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। इसको लेकर पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद होता था। सात मार्च, 2019 को दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि पति ने पत्नी के सिर पर गैस सिलेंडर से मारकर उसकी हत्या कर दी। मामले को लेकर गोंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। गिरफ्तारी के बाद से आरोपित जेल में बंद है। मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने सात गवाह पेश किए जबकि बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किए गए।

# गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर काम कर रहा गैंग्स ऑफ छोटानागपुर : प्रतुल शाहदेव

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची




भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। प्रतुल ने आरोप लगाया की गैंग्स ऑफ वासेपुर की तर्ज पर गैंग्स ऑफ छोटानागपुर काम कर रहा है, जो पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झामुमो के कई अन्य बड़े नेताओं को जमीन कब्जा करने के लिए कागजात बनाने में मदद करता था। प्रतुल शाहदेव शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। प्रतुल ने कहा कि लव जिहाद को सरकार ने पूरे तरीके से नजरअंदाज करके रखा था। अब लैंड जिहाद भी इस सरकार में शुरू हो गया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की कब्जे वाली 8.86 एकड़ की बेनामी जमीन पर कब्जे में जिन लोगों पर कागजात के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा उनमें इरशाद, अफसर अली, इम्तियाज, सद्दाम, ताल्हा और फैयाज प्रमुख हैं। प्रतुल ने जानना चाहा कि क्या यह बात सही है कि रात के 8:00 बजे के बाद इस गैंग्स ऑफ वासेपुर के सदस्यों को मुख्यमंत्री आवास में एंट्री करने की खुली छूट थी और उसे समय सीसीटीवी भी ऑफ कर दिया जाता था? प्रतुल ने एजेंसियों से आग्रह किया कि उस समय के सुरक्षा पदाधिकारी से बुलाकर इस मुद्दे पर जानकारी ली जाए। क्योंकि, अब तक तो सीसीटीवी फुटेज इन लोगों ने नष्ट कर दिया होगा। उन्होंने कहा कि लैंड जिहादी गैंग ने जगन्नाथपुर के कचनार टोली की बेशकीमती जमीन पर कब्जा कर लिया। इसमें भी गठबंधन से जुड़े जाकिर का नाम आया। जाकिर के साथ मुबारक खान, शमीम खान, इकबाल, नासिर इकराम, अब्दुल, सलीम, राशिद, हुसैन, मंजूर और अनवर को भी अभियुक्त बनाया गया है। प्रतुल ने कहा कि जिस तरीके से हेमंत सोरेन पार्ट वन ऑफ पार्ट 2 में सेना और सरकार की जमीन पर कब्जा करने की कोशिश हो रही है वह साफ दिख रहा है कि इनको कहीं ना कहीं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। साथ ही कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कार्यकाल में सिर्फ जमीन पर डकैती नहीं हुई, बल्कि युवाओं के रोजगार पर भी डाला गया, जो आगे विनोद और हेमंत सोरेन के बीच व्हाट्सएप चैट से स्पष्ट है। यह ईडी के चार्जशीट का भी हिस्सा है। 25-25 लाख में युवाओं के सपनों को बेचने का कार्य हुआ।

## रांची में जल संकट से बचने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जन जागरुकता अभियान चलाने की तैयारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राजधानी रांची में भीषण जल संकट से बचने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। नगर विकास विभाग ने रांची नगर निगम को जन जागरुकता अभियान चलाकर वर्षा जल संचयन और संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) कराने का निर्देश दिया है। अभी जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बना है उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग आवश्यक है। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करायें हैं जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं। नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79772 आवास हैं। इसमें 52668 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है। 27104 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे कराकर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिकों को जुर्माना स्वरूप डेढ़ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड़ रहा है। रांची नगर निगम रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार-प्रसार




अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने, शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पम्फलेट का वितरण कराने के साथ शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा एनजीओ को भी जनजागरण अभियान चलाने के लिए घर-घर जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लाभ को बताने के लिए लगाया गया है। रांची नगर निगम ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग का काम करने वाली तीन एजेंसियों को कार्य आवंटित किया है। एक आवास में रेनवाटर कार्य पर लगभग 40 हजार रुपये खर्च आता है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग कराकर जीवनभर के जल संकट से बचा जा सकता है। अधिक भूगर्भ जल दोहन से बोरिंग फेल हो रहे है। कुंए सूख रहे हैं। पौध रोपण नहीं होने से वर्षा कम हो रही है, जिसका प्रतिफल यह है कि नदी, नहर, तालाब, आहर पोखर बंजर भूमि के रूप में तब्दील हो रहे हैं।

## झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू समर्थकों के साथ कांग्रेस में हुए शामिल



राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

प्रदेश कांग्रेस के तत्वाधान में शुक्रवार को मिलन समारोह का आयोजन कांग्रेस भवन रांची में किया गया। मिलन समारोह में झारखंड वैश्य मोर्चा के अध्यक्ष महेश्वर साहू ने सैकड़ो समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने माला पहनाकर महेश्वर साहू और उनके समर्थकों को कांग्रेस के सदस्यता दिलाई। मौके पर राजेश ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा से प्रभावित होकर और देश के वर्तमान माहौल को देखते हुए महेश्वर साहू ने अपने लोगों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की है। देश के वर्तमान हालात में अच्छे भविष्य के लिए राहुल एक उम्मीद की किरण के रूप में देशवासियों को नजर आ रहे हैं। महेश्वर साहू लगातार अपने समाज की बातों को उठाते रहे हैं और अपने समाज के हित के लिए मांगों को मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। राहुल गांधी ने भी पूरे देश की जनता के सामने कांग्रेस का स्पष्ट नजरिया मेनिफेस्टो के माध्यम से भी रख दिया है कि जिसकी जितनी भागीदारी उसकी उतनी हिस्सेदारी, जब से कांग्रेस ने जनता के सामने महंगाई, बेरोजगारी,जातिगत जनगणना, पांच न्याय 25 गारंटी को जनता के सामने पूरे रोड मैप के साथ पेश किया है तब से भाजपा की आंखों से नींद उड़ गई है।

# रांची लोस सीट से बेटी को टिकट दिलाकर चौतरफा घिरे कांग्रेस नेता सुबोधकांत सहाय

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

झारखंड की हॉट सीट माने जाने वाली राजधानी रांची लोकसभा सीट कांग्रेस के लिए जी का जंजाल साबित हो रही है। इस सीट से कई बार उम्मीदवार रहे कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय की कार्यशैली पर पार्टी के लोग ही सवाल उठा रहे हैं। इस सीट से वे बेटी को टिकट दिलाकर चौतरफा घिर गए हैं। राजनीतिक गलियारों में अंदर और बाहर यह चर्चा का विषय बना है कि सुबोधकांत सहाय नहीं चाहते हैं कि रांची लोस सीट पर उनके जाने के बाद इनके परिवार के अलावा कोई दूसरा आए। इसलिए राजनीतिक ताकत के सहारे बिटिया यशस्विनी सहाय को रांची से टिकट दिला दिया। कई लोग इसे लेकर सोशल मीडिया में भी खुलकर बोल रहे हैं। कांग्रेस की महिला नेता और रांची नगर निगम की पूर्व मेयर रमा खलखो फेसबुक पर लिखती हैं कि



जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। यह बात कांग्रेस नेता राहुल गांधी हमेशा कह रहे हैं। रमा ने लिखा है कि झारखंड प्रदेश में टिकट बंटवारे में कांग्रेस पार्टी की काफी फजीहत हुई। किसी को टिकट देकर काट देना यह स्वस्थ परम्परा नहीं है। राजधानी रांची में इतनी देरी बाद सहाय परिवार को ही टिकट देना था तो सुबोधकांत सहाय को ही दे देते। पार्टी में युवा, महिला और अनुभवी उम्र वालों का रहना पार्टी के सेहत के लिए फायदेमंद साबित होता है। खैर आलाकमान ने मुहर



लगा दी है और यशस्विनी सहाय हम सबकी बिटिया रांची लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं। रमा खलखो के इस पोस्ट पर लोगों ने बहस छेड़ दी है। कांग्रेस नेता सागिर अंसारी कहते हैं कि कांग्रेस में टिकट चाहिए तो किसी सांसद-विधायक के परिवार से होना चाहिए। परिवारवाद जिंदाबाद। गोविंद टोप्पो कहते हैं कि झारखंड कांग्रेस कमेटी अब परिवारवाद की पार्टी बनकर रह गई है। यही कारण है युवा कांग्रेस से कनेक्ट नहीं हो पा रहे हैं। कांग्रेस को अब भगवान ही बचा सकता है। दूसरी ओर, रांची सीट से कांग्रेस से टिकट मिलने की उम्मीद में हाल ही में पार्टी में शामिल हुए रांची के पूर्व सांसद राम टहल चौधरी भी खासे नाराज हैं। राम टहल चौधरी दो बार रांची के विधायक और पांच बार सांसद रहे हैं। राम टहल कहते हैं कि टिकट की उम्मीद में ही कांग्रेस में शामिल हुआ था लेकिन उनके साथ छल हुआ है। कांग्रेस जीती हुई सीट हार गई है। कांग्रेस के लिए यह सही बात नहीं है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सुबोधकांत सहाय को रांची सीट से करारी हाल मिल चुकी है। इसके बाद उन्होंने भाई सुनील सहाय को 2012 में हटिया विधानसभा क्षेत्र से टिकट दिलाई थी लेकिन वे भी चुनाव हार गए थे। अब सुबोधकांत सहाय ने बेटी को रांची संसदीय सीट से टिकट दिला दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि रांची लोकसभा सीट पर कांग्रेस की नैया पार होती है या अंदरूनी कलह के चलते डूब जाती है।

## रांची में पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी सहित तीन गिरफ्तार, चोरी की बाइक बरामद

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची




राजधानी की मोराबादी टीओपी पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ मकान मालिक, किरायेदार और पूर्व पीएलएफआई उग्रवादी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में बरियातु थाना क्षेत्र के संजय सिंह, रातु थाना क्षेत्र के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वांसी और सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के मधुकम निवासी विक्की साव शामिल हैं। इनके पास से बाइक एमटी-15 (जेएच 01 ईएन 1539), बाइक (जेएच 01 एफएम 8265) पुलिस ने बरामद किया है। सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि एसएसपी के निर्देश पर मोरहाबादी मैदान के रजिस्ट्री ऑफिस के पास मोरहाबादी टीओपी पुलिस वाहन चेकिंग चला रही थी। इस दौरान बिना नंबर प्लेट की एक एमटी-15 को रोका गया। बाइक में लगा नंबर (जेएच 01डी 0270) स्पष्ट नहीं था। चेसिस नंबर से जांच करने पर पता चला कि इसका मूल रजिस्ट्रेशन (जेएच 01 ईएन 1539) है, जो चान्हो थाना क्षेत्र के पतरातु निवासी राहुल कुमार के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस ने बाइक के साथ पकड़े गये संजय सिंह से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसने यह बाइक मकान मालिक विक्की कुमार साव से खरीदी है। उसकी निशानदेही पर विक्की कुमार को पकड़ा गया। आरोपित विक्की ने एक और बाइक चोरी की बात स्वीकार की। विक्की की निशानदेही पर पूर्व के पीएलएफआई उग्रवादी विशाल स्वासी को पकड़ा गया। विशाल के पास से चोरी की बाईक (जेएच-01 एफएम 8265) बरामद हुई। बरामद बाइक कोतवाली थाना क्षेत्र के विष्णु साव की चोरी की बतायी जा रही है। गिरफ्तार विशाल के खिलाफ पूर्व से छह मामले दर्ज हैं।

## एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर मुस्लिमों को देना इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा : अमित मंडल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

भाजपा विधायक सह प्रदेश प्रवक्ता अमित मंडल ने कहा कि एससी, एसटी और ओबीसी का हक छीन कर अपने चहेतों को देना कांग्रेस और इंडी गठबंधन का हिडेन एजेंडा है। इंडी गठबंधन एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण का लाभ मुस्लिमों को देना चाहती है। कांग्रेस कहती है कि देश के संसाधनों पर पहला हक मुसलमानों का है जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि देश के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। कांग्रेस और भाजपा में यही बड़ा अंतर है। अमित मंडल शुक्रवार को मीडिया सेंटर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव से सबक साथ-सबका विकास की पक्षधर रही है जबकि कांग्रेस का इतिहास सदैव तुष्टिकरण की राजनीति से भरा रहा है। कांग्रेस को एससी, एसटी और ओबीसी से नफरत है और उनके घोषणापत्र में भी तुष्टीकरण स्पष्ट दिखाई दे रहा है। मंडल ने कहा कि 09 दिसंबर, 2006 को राष्ट्रीय विकास परिषद के 52वें बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा था कि हमें यह सुनिश्चित करने के लिए नवीन योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से साझा करने का अधिकार मिले। पहला दावा उनका होना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करने के लिए अभिनव योजनाएं बनानी होंगी कि अल्पसंख्यकों, विशेष रूप से मुस्लिम अल्पसंख्यकों को विकास के लाभों में समान रूप से हिस्सा लेने का अधिकार मिले। संसाधनों पर पहला अधिकार उनका होना चाहिए। मंडल ने कहा कि इससे एक खास वर्ग के प्रति कांग्रेस के अगाध प्रेम को समझा जा सकता है। मनमोहन सिंह ने यह बयान गलती से नहीं दिया था, बल्कि जानबूझ कर दिया था। क्योंकि 13 अप्रैल, 2009 को मनमोहन सिंह ने मुंबई में प्रेस कांफ्रेंस में एक प्रश्न का जवाब देते हुए फिर अपने बयान को सही ठहराया और कहा कि अल्पसंख्यकों का खासकर मुस्लिमों को प्राथमिकता मिलनी चाहिए जब बात देश के संसाधनों की आती है। मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने घोषणापत्र में कहा है कि देश में बहुसंख्यकवाद की कोई जगह नहीं है। मतलब उन्हें एससी, एसटी और ओबीसी से सख्त नफरत है। क्योंकि, देश में बहुसंख्यक आबादी इन्हीं गरीब लोगों की है। इन्हीं की साजिशों की वजह से जम्मू-कश्मीर में आजादी के 70 सालों तक एससी, एसटी, ओबीसी आरक्षण के साथ अन्य सामाजिक अधिकारों से वंचित थे। मंडल ने कहा कि कांग्रेस ने मेनिफेस्टो में कहा है कि जाति जनगणना को हम पूरे देश में इम्प्लिमेंट कर देश का एक्सरे करेंगे, फाइनेंशियल और इंस्टीट्यूशनल सर्वे करेंगे। ये पता लगाएंगे कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है, कौन से वर्ग के हाथ में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।

### हजारीबाग सीट से एक को पर्चा भरेंगे झापा उम्मीदवार




राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

हजारीबाग लोकसभा सीट से झारखंड पार्टी ( झापा ) उम्मीदवार राजकुमार कुशवाहा एक मई को नामांकन दाखिल करेंगे। शुक्रवार को मिली जानकारी के अनुसार नामांकन के दौरान झापा के अध्यक्ष एनोस एक्का, महासचिव अशोक भगत, उपाध्यक्ष ऐनुल हक अंसारी सहित पार्टी के कई लोग शामिल होंगे। नामांकन दाखिल करने से पूर्व कुशवाहा अपने निवास स्थान झुमरा तिलैया से पूजा-अर्चना कर निकलेंगे।

## रांची में आठ लाख रुपये के गांजा के साथ दो महिलाओं सहित चार गिरफ्तार

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची



राजधानी की लोअर बाजार थाना पुलिस ने कांटा टोली स्थित खादगढ़ा बस स्टैंड से दो महिलाओं सहित चार तस्करों को 43. 60 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद गांजा की कीमत आठ लाख 60 हजार आंकी गई है। गिरफ्तार तस्करों में उत्तर प्रदेश निवासी सुमित कुमार, पश्चिम बंगाल निवासी दीप राई, उत्तर प्रदेश निवासी अंजना सिंघल और दिल्ली निवासी सुषमा शामिल हैं। इनके पास से 43.60 किलो गांजा, चार मोबाइल, तीन आधार कार्ड, 1500 नकदी और धुर्वा से बनारस जाने का सामूहिक बस टिकट (रेखा बस) बरामद किया गया है।

सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जांच अभियान के दौरान बस स्टैंड परिसर खादगढ़ा से दो युवकों और दो महिलाओं को गांजा की अवैध तस्करी कर ओडिशा से बनारस ले जाने के दौरान पकड़ा गया। गुप्त सूचना के आधार पर सिटी डीएसपी रांची के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा यह कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों के पूर्व के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है।

## रांची में जल संकट से बचने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग जन जागरुकता अभियान चलाने की तैयारी

राष्ट्रीय मुख्यधारा। रांची

राजधानी रांची में भीषण जल संकट से बचने के लिए राज्य सरकार गंभीर है। नगर विकास विभाग ने रांची नगर निगम को जन जागरुकता अभियान चलाकर वर्षा जल संचयन और संरक्षण (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) कराने का निर्देश दिया है। अभी जो रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए नियम बना है उसके अनुसार 3000 स्क्वायर फीट से अधिक वाले आवासों के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग आवश्यक है। इस नियम के कारण लगभग 60 हजार आवास रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं करायें हैं जबकि यह सभी आवास पानी का उपयोग करते हैं। नियम के तहत रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सीमा में आने वाले 79772 आवास हैं। इसमें 52668 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगा हुआ है। 27104 आवासों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग नहीं है। इसके लिए रांची नगर निगम जल्द ही सर्वे कराकर इन आवासों को सिस्टम लगवाने का प्रयास करेगा। इन आवासों के मालिकों को जुर्माना स्वरूप डेढ़ गुना होल्डिंग टैक्स देना पड़ रहा है। रांची नगर निगम रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लिए फिलहाल प्रचार-प्रसार अभियान चला रहा है। इसके लिए लोगों को सूचना देने, शिक्षित करने और संचार की गतिविधियां भी चला रहा है। लगभग 15000 पम्फलेट का वितरण कराने के साथ शहर के 30 स्थलों पर रेन वाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित होर्डिंग भी लगाये जायेंगे। इसके अलावा एनजीओ को भी जनजागरण अभियान चलाने के लिए घर-घर जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग के लाभ को बताने के लिए लगाया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### डाड़ी कलां में जलमीनार बने, पाइप बिछी, लेकिन नहीं मिला पानी का एक बूंद

**जिस बोरिंग में पहले से पानी नहीं, उसी में लगा दी सोलर जलमीनार**



**बड़कागांव।** बड़कागांव के डाड़ी कलां में नल जल योजना अब भी अधूरी है। जलमीनार बन गए, सप्लाई पाइप बिछा दी गई, घरों में कनेक्शन जोड़कर नल तक लगा दिए गए पर उनसे एक बूंद पानी नहीं आया। बड़कागांव प्रखंड के डाड़ी कलां पंचायत के कुंवा टोला में 15वें वित्त आयोग के तहत सोलर जल मीनार एक ऐसे बोर में लगाया गया है जिसमें पूर्व से ही हैंडपंप खराब पड़ा हुआ था। ऐसे में उक्त खराब पड़े चापा नल को हटाकर सोलर चालित जलमीनार तो लग गई, लेकिन लोगों को इससे एक बूंद भी पानी नसीब नहीं हुआ। यहां के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों को पीने के पानी के लिए मशक्कत करना पड़ रहा है। लोगों ने बताया कि पंचायत क्षेत्र के वार्ड नंबर 6 में नदीम के घर के सामने 15वें वित्त से लगा जल मीनार कोई काम का नहीं है। जिससे स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय ग्रामीणो ने बताया कि यहाँ पानी की बहुत समस्या है। पहले इस बोरिंग में हैंड पंप लगा हुआ था जिससे पानी हमेशा आता था जो पिछले कुछ महीनों से खराब था लेकिन जबसे मुखिया फण्ड द्वारा इस जल मीनार को लगाया गया तब से एक बूंद भी पानी नसीब नही हो रहा है इससे अच्छा तो हैंड पंप ही था जब इसमें पानी ही नही था, वहां पर जल मीनार बनाने की क्या आवश्यकता थी। इस संबंध में बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। वहीं लाभुक समिति के अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि इस बोरवेल में पानी के लेयर नहीं है जिसके कारण जल मीनार से पानी की सप्लाई नहीं हो पा रही है। स्थानीय मुखिया इलियास अंसारी से फोन पर संपर्क करने पर उन्होंने ज्यादा कुछ बताना जरूरी नहीं समझा।

**तीन महीने पहले 15वें वित्त से मुखिया फण्ड से लगवाई थी जल मीनारः** लगभग तीन माह पूर्व 15वें वित्त से सोलर चालित जल मीनार डाड़ी कला पंचायत मुखिया फण्ड द्वारा लगवाया गया है ऐसे बोर में जल मीनार लगवाया गया है जो पूर्व से ही बंद पड़ा था। जल मीनार लगने के पश्चात एक बूंद भी पानी नहीं मिला इससे साफ प्रतीत होता है कि मनमानी किया गया है इसकी सही से जांच हो क्योंकि 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग किया गया है।

### मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एसडीएम ने स्वास्थ्य कर्मियों के संग की बैठक



**डुमरी।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के लिए 25 मई को होने वाले मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े लोगों की एक बैठक शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय सभागार में संपन्न हुई। बैठक में प्रखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित निजी अस्पतालों,नर्सिंग होम के संचालकों सहित कार्यरत कर्मियों तथा रेफरल अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति हुई। एसडीएम सह निर्वाची पदाधिकारी डुमरी विधानसभा क्षेत्र-33 मोहम्मद शहजाद परवेज ने उपस्थित सभी स्वास्थ्य कर्मियों को मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अस्पताल में आने वाले मरीजों को मतदान के लिए जागरूक करने एवं स्वयं भी मतदान अवश्य करने की अपील की।साथ ही नये मतदाताओं के नाम जोड़ने हेतु फार्म 6 भरकर अंचल कार्यालय या अपने बीएलओ के पास जमा करने को कहा।उन्होंने कहा कि जो भी इलाज हेतु अस्पताल आते हैं उनके पर्जी पर 25 मई मतदान दिवस का मुहर अवश्य लगा दें क्योंकि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी को अपनी भागीदारी निभानी है ताकि अधिक से अधिक मतदाता अपने मत का प्रयोग कर सके और एक योग्य सांसद चुनने में अपने कर्तव्य का निर्वहन बिना कोई प्रलोभन से कर सके।वहीं इस दौरान एसडीएम ने मतदान से संबंधित कई जानकारियां साझा करते हुए कहा कि कोई मतदाता अपने मत प्रयोग से वंचित नहीं रह जाये इसके लिए स्वीप लगातार जागरूकता कार्यक्रम चला रहा है पर आप सभी समाज के प्रबुद्ध जनों की भी भागीदारी होना अति आवश्यक है।

### व्यय प्रेक्षक पहुंचे गिरिडीह किया MCMC व मीडिया कोषांग समेत विभिन्न कोषांग का निरीक्षण



**गिरिडीह।** कोडरमा लोकसभा चुनाव एवं गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक शुक्रवार को गिरिडीह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने MCMC व मीडिया कोषांग के अलावे विभिन्न कोषांगों का निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कोषांग में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों/कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की क्रमवार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने MCMC कोषांग में प्रतिनियुक्त कर्मियों द्वारा किए जा रहे पेड न्यूज के अनुश्रवण का रोस्टरवार पंजी की जांच की तथा कई दिशा निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने मीडिया कोषांग का निरीक्षण कर सभी पंजी की जांच की। मौके पर नोडल पदाधिकारी, मीडिया कोषांग सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, जिला नजारत उप समाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग, सहयोगी पदाधिकारी, मीडिया कोषांग समेत मीडिया कोषांग के अन्य अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### गायब वृद्धा की दूसरे दिन मिली लाश

**गिरिडीह।** जिले के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के गुनियाथर ओपी अंतर्गत मछली टोला पनबसवा के पास गुरुवार की शाम एक पेड़ के नीचे वृद्ध महिला का शव पाया गया। जिसकी सूचना के बाद आसपास के गांवों में कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई थी। शव की पहचान भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के सोगरा गांव के पिंटू दास की मां 60 वर्षीय पुनिया देवी के रुप में की गई। बताया गया कि बुधवार सुबह में ही वह अपने घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों द्वारा उसकी खोजबीन की गई। लेकिन कहीं पता नहीं चला था। गुरुवार देर शाम उसका शव मछली टोला पनबसवा में पेड़ के नीचे पड़ा देखा गया। गायब वृद्धा का शव मिलने की खबर सुन मृतका के परिवारवाले घटनास्थल पर पहुंचे और देर शाम गये मृतका के शव को घटनास्थल से उठा अपने घर ले गए।

# निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता : उपायुक्त

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

कोडरमा लोकसभा चुनाव एवं गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त नाम निर्देशन का कार्य शुक्रवार से प्रारंभ हो गया है। आगामी 03 मई तक उम्मीदवार अपना नामांकन करा सकेंगे। स्क्रूटनी की तिथि 04.05.24, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06.05.24 है। मतदान की तिथि 20.05.24 तथा मतगणना की तिथि 04.06.24 निर्धारित की गई है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने शुक्रवार को चुनाव के दौरान आहूत होने वाले पहले प्रेस सम्मेलन में दी।

प्रेस सम्मेलन को सम्बोधित करते उपायुक्त श्री लकड़ा ने बताया कि कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र में कुल 21,99,418 मतदाता है। जिसमें कुल पुरुष मतदाताओं की संख्या 11,37,184 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 10,62,212 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 22 है।

**पारदर्शिता के साथ निर्वाचन में प्रेस प्रतिनिधियों की भूमिका अहम : पुलिस अधीक्षक**



उन्होंने विधानसभा वार जानकारी देते हुये कहा कि कोडरमा लोक सभा क्षेत्र में कुल छह विधानसभा क्षेत्र है। जिसमे कोडरमा जिले के 19 कोडरमा विस क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 200808, महिला मतदाताओं की संख्या 186732 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 03 है। इसी प्रकार हजारीबाग जिले के 20 बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 206359, महिला मतदाताओं की संख्या 198395 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 14 है। जबकि गिरिडीह जिले के 28 धनवार विधानसभा क्षेत्र में पुरुष मतदाताओं की संख्या 188801, महिला मतदाताओं की संख्या 175070 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 02 है। वहीं जिलान्तर्गत 29 बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 195574, महिला मतदाताओं की संख्या 185235 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 01 है। इसी प्रकार जिले के 30 जमुआ विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 182082, महिला मतदाताओं की संख्या 165310 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या 02 है, एवं गिरिडीह जिले के ही 31 गांडेय विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुरुष मतदाताओं की संख्या 163560, महिला मतदाताओं की संख्या 151470 तथा थर्ड जेंडर मतदाताओं की संख्या शून्य है। इसके अलावा PSL की संख्या 1894 तथा पोलिंग स्टेशन की संख्या 2552 तथा सर्विस वोटर की संख्या 2450 है। जिले में कुल 1781 मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

उन्होंने बताया कि कोडरमा लोकसभा चुनाव एवं गांडेय विधानसभा उप चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष, भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराना हमारी प्रमुख प्राथमिकता है। कहा कि सभी कोषांग बेहतर समन्वय के साथ कार्य कर रहे हैं। कहा कि सभी नियमों का पालन हो तथा किसी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए जिला प्रशासन द्वारा ध्यान रखा जा रहा है। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जा रहा है।

वहीं प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा ने कहा कि निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन संपन्न कराना जिला प्रशासन की जिम्मेवारी है। जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। निर्वाचन में आप सभी प्रेस प्रतिनिधियों की भूमिका अहम है। उन्होंने बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर वहां के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया जा रहा है ताकि जिले में मतदान प्रतिशत को बढ़ाया जा सकें। उन्होंने कहा कि अभी तक जिले में आचार संहिता उल्लंघन का मामला शून्य है। जबकि 470 वारंट का एक्सक्यूटेशन किया गया है तथा 100 से अधिक लोगों की गिरफ्तारी की गई है। साथ ही काफी बड़े पैमाने पर कुर्की जब्ती भी की गयी है। उन्होंने कहा कि नक्सल प्रभावित इलाकों में सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। जिले में निर्वाचन की प्रक्रिया को सफलतापूर्ण संचालित करने हेतु सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किए गए है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सोशल मीडिया पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। किसी भी भड़काऊ पोस्ट, भ्रामक खबरे चलाने वालों पर आईपीसी धारा के तहत कड़ी कारवाई की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दरम्यान सुरक्षा की मॉनिटरिंग हेतु सीसीआर से शहर में लगे सभी कैमरों को ठीक करा दिया गया है। साथ ही 24× 7 कंट्रोल रूम संचालित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बेहतर सामंजस्य के साथ जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन कार्य कर रहा है।

प्रेस सम्मेलन में गांडेय विस क्षेत्र के निर्वाची पदाधिकारी सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी गुलाम समदानी , जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती, जिला कोषागार पदाधिकारी समेत सभी प्रेस प्रतिनिधि एवं मीडिया कोषांग से जुड़े कर्मी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

**कोडरमा लोस चुनाव के लिये तीन एवं गांडेय उपचुनाव के लिये चार ने खरीदा नामांकन पर्चा**

# कोडरमा लोकसभा के लिये पहले दिन एक निर्दलीय प्रत्याशी ने किया नामांकण

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

कोडरमा लोकसभा चुनाव के लिये शुक्रवार को अधिसूचना जारी हो गयी। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने अधिसूचना जारी की। वहीं अधिसूचना जारी होने के साथ ही नाम निर्देशन के पहले दिन एक निर्दलीय प्रत्याशी ने अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया।

जिले के बिरनी निवासी आशीष कुमार ने शुक्रवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र के लिये निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गिरिडीह नमन प्रियेश लकड़ा को एक सेट में अपना नाम निर्देशन का प्रपत्र सौंपा।



**तीन अभ्यर्थियों ने खरीदा नाम निर्देशन प्रपत्र :** वहीं नामांकण की अधिसूचना जारी होने के बाद पहले दिन शुक्रवार को तीन अभ्यर्थियों ने नामांकन प्रपत्र की ख़रीदादारी किया। नामांकन प्रपत्र की ख़रीदादारी करने वालों में भाजपा की अन्नपूर्णा देवी, भाकपा माले के बिनोद कुमार सिंह एवं निर्दलीय आशीष कुमार शामिल हैं।

**गांडेय उपचुनाव के लिये चार प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पर्चा :** वहीं दूसरी ओर शनिवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये भी अधिसूचना जारी हो गयी। अधिसूचना जारी होने के बाद पहले दिन चार प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन प्रपत्र की ख़रीदादारी किया। नाम निर्देशन प्रपत्र खरीद करने वालों में झामुमो की कल्पना मुर्मू सोरेन, भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा, निर्दलीय मो सईद आलम एवं निर्दलीय मो सब्बीर अंसारी शामिल हैं।

**नामांकन की अंतिम तिथि 3 मई निर्धारित :** कोडरमा लोकसभा चुनाव एवं गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि आगामी 03.05.2024 तक निर्धारित है। प्रतिदिन 11:00 बजे पूर्वाह्न से 03:00 बजे अपराह्न तक (सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़कर) नामांकन होना है। वहीं नाम वापसी की अंतिम तिथि आगामी 06.05.2024 के अपराह्न 3:00 बजे तक एवं आगामी 20.05.2024 प्रातः 7:00 बजे से 05:00 बजे अपराह्न तक कोडरमा लोकसभा तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के लिए मतदान की तिथि निर्धारित है। जबकिमतगणना आगामी 04.06.2024 सुबह 7 बजे शाम 5 बजे तक होगी।

### बाराती वाहन अनियंत्रित हो पुल से नीचे गिरी, दूल्हा दुल्हन समेत चार गम्भीर



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

जिले के देवरी थाना क्षेत्र के चतरो के समीप जमुआ-देवघर मुख्य मार्ग में एक महिन्द्रा थार बराती वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गई। घटना में वाहन में सवार दूल्हा-दुल्हन सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें इलाज हेतु जलखरियोडीह स्थित एक निजी अस्पताल भर्ती में कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने सभी को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार राजधनवार थाना क्षेत्र के भललूटांड़ में बीते रात चकाई से बरात आई थी, देर रात शादी सम्पन्न होने के बाद शुक्रवार को विदाई करा सभी वापस चकाई के लिए निकले थे। भल्लूटांड़ गांव निवासी दूल्हा जय कुमार साव अपनी नई नवेली दुल्हन प्रीति कुमारी और उसकी बहन अंजली कुमारी को महिंद्रा थार से लेकर चकाई जा रहे थे। इसी दौरान चतरो के पास सामने से आ रही ट्रक से बचने के क्रम में उनका वाहन अनियंत्रित हो सड़क पर बने पुल की रेलिंग को तोड़ते हुए करीब 10 फीट नीचे गिर गया। घटना में वाहन में सवार दुल्हा दुल्हन के अलावे दुल्हन की बहन और ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल भेजा और क्षतिग्रस्त महिंद्रा थार वाहन को अपने कब्जे में ले थाने ले गयी।

### मतदाताओं को जागरूक करने हेतु रन फ़ॉर वोट का हुआ आयोजन



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

लोकसभा चुनाव के मद्दे नजर मतदाता जागरूकता को लेकर शुक्रवार को जिले के तिसरी प्रखंड के गांधी मैदान में रन फॉर वोट का अयोजन किया गया। इस रन फॉर वोट कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मतदान के प्रति मदाताओं में जागरूक करना, आगामी चुनाव में लोगों को अपने कर्तव्य को पहचानते हुए अपने मताधिकार का शत प्रतिशत प्रयोग करने हेतु प्रेरित करना था।

इस रन फॉर वोट कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के सैकड़ों छात्र-छात्रा शामिल हुए। सभी नारा लगाते गांधी मैदान होते हुए भंडारी रोड तालाब होते हुए भ्रमण किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिडिओ मनीष कुमार सिंह, सीओ अखिलेश्वर प्रसाद, बीईइओ रंजीत चौधरी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के बीआरपी मृत्युंजय कुमार, अग्रवाल हाई स्कूल के प्रिंसिपल घनश्याम गोस्वामी, सुनील बरनवाल, बीपीआरओ राकेश मोदी आदि लोग मौजूद थे।

# सिलेंडर विस्फोट में एक महिला समेत पांच लोग बुरी तरह झुलसे, तीन गम्भीर





राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

नगर थाना क्षेत्र के बजरंग चौक स्थित किचन गैस सेंटर नामक दुकान में घरेलू गैस सिलिंडर फटने से गुरुवार देर शाम पांच लोग झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना गैस रिफिलिंग के दौरान विस्फोट से हुआ। उसके बाद वहां आग लग गई। सूत्रों के अनुसार, घटना में बजरंग चौक निवासी दुकान के संचालक अनिल गुप्ता, उनकी पत्नी मंजू एवं उनका पुत्र अमन गुप्ता तथा गैस रिफिलिंग कराने गयी पंजाबी मोहल्ला की 50 वर्षीय डॉली सलूजा और उनका पुत्र 22 वर्षीय हर्ष सलूजा घायल हो गए हैं। घटना के बाद हड़कंप मच गया। किसी तरह आग को अगल-बगल के लोगों द्वारा बुझाया गया और इसके बाद आनन-फानन में दुकान संचालक उनकी पत्नी व पुत्र तीनों को बगल के एक नर्सिंग होम में और पंजाबी मोहल्ला निवासी घायल मां बेटे को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका इलाज जारी है। जबकि दुकान संचालक अनिल गुप्ता, उनकी पत्नी मंजू एवं पुत्र अमन गुप्ता का प्राथमिक उपचार नर्सिंग होम में किया गया। घायलों में मंजू एवं अमन की स्थिति काफी गंभीर है।

प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर घटनास्थल पहुंची पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुट गई है।

# कोडरमा लोकसभा एवं गांडेय विधान सभा के लिये लेदा के हटिया मैदान में हुआ भाजपा का संयुक्त जनसभा

**शामिल हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व नेता प्रतिपक्ष**






राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

कोडरमा संसदीय क्षेत्र के लेदा के हटिया मैदान में शुक्रवार को कोडरमा लोकसभा एवं गांडेय विधान सभा के संयुक्त जनसभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस जनसभा में शामिल होने हेलिकॉप्टर से पहुंचे पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी का भाजपाईयों ने जोरदार स्वागत किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मंराडी ने कहा कि देश सिर्फ मोदी को देखना चाहता है। तीसरी बार मोदी सरकार आने के बाद बाहर घूम रहा एक एक भष्ट्राचारी जेल के अंदर होगा। कहा कि जनता ने मोदी सरकार पर भरोषा किया है। वहीं केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कोडरमा समेत राज्य के 14 लोस और गांडेय उपचुनाव में कमल का खिलना तय है। विपक्ष पूरी ताकत भी लगा दे, तो वो सफल नहीं होने वाला।

वहीं नेता प्रतिपक्ष ने इंडी गठबंधन पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन के नेता दुसरे कार्यकाल से ही परेशान हो गए है। अभी तो तीसरा कार्यकाल बाकी है।

जनसभा को जमुआ विधायक केदार हाजरा, गांडेय विस उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी दिलीप वर्मा, सांसद प्रतिनिधी दिनेश यादव आदि कई नेताओं ने संबोधित किया।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत



राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह

जिले के बेंगाबाद-चतरो मुख्य पथ पर शुक्रवार को बेंगाबाद ब्लॉक के समीप हुए एक सड़क दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई।

मृतक की पहचान ज़िले के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के चिलगा निवासी के रूप में हुई। हालांकि उसका नाम पता नहीं चल पाया है। बाइक के नंबर प्लेट पर पोस्ट ऑफिस लिखा है। घटना के बाद बेंगाबाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया।

हिन्दी दैनिक राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी
बोकारो, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### विधिमान्य नामनिर्देशित अभ्यार्थियों की सूची हुई जारी



**पलामू**। पलामू लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत शुक्रवार को नामांकन पत्रों की संवीक्षा के पश्चात विधिमान्य नामनिर्देशित अभ्यार्थियों की सूची जारी कर दी गई जो इस प्रकार प्रकार से है। विधिमान्य नामनिर्देशित अभ्यार्थियों की सूची में कामेश्वर बैठा, ममता भुईयां, विष्णु दयाल राम, अभय कुमार, ब्रजेश कुमार तुरी, महेंद्र बैठा, राम वचन राम, वृंदा राम, सतेंद्र कुमार पासवान, सनन राम और गणेश रवि के नाम शामिल हैं। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त और संबंधित राजनीतिक पार्टियों के प्रत्याशी मौजूद थे।

### अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट का व्यय प्रेक्षक ने किया निरीक्षण



**गढ़वा**। व्यय प्रेक्षक, श्री जी कन्नन (IRS) ने गढ़वा जिले के अंतर्राज्यीय बॉर्डर बिलासपुर चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वाहन चेकिंग से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। चेकिंग के दौरान पकड़े जाने वाले राशियों, मादक पदार्थों एवं अन्य सामग्रियों का संधारण एक अलग रजिस्टर बनाकर अनिवार्य रूप से पूर्ण जानकारी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। वहीं रिलीज होने वाले राशियों की भी जानकारी उक्त रजिस्टर में दर्ज करने का निर्देश दिया गया। मौके पर तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों को सघन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान मुख्य रूप से भूमि सुधार उप समाहर्ता श्री बंशीधर नगर शीलवन्त कुमार भट्ट, एईओ लक्ष्मण कुमार, एईओ इंदु भूषण लाल समेत अन्य मौजूद थे।

### पुलिस ने घटना की साजिश रच रहे दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया

**साहेबगंज**। जिले के जिरवाबाड़ी थाना की पुलिस ने घटना की साजिश रच रहे दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर दोनों को देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा है.मामले में एसडीपीओ ने अपने कार्यालय में शुक्रवार को प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस अधीक्षक एसपी कुमार गौरव को कुछ बदमाशों के पहाड़ की तलहट्टी में छुपकर वारदात की साजिश रचने की सूचना मिली. इसके बाद एसपी के निर्देशानुसार गठित पुलिस की टीम ने तालझारी थाना क्षेत्र के नीरापाड़ा जंगल में छापेमारी कर बड़ा जिरवाबाड़ी,चानन निवासी बबलू मंडल को एक देसी कट्टा व एक ज़िंदा कारतूस व उसके सहयोगी पप्पू मंडल को पकड़ा है. बबलू मंडल तालझारी,मसकलैया बम कांड व जिरवाबाड़ी चानन में राजा मंडल को गोली मारकर जख्मी करने सहित अन्य कांडों में वांछित था. पकड़े गए दोनों बदमाशों का बड़ा आपराधिक इतिहास रहा है. बबलू मंडल पर बोरियो थाना कांड संख्या 158/18,148/20,61/23,26/19 व तालझारी थाना कांड संख्या 84/23 दर्ज है. वहीं पप्पू मंडल पर बोरियो थाना कांड संख्या 158/18,175/17,201/18,215/21,274/22,297/10,105/21 व 52/22 दर्ज है. छापेमारी दल में जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय,पुअनि अमर कुमार मिंज, तालझारी थाना प्रभारी, सअनि मनोज मालवीय व अन्य शामिल थे.

### तीन अलग अलग मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बरहेट**। शुक्रवार को बरहेट थाना पुलिस ने तीन अलग - अलग मामले में तीन आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बरहेट थाना क्षेत्र के लबरी निवासी रमेश मड़ैया स्थाई वारंटी के मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं दूसरा आरोपी बोडबांध निवासी नारायण साह को थाना कांड संख्या 32/23 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इसी के साथ तीसरा मामला भागलपुर जिला के रहने वाले इरफाज अंसारी, पिता इलियास अंसारी, ग्राम तरसा,थाना गोराडीह के उपर बरहेट थाना क्षेत्र के एक विवाहिता महिला के ऊपर गलत संबंध बनाने को लेकर प्राथमिकी दर्ज हुआ। जिसमे बताया जा रहा है कि 21 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे महिला को महिला को फोन कर किता बस्ती बुलाया और उसके साथ जबरदस्ती गलत संबंध बनाने की कोशिश किया । जिसको लेकर महिला ने बरहेट थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं शुक्रवार ने बरहेट थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### धनमुंडी पहाड़ के दर्जनों आदिम जनजाति पानी समस्या को लेकर पहुंचे प्रखण्ड कार्यालय

**बरहेट**। शुक्रवार को सनमनी पंचायत के धनमुंडी पहाड़ से दर्जनों आदिम जनजाति प्रखण्ड कार्यालय पहुंच कर पानी की सुविधा मुहैया कराने हेतु लिखित आवेदन दिया। वहीं आवेदन में लिखित रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी को अवगत कराया कि सनमनी पंचायत के धनमुंडी पहाड़ में पेय जल की सुविधा नहीं होने के कारण लगभग 3-4 किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है।वहीं इस चिलचिलाती धूप और गर्मी की शिद्दत में जहां लोगों को प्यास बुझाने की आवश्यकता है उसके अलावा भी दैनिक जीवन के सभी कार्यों में पानी सबसे महत्वपूर्ण चीज है । मौसम का मिजाज और कड़कती धूप से वो कुंआ भी सूखने के कगार पर है जबकि अभी धूप और गर्मी की शुरुआत है। आगे हमलोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है इसलिए यथा शीघ्र धनमुंडी गांव में पेय जल तथा बोरिंग उपलब्ध कराया जाय।उक्त आवेदन को त्वरित कार्रवाई करते हुए बीडीओ अंशु कुमार पांडे ने कार्यपालक अभियंता पेय जल एवं स्वच्छता प्रमंडल साहेबगंज को पत्र प्रेषित कर शीघ्र ही पेयजल और बोरिंग हेतु जलमिनार मुहैया कराने का अपील किया।मौके पर सुरजा पहाड़िया, धर्मा पहाड़िया, सुमित मालतो, धर्मी पहाड़ीन, एजकेल मालतो, रमेश पहाड़िया, देवा माल पहाड़िया, झबरी पहाड़ीन सहित अन्य मौजूद थे।

### मतदान केंद्र और अंतराज्यीय चेक नाका का भ्रमण कर लिया जायजा

**साहिबगंज**। शुक्रवार को अनुमंडल पदाधिकारी, राजमहल कपिल कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता विमल सोरेन एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी राजमहल विशाल पांडेय ने प्रखण्ड अंतर्गत विभिन्न मतदान केंद्र और अंतराज्यीय चेक नाका का भ्रमण कर लिया जायजा। सभी पदाधिकारी ने मोहनपुर के मतदान केंद्र संख्या 290 प्रा वि किस्टोपुर, 288,289 उ म वि मोहनपुर ,राधानगर के मतदान केंद्र संख्या 324 से 329, सरफराजगंज के मतदान केंद्र संख्या 275 से 280 का भ्रमण कर आवश्यक मूल-भूत सुविधा, मतदाता के सुविधा हेतु रैंप,कतार हेतू वॉलंटियर की जानकारी विद्यालय के शिक्षक और बीएलओ से प्राप्त की।इस दौरान नोडल निर्वाचन बीपीओ गगन बापू, दीपक मंडल , जितेन मंडल ,बीएलओ सहित अन्य उपस्थित थे।

### परिवहन कोषांग में वाहन मालिकों के साथ बैठक

**साहिबगंज**। शुक्रवार को परिवहन कोषांग कार्यालय सभागार में डीटीओ विष्णुदेव कच्छप वा एमवीआई विजय गोतम ने लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर वाहन मालिकों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने वाहन मालिकों को निर्वाचन में वाहन की आवश्यकता, दस्तावेज, पेमेंट व अन्य चुनावी प्रकिया की जानकारी दी। डीटीओ ने वाहन मालिकों की समस्या भी सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने व्हीकल मैनेजमेंट सिस्टम से रजिस्ट्रेशन की भी जानकारी दी। डीटीओ ने बताया कि पहले दिन कुल 20 वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है।

# लोकसभा आम निर्वाचन के तहत जारी अधिसूचना की सी गई जानकारी

**फर्स्ट टाइम वोटर्स 25263 मतदाताओं की संख्या है**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। लातेहार



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त श्रीमती गरिमा सिंह और पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन की संयुक्त अध्यक्षता में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत जिले मे अधिसूचना जारी होने के संदर्भ में समाहरणालय सभागार में मीडिया के समक्ष जानकारी साझा की गई। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि चतरा लोक सभा क्षेत्र अंतर्गत लातेहार में पांचवे चरण में मतदान किया जाना है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चतरा लोकसभा क्षेत्र के लिए चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी गई है। चतरा लोक सभा क्षेत्र मे गजट अधिसूचना की तिथि 26 अप्रैल नामांकण की अंतिम तिथि 03 मई है। स्क्रूटनी ऑफ नोमिनेशन की तिथि 04 अप्रैल, नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 06 मई है। मतदान 20 मई है। मतगणना की तिथि 04 जून निर्धारित की गयी है। जिले में शुक्रवार से नाम निर्देशन का कार्य प्रारंभ हो गया है। उम्मीदवारों के पास अपना नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए 03 मई तक का समय होगा। 03 मई तक प्रतिदिन पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक ( सार्वजनिक अवकाश के दिनों को छोड़ कर ) नाम निर्देशन किए जाएंगे। इसके अलावे उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि 26 जून तक लातेहार जिला अन्तर्गत दो विधान सभा क्षेत्र में कुल 565854 मतदाताओं की संख्या है। जिसमें 73 मनिका विधान सभा अन्तर्गत 259652 एवं 74 लातेहार विधान सभा अन्तर्गत 306202 है। जिसमें पुरुष 2,85,299 एवं महिला वोटरों की संख्या 2,80,555 एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स 25263 मतदाताओं की संख्या है। जिले में कुल 679 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। साथ हीं दिव्यांग व बुजूर्ग मतदाताओं को पूर्व की तरह विभिन्न सुविधाओं मुहैया करायी जायेगी।

सभी मतदान केंद्रों पर गर्मी को देखते हुए पेयजल, ओआरएस व अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जाएगी। मेडिकल प्लान बनाया जा रहा है। साथ ही मतदान कार्य में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, कर्मी को फॉर्म 12 के जरिए पोस्टल बैलट के माध्यम से मतदान कराया जायेगा। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री अंजनी अंजन ने बताया कि नॉमिनेशन प्रक्रिया के दौरान सभी नियमों का पालन हो एवं किसी भी प्रकार की विवाद की स्थिति उत्पन्न न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन के द्वारा इसपर ध्यान रखा जाएगा। इसके अलावा जिले में सुरक्षा व्यवस्था को भी दुरुस्त रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले में आगामी चुनाव शांति एवं सौहार्घ पूर्ण तरीके से सफलता पूर्वक संपन्न हो सके इसके लिए पुलिस प्रशासन द्वारा पूरी तैयारी कर ली गई है। मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती मेरी मड़की, जिला भू अर्जन पदाधिकारी श्री राजेश कुमार, विशेष कार्य पदाधिकारी गोपनीय शाखा श्री श्रेयांश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन समेत अन्य पदाधिकारी और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मजबूत राष्ट्र का निर्माण हेतु 13 को मतदान जरूर करें : अरुणा शंकर



राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू

प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने रांची रोड स्थित मल्टी ब्रांडेड शोरूम एवं सर्विस सेंटर जय मां दुर्गा का उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारे शहर के विकास में कारोबारी और व्यवसाईयों की अहम भूमिका है l वे अपनी पूंजी लगाकर अपनी शाख पर बैंक से कर्ज लेकर जहां शहर में एक से एक अत्याधुनिक शोरूम खोल रहे वही कई युवा और युक्तियों को रोजगार देते हुए सरकार को जीएसटी के रूप में भारी भरकम का राजस्व भी दे रहे हैं l रांची रोड में जय मां दुर्गा बाइक सर्विस सेंटर मल्टी ब्रांडेड शोरूम का खोला जाना इसी कड़ी में एक शुभ संकेत है जिसके लिए मैं इस संस्था के मालिक धर्मेंद्र सिंह और सुमित पाठक को बधाई देती हूं l प्रथम महापौर ने उपस्थित लोगों से अपील की गर्मी बढ़ते जा रही है फिर भी 13 तारीख को मतदान जरूर करें आपका एक वोट मजबूत राष्ट्र का निर्माण करेगा l प्रथम महापौर ने कहा हम सबों के लिए सौभाग्य की बात है कि हमारे पलामू लोकसभा को एक शिक्षित और अनुभवी सांसद चुनने का मौका मिलेगा। प्रथम महापौर ने महिलाओं एवं बहनों से खासकर अपील करते हुए कहा की वे अपने भविष्य की सुरक्षा के लिए वोट करने अवश्य जाएं और अपने मत का प्रयोग करें।

# प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने बूथ कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



झारखंड प्रदेश भाजपा के क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने पलामू लोकसभा अंतर्गत पथरा मंडल के बराव शक्ति केंद्र पर बूथ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की । बैठक की अध्यक्षता एवं संचालन पथरा मंडल अध्यक्ष सिकंदर चौधरी ने की। मौके पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र नाथ त्रिपाठी ने लोकसभा चुनाव जीतने के लिए कार्यकर्ताओं को बूथ जीतने का मंत्र दिया। उन्होंने कहा क शक्ति केंद्र का एक-एक बूथ को जीतना है सभी बूथ अध्यक्ष अगर अपना अपना बूथ जीत जाए तो समझिए कि चुनाव जीत गए। बैठक में संगठन महामंत्री ने बूथ कमेटी गठन की समीक्षा की। वही विधायक आलोक चौरसिया ने कहा कि अपने बूथ पर सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से लगातार संपर्क में रहे और जिन-जिन को सरकारी योजनाओं व पारदर्शी नीतियों का लाभ मिला है, उनको पार्टी की विचारधारा से अवगत करवाएं। मौके पर पलामू लोकसभा के संयोजक विपिन बिहारी सिंह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विनोद सिंह, डाल्टनगंज विधानसभा के प्रभारी रघुराज पांडे, पथरा मंडल के प्रभारी प्रदीप सिन्हा, जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया, प्रमोद सिंह, जय दुबे, सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, अभिमन्यु तिवारी, गुड्डू खान, संटू चोरसिया, विशाल दुबे, राहुल श्रीवास्तव, महर्षि वेदव्यास, परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेमलाल चौधरी, नीलम देवी, ब्रह्मदेव चौधरी, अमरेंद्र चौरसिया, उदय चौधरी, अनिल विश्वकर्मा, आलोक ठाकुर, राजू चौधरी, आदित्य चौधरी, उदय चौधरी, भारदुल चौधरी, दुर्गा चौधरी, कुलदीप चौधरी, विशु भुइयां, शिवकुमार गोस्वामी मिठू साहू, जवाहर गोस्वामी, गुना चौधरी, सरिता देवी, चिंता देवी, राजू गुप्ता, सीताराम चौधरी, योगेंद्र चौधरी, सुमेर चौधरी, अजय चौधरी एवं कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शत- प्रतिशत मतदान के लिए स्वीप कोषांग ने जिला में गठित बीएलओ,मतदाता मित्र, बूथ आइकॉन के साथ बैठक की

राष्ट्रीय मुख्यधारा। साहिबगंज

लोकसभा चुनाव- 2024 को सफल मतदान को लेकर आज विकास भवन स्थित सभागार में स्वीप कोषांग के माध्यम से मतदाता जागरूकता को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त- सह -वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सतीश चंद्रा ने की।जिला मे पिछले चुनाव में जिन 18 बूथो पर 50% से कम मतदान हुआ था। उन 18 बूथों के लिए मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, बीएलओ तथा बीएलओ सुपरवाइजर के साथ टीम का गठन किया गया । इसमे गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) को मतदान के प्रति जागरूक एवं प्रेरित करने के लिए जोङा गया।सर्वप्रथम सभी को इस बढती तापमान मे बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता मित्रों को बैठक में आने को लेकर स्वागत किया गया। साथ ही मतदाता जागरुकता को लेकर उनके कार्यों के विषय में जानकारी क्रमबद्ध दी गई।उन्होंने बताया कि पिछले लोकसभा चुनाव में जिला के जिन 18 बूथो में 50% से कम मतदान हुए हैं उस बूथ पर बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र टीम बनाकर, बूथों एवं मतदाताओ को हो रहे असुविधा के विषय में जानकारी लेकर उनका निराकरण करेंगे साथ ही डोर टू डोर जाकर मतदान के प्रति जागरूक करेंगे ताकि मतदान प्रतिशत वहां बढ़ाया जा सके। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव में आम मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कई गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आप सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्रों की भागीदारी से जिला मे मतदाताओं को मतदान के प्रति एवं ऐसे 18 बूथो जहाँ 50% से कम मतदान हुए हैं , उन बूथो पर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाए ताकि शत प्रतिशत मतदान किया जा सके।स्वीप नोडल प्रभारी बताया कि राजमहल लोकसभा चुनाव 1 जून,2024 को होनी है । जो भी युवा मतदाता जिनकी 18 वर्ष 1 अप्रैल, 2024 तक पूर्ण हो चुका है। वो फार्म 6 भर कर अपना नाम मतदाता सूची में डलवा ले।सभी बीएलओ, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र सजग होकर अपने 18 बूथो में मतदाता जागरूकता फैलाने का कार्य करना है जिससे ज्यादा से ज्यादा मतदाता अपने मतदान केंद्र में आकर अपने मतों का प्रयोग कर चुनाव के इस महापर्व में भागीदार बने।मौके पर नोडल पदाधिकारी डॉ0 सुमन गुप्ता ,स्वीप प्रभारी राजेश कुमार चौधरी ,स्वीप कोषांग के सभी कर्मी सहित बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर, मतदाता आइकॉन, मतदाता मित्र, सम्मिलित रहे ।

## आदिवासियों का हित भाजपा और कांग्रेस के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं रहाः बसंत लोंगा

राष्ट्रीय मुख्यधारा। खूंटी

जनजातियों के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में भाग्य आजमा रहे कोलेबिरा के पूर्व झामुमो विधायक बसंत लोंगा ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा सहित अन्य राष्ट्रीय राजनीतिक पार्टियों के ऐजेंडे में आदिवासियों की भलाई की बात कभी नहीं रही। सरना कोड, समता जजमेंट, रुढ़िवादी पारंपरिक व्यवस्था, पेसा कानून जैसे आदिवासियों से जुड़े मामले भाजपा और कांग्रेस के लिए कभी चुनावी मुद्दे कभी नहीं बने सके। तोरपा में कोआर्डिनेशन कमेटी की बैठक के पूर्व पत्रकारों से बातचीत करते हुए बसंत लोंगा ने कहा कि वे न कभी झामुमो के विरोधी रहे हैं और न ही वे बागी उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। आज भी गुरुजी शिबू सोरेन उनके आदर्श हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा कि झामुमो ने 1995 के बाद मुझे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मौका ही नहीं दिया। पूर्व विधायक ने कहा कि आज झामुमो भी उद्देश्यों से भटक गया है। उन्होंने कहा कि खूंटी संसदीय सीट में कांग्रेस और भाजपा के बीच कोई गुप्त समझौता जरूर हुआ है अन्यथा क्या कारण हो सकता है कि लगातार चुनाव हारने वाले कालीचरण मुंडा को ही इस बार भी कांग्रेस ने टिकट दे दिया। उन्होंने कहा कि सरना धर्मावलंबियों के लिए सरना कोड बहुत जरूरी है लेकिन यह मुद्दा न कांग्रेस के घोषणा पत्र में है और न भाजपा के संकल्प पत्र में। एक प्रश्न के उत्तर में बसंत लोंगा ने कहा कि खूंटी संसदीय सीट से कांग्रेस की अपेक्षा झामुमो बेहतर प्रदर्शन कर सकता है लेकिन गुप्त समझौते के तहत हर बार आदिवासियों के लिए आरक्षित इस सीट को कांग्रेस को दे दिया जा रहा है और हर बार कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ता है। साथ ही कहा कि 2014 में भी उन्होंने झामुमो के टिकट के लिए प्रयास किया था लेकिन झामुमो पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया और कांग्रेस को यह सीट दे दी गई।

# अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के समीप FST की टीम ने किया सात पेटी अवैध शराब जब्त

**मामले में दो नाबालिग शराब तस्कर गिरफ्तार**

राष्ट्रीय मुख्यधारा। गिरिडीह



जिले के देवरी थाना क्षेत्र के सरौन मोड़ स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के समीप वाहन जाँच के क्रम में FST टीम ने एक मोटरसाइकिल में अवैध रूप से लदे सात पेटी अंग्रेजी शराब एवं बियर की बोतलों को जप्त किया है। वहीं शराब की अवैध तस्करी करने वाले दो अभियुक्तों को रंगे हाँथ पकड़ा है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में अनिल कुमार यादव, उम्र करीब 17 वर्ष, पिता- राजू यादव एवं सुमन कुमार, उम्र- करीब 14 वर्ष, पिता- अखिलेश यादव शामिल है। दोनों गिरफ्तार अभियुक्त भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के जगसिमर गांव के निवासी बताया जाता है।

बता दें कि भयमुक्त वातावरण में शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा का चुनाव सम्पन्न कराने के लिये जिला प्रशासन के साथ साथ जिला पुलिस महकमा भी काफी मुस्तैद है। इसी कड़ी में जहां FST की टीम लगातार वाहन जांच अभियान चलाकर वाहनों से अवैध तरीके से 50 हजार से अधिक नगद राशि ले जाने वालों की जांच पड़ताल कर रही है। वहीं अवैध तरीके से शराब एवं अन्य मादक पदार्थों की तस्करी पर भी अंकुश लगाने में जुटी है। इसी क्रम में गुरुवार की देर शाम जिले के देवरी थाना क्षेत्र के सरौन मोड़ स्थित अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट के समीप वाहन जाँच के क्रम में FST टीम ने एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल रजि० न०- JH-11K-0285 में अवैध रूप से लदे सात पेटी अंग्रेजी शराब एवं बियर की बोतल कुल 144 शराब की बोतल जप्त किया है। इस छापेमारी टीम में मजिस्ट्रेट सुरेन्द्र कुमार राजेश जन सेवक देवरी, थाना प्रभारी देवरी सोनू कुमार साहू, पु०अ०नि० रिषु कुमार सिन्हा, आरक्षी संयुक्त कुमार, तेजनारायण प्रसाद शामिल थे।

बताया गया कि जब्त शराब व बियर की बोतलों में किंग फिशर कम्पनी का 650 ml का कुल 24 बोतल बियर, रॉयल चैलेंज कम्पनी का 375 ml का कुल 72 बोतल अंग्रेजी शराब, रॉयल स्टेज कम्पनी का 375 ml का कुल 24 बोतल शराब, McDowell's कम्पनी का 375 ml का कुल 24 बोतल अंगेजी शराब की बोतल शामिल है। इस मामले में टीम ने शराब तस्करी के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनके विरुद्ध देवरी थाना कांड सं०- 27/24, दि०- 25/04/2024, धारा-272/273 भा०द०वि० & 47 (a) Excise Act दर्ज किया गया है।

## मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटी, एक की मौत, नौ घायल

राष्ट्रीय मुख्यधारा। पलामू



जिले के पंडवा थाना क्षेत्र के लोहड़ा हाई स्कूल के समीप शुक्रवार को डालटनगंज-औरंगाबाद एनएच 98 पर मजदूरों से भरी पिकअप वैन पलटने से एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि 9 जख्मी हो गए। गंभीर रूप से जख्मी मजदूरों को बेहतर इलाज के लिए एमआरएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती किया गया है, जो आंशिक रूप से जख्मी थे, उनका मौके पर ही इलाज किया गया। घटना के बाद मजदूर के परिजन उग्र हो गए हैं और तत्काल मुआवजा की मांग को लेकर मुख्य सड़क को जाम कर दिया है। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर स्थानीय थाना पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भेजा। साथ ही मामले की जांच में जुट गई है। बताया जाता है कि सारे मजदूर नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के लिए काम कर रहे थे और मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के चियांकी के एक साइड पर काम करने जा रहे थे। सभी मजदूर वहां तीन माह से काम कर रहे थे। हर रोज की तरह शुक्रवार को सुबह 10 बजे हाजिरी बनाकर चियांकी साइड पर जा रहे थे, तभी इस तरह की घटना घट गयी। जानकारी के अनुसार एमआरएमसीएच में इलाज कराने आए मजदूर ने बताया कि पंडवा स्थित नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया कंपनी कार्यालय में हाजिरी बनाने के बाद साइड पर जाने के लिए निकले थे। इसी क्रम में अचानक अनियंत्रित होकर पिकअप पलट गयी। पिकअप का इंश्योरेंस फेल बताया गया है। ड्राइवर मुन्ना कुमार मौके से फरार हो गया। घटना के बाद कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक का पुत्र गौतम कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मजदूरों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया। इधर, घटना की सूचना मिलने पर मजदूर के परिजन इलाज कराने एवं हाल चाल जानने के लिए एमआरएमसीएच में पहुंच गए हैं। उनके रोने विलखने से माहौल गमगीन हो गया है। मृत मजदूर की पहचान पड़वा थाना क्षेत्र के कोकरसा गांव निवासी कोमल महतो (55) के रूप में हुई है। संजय महतो (40), मुरली महतो (50), उमेश राम (45) को गंभीर चोटें आई है, जबकि राजेश कुमार (35), जितेन्द्र कुमार, मुखर्जी, डोमन साव, राहुल कुमार, मुन्ना कुमार, वीरेन्द्र साव को मामूली चोट आई है।

## देवघर में एक घर से विभिन्न ब्रांड के 420 बोतल शराब बरामद

राष्ट्रीय मुख्यधारा। देवघर



जिले की टाउन थाना पुलिस ने होटल इम्पीरियल हाईट्स के पीछे एक घर में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड के 420 बोतल शराब बरामद किया है। बरामद शराब की बाजार मूल्य 1.25 लाख बतायी जा रही है। पुलिस ने आरोपित मां-बेटे के विरुद्ध टाउन थाना में प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में लोकसभा चुनाव होने के कारण देवघर जिले में शराब की बिक्री पर पाबंदी है। इस बीच गुप्त सूचना मिली कि टाउन थाना क्षेत्र के होटल इम्पीरियल हाईट्स के पीछे अनीता घोष ने घर में भारी मात्रा में शराब स्टॉक कर रखी है। सूचना पर एसआईटी की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अनीता घोष के घर में छापेमारी कर 1.25 लाख की कीमत के शराब बरामद किया। इसमें 17 बोतल किंगफिशर स्ट्रॉन्ग बीयर, 70 बोतल गॉडफादर स्ट्रॉन्ग बीयर, 113 रॉयल स्टैग व्हिस्की, 37 बोतल ब्लेंडर्स प्राइड, 66 बोतल इंपीरियल ब्लू व्हिस्की, 60 बोतल इंपीरियल ब्लू व्हिस्की और तीन बोतल रॉयल चैलेंज व्हिस्की बरामद किया गया। हालांकि, अनीता घोष का पुत्र आशीष घोष पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया। पुलिस ने अनिता घोष एवं उनके पुत्र आशीष घोष के विरुद्ध नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है।

## प्रचार के लिए स्वतंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का अलीगढ़ में भाषण बांसवाड़ा का विस्तार है। ये दोनों भाषण एक दिन के अंतराल पर हैं। दोनों की पिच एक है। कांग्रेस पर हमले के बहाने, बहुसंख्यकों में उसके शासन का डर बैठाना। यह कहना कि 'उनकी गाढ़ी कमाई से अर्जित संपत्तियां, यहां तक कि 'स्त्रीधन कहे जाने वाले महिलाओं गहने-मंगलसूत्र-तक माओवादी की तरह छीन लिये जाएंगे। राष्ट्रीय संसाधन पर अल्पसंख्यकों, वे जो 'घुसपैठिए हैं, वे 'जिनके ज्यादा बच्चे हैं, का पहला हक होने की वकालत की याद दिला कर बहुसंख्यकों में उनके प्रति हिकारत पैदा कराना। प्रधानमंत्री अपने पक्ष में प्रचार के लिए स्वतंत्र हैं। पर वे कांग्रेसी मैनिफेस्टो या 2006 में तात्कालिक प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के भाषण को तोड़-मरोड़ कर पेश करने के लिए नहीं। वे भूल जाते हैं कि ऐसे भाषण विभाजनकारी कोटि में आते हैं। चुनाव में होने के बावजूद एक प्रधानमंत्री के रूप में इसकी उन्हें इजाजत नहीं है। कांग्रेस चुनाव आयोग से मिल कर उनके एवं पार्टी के विरु द्ध 17 शिकायतें की हैं। प्रधानमंत्री के भाषण से लगता है, कांग्रेस जैसे सत्ता में आ रही है। ऐसा पहले चरण के मतदान में गिरावट से उन्हें लगा है। हालांकि कम वोट भाजपा का निरस्तीकरण नहीं है। पर यह आरएसएस कार्यकर्ताओं के अनुत्साह को दर्शाता है। दूसरी बात, कांग्रेस ने अपने मैनिफेस्टो में मोदी-राज में बढ़ी आर्थिक विषमताओं के आलोक में एक आयोग बैठाने की बात की है। सरप्लस भूमि-वितरण की बात की है। इसमें गलत क्या है? स्वयं प्रधानमंत्री एवं उनकी पार्टी और अन्य सारे दल इस तरह के कार्यक्रमों के साथ आने का वादा करते हैं। मनमोहन सिंह ने 'देश के आर्थिक संसाधनों को हाशिए पर पड़े तमाम समुदायों को देने की बात कही थी। यह प्रधानमंत्री भी जानते हैं कि देश के मुसलमान 'घुसपैठिए नहीं हैं। वे भी अन्य के जैसे देश के नागरिक हैं, राष्ट्रवादी हैं। उनकी जनसांख्यिकी दर हिन्दू जितनी है। बेशक, लोगों के कल्याण और उनकी पहचान को जोडऩे पर राजनीतिक और चुनावी बहस हो सकती है, लेकिन मोदी के भाषण इस पर व्यापक संदेश भेजने के उनके स्वयं के प्रयासों के विरु द्ध हैं, जो लाभार्थियों में जाति-समुदाय के आधार पर भेदभाव नहीं करता। वे खुद भारत की विविधता एक 'बहुरत्नधारी वसुंधरा मानते हैं, लेकिन पूरे समुदाय को एक विरोधी के रूप में पेश करके, प्रधानमंत्री उस बहस को व्यापक करने की संभावनाओं को सिकोड़ देते हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में अर्थव्यवस्था और रोजगार में वृद्धि, गरीबी में कमी

**पूर्णेन्दु पुष्पेश**



वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं के व्यापक परिदृश्य में भारत अपने तेज़ विकास और नई ऊंचाइयों को छूने के निरंतर संकल्प के लिए कार्यरत है। भारतीय संस्कृति की एक लंबी परंपरा है और 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, भारत एक आर्थिक महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है, जो लगातार दुनिया भर में अपने कौशल का प्रदर्शन कर रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण है। इसमें एक विशाल, युवा आबादी के साथ-साथ एक खुली, लोकतांत्रिक राजनीतिक प्रणाली भी है। यह वर्तमान में दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था (पीपीपी) है और वैश्विक आर्थिक विकास में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, फिर भी अभी महत्वपूर्ण अप्रयुक्त क्षमता है। दुनिया की आबादी के छठे हिस्से से अधिक के साथ भारत वैश्विक उत्पादन का बमुश्किल 7 फीसदी हिस्सा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत की उपलब्धियों का उसके वैश्विक आर्थिक और रणनीतिक महत्व पर जबरदस्त प्रभाव पड़ेगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था के 2035 तक एशिया की ओर अधिक से अधिक झुकने की उम्मीद है, क्योंकि भारत, चीन और आसियान देश धीमी गति से बढ़ने वाली उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के साथ तालमेल बिठा लेंगे। 6 प्रतिशत की औसत वार्षिक वृद्धि दर के साथ भी, भारत की अर्थव्यवस्था 2017 की तुलना में दोगुनी से अधिक बड़ी होगी। क्रय शक्ति समता के संदर्भ में, वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी 2016 में 7 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 13 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जो इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के बराबर लाएगी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत की जीडीपी वृद्धि दर रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, चीन और जापान जैसे प्रमुख देशों से अधिक है। भारत एकमात्र एशियाई अर्थव्यवस्था है जिसने महामारी शुरू होने के बाद से अपने निवेश-से-जीडीपी अनुपात में वृद्धि की है। आयात पर इसकी निर्भरता भी कम हो गई है क्योंकि प्रेषण में वृद्धि हुई है और वैश्विक क्षमता केंद्र उभरे हैं, जो व्यापार प्रक्रिया आउटसोर्सिंग में भारत की पिछली सफलता पर आधारित है। 2022 से धन प्रेषण की मात्रा में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। बंद अर्थव्यवस्था की वास्तविकताओं के बजाय, जो कभी भारत को परिभाषित करती थी, आज अर्थव्यवस्था चीन की तुलना में अधिक खुली है और विकास के समान स्तर पर है। पिछले दशक में व्यापार भारत के सकल घरेलू उत्पाद का 50 प्रतिशत से अधिक रहा है, जो 1990 में 15 प्रतिशत से भी कम था। **गरीबी में कमी और रोजगार दर में वृद्धि:** विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष दोनों ने भारत के विश्व स्तरीय डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की प्रशंसा की, जिसने सरकार को सामाजिक कार्यक्रमों पर बेहतर ध्यान केंद्रित करने और कर अनुपालन बढ़ाने में मदद की है। विश्व बैंक अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा के अनुसार गरीबी को परिभाषित करता है, जो प्रति व्यक्ति प्रति दिन $2.15 पर अत्यधिक गरीबी, $3.65 पर निम्न-मध्यम आय और $6.85 पर उच्च-मध्यम आय निर्धारित करता है। विश्व बैंक के अनुमान के अनुसार, 2011 में भारत की गरीबी दर 22.53 प्रतिशत थी और भयानक महामारी के बाद भी यह काफी कम होकर 2021 में 11.9 प्रतिशत हो गई है। मानव विकास सूचकांक उन्नति के तुलनीय रुझान को दर्शाते हैं। पिछले दशक के दौरान फ्लशिंग शौचालय और खाना पकाने की गैस, शिशु मृत्यु दर और घरेलू बिजली तक पहुँच में काफी सुधार हुआ है। एक दशक पहले 40 फीसदी घरों में बिजली नहीं थी, आज, यह आंकड़ा 3 प्रतिशत से भी कम हो गया है। भारत में 111 यूनिकॉर्न हैं, जिनका संयुक्त मूल्यांकन 349.67 बिलियन डॉलर है। 2021 में, 45 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ, जिनका कुल मूल्य 102.30 बिलियन अमेरिकी डॉलर था, जबकि 2022 में 29.20 बिलियन डॉलर के कुल मूल्यांकन के साथ 22 यूनिकॉर्न का जन्म हुआ। भारत वर्तमान में दुनिया में तीसरा सबसे बड़ा यूनिकॉर्न बेस है। सरकार अक्षय ऊर्जा पर भी काम कर रही है, जिसका लक्ष्य 2030 तक गैर-जीवाश्म स्त्रोतों से अपनी ऊर्जा का 40% उत्पन्न करना है। सरकारी अनुमानों के अनुसार, 31 दिसंबर, 2023 तक, उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (DPIIT) ने लगभग 117,254 स्टार्टअप को मान्यता दी थी, जिसमें अनुमानित 111 यूनिकॉर्न शामिल थे। इन स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से लगभग 1.24 मिलियन रोजगार सृजित किए हैं, जिसका काफी आर्थिक प्रभाव पड़ा है। ईपीएफओ एक सामाजिक सुरक्षा संस्था है जो कर्मचारी भविष्य निधि और विविध नियम अधिनियम, 1952 के नियमों के तहत देश के संगठित कार्यबल को भविष्य निधि, पेंशन और बीमा निधि के रूप में सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। सितंबर 2023 में, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के तहत औपचारिक नौकरी सृजन इस साल अगस्त में 1.69 मिलियन से बढ़कर 1.72 मिलियन हो गया। सितंबर में 0.89 मिलियन से अधिक नए ईपीएफओ सदस्य नामांकित हुए, जिनमें से 58.9 प्रतिशत 18 से 25 वर्ष की आयु के थे। यह दर्शाता है कि देश के संगठित क्षेत्र के कार्यबल में शामिल होने वाले अधिकांश व्यक्ति युवा हैं, जिनमें से कई पहली बार कर्मचारी हैं। सोमवार, 12 फरवरी, 2024, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले दस वर्षों में पिछले प्रशासन की तुलना में 1.5 गुना अधिक रोजगार सृजित किए हैं।

**मोदी सरकार की पहल :** पिछले कुछ वर्षों में भारत सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए हैं। भारत सरकार नागरिकों की वित्तीय स्थिरता के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के समग्र विकास को लाभ पहुँचाने वाली नीतियों और कार्यक्रमों को लागू करने में प्रभावी रही है। पिछले कुछ दशकों में, भारत की जबरदस्त आर्थिक वृद्धि के परिणामस्वरूप निर्यात मांग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इसके अलावा, सरकार की कई प्रमुख परियोजनाएँ, जैसे मेक इन इंडिया, स्टार्ट-अप इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्मार्ट सिटी मिशन और कायाकल्प और शहरी परिवर्तन के लिए अटल मिशन, भारत में अपार अवसर पैदा करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं। इस लिहाज से, देश की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए सरकार के कुछ उपाय नीचे सूचीबद्ध हैं:

22 जनवरी, 2024 को, प्रधानमंत्री मोदी ने 'प्रधानमंत्री सूर्योदय योजना' की शुरुआत की। इस योजना से एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा संयंत्र लगाए जाएँगे। 17 सितंबर, 2023 को, प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली में केंद्रीय क्षेत्र की योजना पीएम-विश्वकर्मा की शुरुआत की। नई योजना का उद्देश्य पारंपरिक कलाकारों और शिल्पकारों को पहचान दिलाना और प्रोत्साहित करना है जो अपने हाथों और सरल औजारों का उपयोग करते हैं। इस प्रयास का उद्देश्य उनके उत्पादों की गुणवत्ता, पैमाने और पहुंच में सुधार करना है, साथ ही उन्हें एमएसएमई मूल्य श्रृंखलाओं में शामिल करना है। चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के दौरान भारत की आर्थिक कहानी ने पूंजी निवेश के लिए सरकार के अटूट समर्थन को दिखाया, जो 2023-24 में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 37.4 प्रतिशत अधिक था। 2023-24 के बजट में पूंजीगत व्यय ने बढ़त हासिल की, जिसमें बजट अनुमान 2023-24 में 37.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 10 लाख करोड़ रुपये (120.12 बिलियन अमेरिकी डॉलर) हो गया, जो संशोधित अनुमान 2022-23 में 7.28 लाख करोड़ रुपये (87.45 बिलियन अमेरिकी डॉलर) से अधिक है। चालू वित्त वर्ष में, राजस्व व्यय से पूंजीगत परिव्यय अनुपात में 1.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो उच्च-गुणवत्ता वाले व्यय की ओर एक महत्वपूर्ण बदलाव का संकेत देता है। भारत के पास एक जबरदस्त आर्थिक अवसर है अगर वह ऐसा माहौल बना सके जो उन लाखों युवा भारतीयों के लिए शिक्षा, प्रशिक्षण और नौकरी के विकास को प्रोत्साहित करे जो श्रम क्षेत्र में प्रवेश करने वाले हैं। अगले दो दशकों में, भारत की कामकाजी आयु की आबादी लगभग 200 मिलियन बढ़कर एक अरब से अधिक हो जाने की उम्मीद है, जो दुनिया की सबसे बड़ी आबादी बन जाएगी। मोदी सरकार की नई शिक्षा नीति में नौकरी चाहने वालों की तुलना में नौकरी देने वालों, कुशल युवाओं और स्नातक स्तर पर शोध और अभिनव दृष्टिकोण विकसित करने को प्राथमिकता दी गई है। इस तरह की कार्रवाइयों से बेरोजगारी दर में और कमी आएगी। भारत ने नवाचार और प्रौद्योगिकी में कुछ लोगों की अपेक्षा कहीं अधिक प्रगति की है। हां, जनसांख्यिकी देश को लाभ पहुंचाती है, लेकिन वे सकल घरेलू उत्पाद के अनन्य जनरेटर नहीं होंगे। दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए नवाचार और श्रमिक उत्पादकता बढ़ाना महत्वपूर्ण होगा। तकनीकी शब्दों में, इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था में श्रम और पूंजी की प्रति इकाई अधिक उत्पादन। 2021 और 2022 में दो वर्षों के उच्च आर्थिक विकास के बाद, भारतीय अर्थव्यवस्था कैलेंडर वर्ष 2023 के दौरान मजबूती से बढ़ती रही है।

# कांग्रेस के घोषणापत्र पर आक्रामक भाजपा


**मृत्युंजय दीक्षित**




लोकसभा चुनाव के दो चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है। तीसरे चरण के लिए प्रचार अभियान जारी है। भाजपा रामलहर और मोदी के करिश्माई नेतृत्व के बल पर अबकी बार चार सौ पार के नारे के साथ आगे बढ़ रही है। भाजपा नेतृत्व अभी तक विपक्ष को परिवारवाद व उनके शासनकाल में किए गये अथाह भ्रष्टाचार और घोटालों की बात करके घेर रहा था। उसके मुस्लिम तुष्टिकरण पर सीधा प्रहार नहीं कर रहा था किन्तु कांग्रेस के चुनावी घोषणापत्र, राहुल गांधी व विपक्ष के नेताओं के कुछ आपत्तिजनक बयानों के बाद नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरी भाजपा अब कांग्रेस तथा विरोधी दलों के घोर मुस्लिम तुष्टिकरण को लेकर आक्रामक हो गयी है। मोदी ने कांग्रेस के समय में प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह के भाषण और कांग्रेस के घोषणापत्र में किए गए वादों पर चर्चा करते हुए स्वयं कांग्रेस के घोषणापत्र पर मोर्चा खोला। भारतीय जनता पार्टी के इतिहास में पहली बार विरोधी दल कांग्रेस के घोषणापत्र को आधार बनाकर उस पर तीखा हमला बोला गया है। स्वाभाविक रूप से कांग्रेस और उसके साथी तिलमिला गए हैं और वह मुख्यधारा तथा सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी पर अमर्यादित शब्दावली का प्रयोग कर रहे हैं। कांग्रेस का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधानमंत्री मोदी की शिकायत लेकर चुनाव आयोग भी पहुंचा है। उधर भाजपा का प्रतिनिधिमंडल भी राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंच गया है। प्रधानमंत्री मोदी सहित भाजपा के सभी बड़े नेता कांग्रेस के मुस्लिम प्रेम पर एक के बाद एक तीखा प्रहार कर रहे हैं जिससे कांग्रेस तिलमिला गई है। प्रधानमंत्री मोदी एक के बाद एक कांग्रेस की सरकारों में हुए हिन्दू विरोधी घटनाओं, निर्णयों, विवादों को उठा रहे हैं । प्रधानमंत्री ने सबसे पहले राजस्थान की जनसभा में कहा कि, "कांग्रेस की नजर आम लोगों की मेहनत की कमाई पर है, प्रापर्टी पर है महिलाओं के मंगलसूत्र पर है। कांग्रेस ने इरादा जाहिर कर दिया है कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो लोगों के घरों, प्रापर्टी और गहनों का सर्वे कराएगी फिर लोगों की कमाई कांग्रेस के पंजे में होगी। कांग्रेस की नजर देश की महिलाओं के गहनों पर है, माताओं- बहनों के मंगलसूत्र पर है, वो उसे छीन लेना चाहती है। कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में उसके इरादे साफ जाहिर हो रहे हैं। अगर कांग्रेस की सरकार आई तो लोगो के बैंक एकाउंट में झांकेगी, लॉकर खंगालेगी, जमीन -जायदाद का पता लगायेगी और फिर सबकुछ छीनकर उसे घुसपैठियों और ज्यादा बच्चे वालों में बांट देगी। प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा कि कांग्रेस यह संपत्ति उन लोगों को बांटेगी जिन्हें मनमोहन सरकार ने कहा था कि देश की संपत्ति पर पहला अधिकार मुसलमानों का है। इस बयान से चुनाव के मैदान में तूफान आ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को धार्मिक आधार पर मुस्लिम आरक्षण को लेकर भी घेरा है। उन्होंने बताया कि किस प्रकार से कांग्रेस ने आंध्र प्रदेश में 2004 से 2010 के बीच मुसलमानों को दलितों, पिछड़ों, अति पिछड़ों का हिस्सा काटकर उसमें से ही विशेष आरक्षण देने का भरसक प्रयास किया किंतु न्यायपालिका के हस्तक्षेप से कांग्रेस का यह विकृत पायलट प्रोजेक्ट लागू नहीं हो सका। जबकि अब यही कांग्रेस भारत का संविधान बदलकर दलित, पिछड़ों, अतिपिछड़ों के अधिकारों में कटौती करके मुस्लिम आरक्षण देने की बात कर रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपने ही बयानों से फंस जाते हैं। प्रधानमंत्री मोदी को फुल टॉस गेंद फेंक कर चुनाव के मैदान में चौके-छक्के लगाने का अवसर दे बैठते हैं। राहुल गांधी ने कांग्रेस का घोषणापत्र जारी हो जाने के बाद एक जनसभा में कहा कि, "सत्ता में आने पर वह देश का एक्सरे कर देंगे। दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा। पिछड़े, दलित, आदिवासी, गरीब, सामान्य वर्ग के लोगों को पता चल जाएगा कि इस देश में उनकी भागीदारी कितनी है। इसके बाद हम वित्त और संस्थागत सर्वे करेंगे और यह पता लगाएं कि हिंदुस्तान का धन किसके हाथों में है और इस ऐतिहासिक कदम के बाद हम क्रांतिकारी काम शुरू करेंगे।" इस बयान ने प्रधानमंत्री मोदी को रन बनाने का सुनहरा अवसर दे दिया और वे हिंदुत्व को लेकर आक्रामक हो गए। इस बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जो अभी तक केवल अयोध्या, मथुरा, काशी और विरोधी दलों के माफिया प्रेम व कानून व्यवस्था की बात कर रहे थे वो भी बोल पड़े, "कांग्रेस देश में शरिया कानून लागू करना चाहती है लेकिन यह देश संविधान से ही चलेगा शरिया से नहीं। योगी का कहना है कि बीजेपी को मिलने वाल एक- एक वोट कर्फ्यू से मुक्ति और बेटियों की सुरक्षा से गारंटी देता है। वहीं, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा शर्मा का बयान आता है कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर पाकिस्तान की छाप है। कांग्रेस के घोषणापत्र और उसके स्टार प्रचारक के बयानों से तो यह तो स्पष्ट ही था कि अब कांग्रेस पूरी तरह से टुकड़े- टुकडे गैंग और शहरी नक्सलियों के हाथ में चली गयी है लेकिन कन्हैया कुमार को टिकट देकर उसने इस बात को साबित भी कर दिया। एक समय था कि राहुल गांधी के पिता राजीव गांधी व दादी इंदिरा गांधी ने जातिगत जनगणना को देश के लिए घातक माना था। आज राहुल गांधी उन्हीं के विरुद्ध जाकर जातिगत जनगणना की बात कह रहे हैं। राहुल गांधी की असली मंशा जगजाहिर हो चुकी है। एक बात ध्यान देने योग्य यह भी है कि विपक्ष का गठबंधन तो बन गया और उनकी तीन रैलियां भी हो चुकी हैं किंतु उसके पास प्रधानमंत्री कौन बनेगा इस बात को लेकर असमंजस है। विपक्षी दलों के घोषणापत्रों में वैसे तो विरोधाभास है किंतु मुस्लिम तुष्टिकरण के मामले पर सब एक हैं। आज भाजपा को हिंदुत्व पर आक्रामक होने का अवसर किसी ने दिया है तो वह केवल और केवल कांग्रेस व इंडी गठबंधन के नेता ही हैं। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में मुसलमानों से कई वायदे किये हैं जिसमें उसने कहा है कि सत्ता में आने पर फैसले बहुसंख्यकवाद पर नहीं अल्पसंख्यकवाद पर आधारित होंगे। कांग्रेस "संविधान बचाओ" के नाम पर भाजपा को घेरने का प्रयास कर रही थी किन्तु उसके घोषणापत्र ने उसकी कलई खोल दी और भाजपा को हिंदुत्व की राजनीति करने का अवसर दे दिया । वैसे भी आम नागरिक और भाजपा कार्यकर्ता दोनों ही प्रधानमंत्री मोदी की आक्रामक छवि को अधिक पसंद करते हैं । परिणाम तो चार जून को आएगा किन्तु अभी कांग्रेस बैकफुट पर है।

## साहित्य/लोक साहित्य


### ब्रह्मेश्वर नाथ मिश्र की कविता





भगवान कृष्ण गोकुल छोड़ कर चले गए हैं और इधर राधा कृष्ण विरह में व्याकुल अपने आप से अपनी विरह वेदना व्यक्त कर रहीं हैं । कहतीं हैं कि हे कान्हा मैं तुमसे नहीं बोलूँगी । काहे को तुम से प्रेम किया अब बैठे पछता रही हूँ । जब तुम कभी मिलोगे तो मैं अपना घूंघट भी नहीं खोलूँगी । इसी प्रसंग पर प्रस्तुत है मेरी ये रचनाः-----

कान्हा तो से नाहिं बोलौं ।
आवन कहि गए अजहु न आए,
गलि गलि खोजत डोलौं ।
कान्हा तो से नाहिं..........
खोजत फिरत चलौं बन उपवन,
एक झलक नहिं देखौं ।
कान्हा तो से नाहिं..........
बंशि कि धुन अब सुनहुँ न पावौं,
बिरह बियोग मैं झेलौं ।
कान्हा तो से नाहिं..........
काहे को तो से नेह लगाई,
बैठि बैठि पछतावौं ।
कान्हा तो से नाहिं..........
अबकी जो तू मिले कन्हैया,
घुँघटा नहिं खोलौं ।
कान्हा तो से नाहिं..........




**मेष राशिः** आज आपकी दिनचर्या अच्छी रहेगी। आज आपके अंदर पॉजिटीविटी बनी रहेगी, जिससे आपका मन...काम करने में लगा रहेगा। आज आपको व्यापारिक यात्रा से फायदा होगा। लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल रहेगा। आपके विचारों में सकारात्मकता रहेगी। किसी भी मामले पर बहस करने से बचें। ऑनलाइन बिजनेस कर रही महिलाओं की इनकम में इजाफा होगा।

**वृष राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सेहत के मामले में दिन अच्छा है। काफी समय पहले दिए इंटरव्यू का रिजल्ट आज आपके पक्ष में आयेगा। आपकी कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात होगी, जो आपके करियर के लिए मददगार रहेंगे। आप परिवार की इच्छाएं पूरी करने में सफल होंगे। आज आपको सभी कामों में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे। आपको कुछ नये बिजनेस प्रपोजल भी मिल सकते हैं।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहद खास होगा। आप किसी जरूरी काम में व्यस्त रहेंगे। आपको इनकम के नए सोर्स प्राप्त होंगे। आपको व्यापार में उम्मीद से अधिक लाभ होगा। आपको अपने घरेलू काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। आप अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए कोशिश करेंगे। बड़े-बुजुर्ग की सेहत का ख्याल रखना, आपको उनका प्रिय बना देगा। माता-पिता का आशीर्वाद लें, आपकी सभी समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**कर्क राशिः** आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होगा। किसी जरूरी काम में आपको भाई-बहन का सपोर्ट मिलेगा। आज आप परिवार के साथ कुछ बेहतरीन पलों का आनंद उठायेंगे। आप खुद को एनर्जेटिक महसूस करेंगे। करियर में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिए लाभकारी होगी। आज आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आयेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर रहेगी। आज आपको मेहनत का पूरा फल मिलेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपनी इनकम बढ़ाने के लिए आप कुछ नया प्लान बनायेंगे। बिजनेस में जो नए ऑफर मिलेंगे उन पर विचार करें, आपको फायदा हो सकता है। किसी बिगड़े रिश्ते को सुधारने में आज आप सफल हो सकते हैं। शाम को परिवार के साथ समय बितायेंगे, जिससे पारिवारिक जीवन खुशहाल बनेगा। मैनेजर पोस्ट के लोगों के लिए दिन शानदार रहेगा।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आप पर ईश्वर की असीम कृपा है जिससे आपके बिगड़ते सभी काम बन जायेंगे। दोस्तों के साथ रिश्ते में सुधार आयेगा। आज आप अपने किसी मित्र की आर्थिक सहायता कर सकते हैं। बिजनेस शुरू करने से पहले बड़े भाई से सलाह अवश्य लें। फिजूल खर्चों पर आज आप रोक लगाकर बचत करने के बारे में सोचेंगे।

**तुला राशिः** आज का दिन बेहद खास होने वाला है। ऑफिशियल मामलों में आपका कॉन्फिडेंस कुछ डगमगा सकता है, इसलिए अपने काम पर एकदम फोकस बनायें रखें। दोस्तों और परिवार के साथ व्यस्त रहेंगे। कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। आज कुछ नए काम भी अचानक सामने आ सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। नौकरी पेशा वाले लोगों की अच्छी इनकम होगी। प्रॉपर्टी से जुडी समस्याओं के लिए भागदौड़ के उपरांत काम बन जायेगा। आज अपने विचारों को लेकर आप थोड़े जज्बाती भी हो सकते हैं। कुछ मामलों में आज आप एक्टिव रहेंगे। सगे सम्बन्धियों से अच्छे तालमेल बनेंगे। आज किसी जरूरतमंद की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**धनु राशिः** आज आपका दिन आपके परिवार के लिए नई खुशिया लाया है। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आज राह चलते किसी अनजान व्यक्ति से बेवजह न उलझें। अपनी स्थिति और योग्यता के हिसाब से ही काम करेंगे तो समाज में सम्मान मिलेगा। संयम रखने से रुकी योजनायें सफल होंगी। किसी स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से आज आपको आराम मिलेगा। आज आप कोई नई भाषा सीखने के बारे में विचार करेंगे।

**मकर राशिः** आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज नकारात्मक विचारों से बचने की कोशिश करेंगे। कोई अच्छी खबर भी आपको मिल सकती है। रोजगार के मामले में किसी से सलाह लेंगे। पार्टनरशिप में भी फायदा होने के योग बन रहे हैं। अपने स्वभाव को बैलेंस रखें आपके सभी काम बनेंगे। पुत्र पक्ष से सुख मिलेगा।

**कुंभ राशिः** आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। आज आप अपने काम पर ज्यादा ध्यान देंगे। जहां तक हो सके, सकारात्मक और कॉन्फिडेंट रहें। आपके जरूरी कामकाज आज निपट सकते हैं।रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आज आस-पास के लोगों से कुछ नई बात सीखेंगे। आपको अपनी योजनाओं के प्रति गोपनीयता बनाये रखने की जरूरत है।

**मीन राशिः** आज आपका दिन.. जोश से भरा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में लोगों से पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा। आज इनकम के नए रास्ते खुलेंगे। बच्चे माता-पिता के साथ मंदिर जायेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। आज किस्मत आप पर मेहरबान रहेगी। आपकी अधूरी इच्छा पूरी हो सकती हैं। जो लोग टूर एंड ट्रेवल्स के बिजनेस से जुड़े है, उनके बिजनेस में आज तेजी आएगी।

## शब्द सामर्थ्य -039

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

**ऊपर से नीचे**

1. बेफ्रिक, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | | 3 | 4 | 5 | |
| | | | | | 6 | | | |
| 7 | | | 8 | | | | | 9 |
| | | | 10 | | 11 | | 12 | |
| 13 | 14 | | | | 15 | 16 | | |
| | | | | | 17 | | | |
| 18 | | 19 | | 20 | | | | |
| | | 21 | | | | 22 | | 23 |
| 24 | | | | 25 | | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 038 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मा | म | ला | | सि | वा | य | | कि |
| लि | | चा | ह | त | | म | म | ता |
| क | सू | र | | म | ग | न | | ब |
| | र | | | | द | | | |
| क | मा | न | | पा | र | स | | स |
| मी | | म | जा | ल | | न | क | ली |
| ना | दा | न | | ना | र | द | | का |
| | मि | | | | तों | | | |
| सु | नी | ल | | अ | धी | र | | जी |

## सू- दोकू क्र.039

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.038 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

'पुष्पेश पब्लिकेशन', श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013 के लिए स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक **पूर्णेन्दु पुष्पेश** द्वारा प्रकाशित तथा 'गोपीन्दु इंटरप्राइजेज' प्रेस, चास, बोकारो में मुद्रित। पंजीकृत कार्यालय– गोपीन्दु भवन, श्रीकृष्णापुरी, चास, बोकारो–827013. झारखंड।
संपादक : **पूर्णेन्दु पुष्पेश**®; प्रबंध संपादक : **राजेश मोहन सहाय**; समाचार संपादक : **राजेश कुमार**। बिहार प्रभारी : **संतोष श्रीवास्तव।** **रांची –** 93, मेजर कोठी, इटकी रोड, हेहल, झारखंड। **गिरिडीह –** बाभनटोली, गिरिडीह, झारखंड।
फोन– 9142412511/9334444424/9102251947/9431366404; WhatsApp- 9142412511; Website : www.rashtriyamukhyadhara.com
®समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। ◦ यहाँ प्रकाशित लेखों–आलेखों में व्यक्त सत्य, तथ्य और विचार लेखकों के सर्वथा निजी हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट खराब, मुंबई से टेक्निकल टीम पहुंची

**पटना।** पटना एयरपोर्ट पर विस्तारा की फ्लाइट संख्या यूके 717 दिल्ली से पटना आने के बाद खराब हो गई। जांच के दौरान ये जानकारी मिली की इसके इंजन में कुछ टेक्निकल फॉल्ट है। इसके बाद इससे यात्रा करने वाले यात्रियों को इसकी सूचना दी गई है। यह फ्लाइट सुबह 9 बजे के आस पास पटना एयरपोर्ट पर पहुंची थी और 11 बजे फिर से इसे पटना से दिल्ली जाना था। विमान में आई तकनीकी खराब को ठीक करने के लिए मुंबई से इंजीनियर्स को बुलाया गया है। कंपनी की तरफ से इस फ्लाइट से जाने वाले यात्रियों को अलग फ्लाइट की व्यवस्था की गई है।

### दोहरे हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार, 3 साल पहले बाप

**हाजीपुर।** वैशाली के राघोपुर थाना की पुलिस ने दोहरे हत्याकांड में तीन साल से फरार चल रहे मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वैशाली पुलिस अधीक्षक हर किशोर राय ने बताया कि जमीन विवाद में तीन साल पहले मुख्य आरोपी अमन कुमार ने 6 नवंबर 2021 को तीन लोगों पर गोली चलाई गई थी। इसमें विवेक कुमार गंभीर रूप से घायल गया था। जबकि उसके पिता सोनू कुमार सिंह और दादा कामेश्वर सिंह की मौत हो गई थी। घटना में 8 लोगों को अभियुक्त बनाया गया था। इसमें एक की गिरफ्तारी उसी दिन हो गई थी, जबकि बाकी 7 लोग फरार चल रहे थे। गुरुवार को मुख्य आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। फिलहाल 6 लोग मामले में फरार चल रहे है। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

### पिकअप से एक हजार लीटर स्प्रिट बरामद, पुलिस को देखकर शराब तस्कर फरार

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में पुलिस चुनावी माहौल को लेकर लगातार विशेष अभियान चला रही है। इस दौरान सभी थाने की पुलिस ने इस अभियान के तहत गश्ती बढ़ा दी है। जिला पुलिस अवैध शराब और अपराधी गतिविधि के खिलाफ लागातार सूचना संकलन कर रही है। इस क्रम में सिकंदपुर थाना क्षेत्र की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर रामजानकी मंदिर के सामने वाली गली में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने पहुंची। इस दौरान शराब तस्कर पिकअप से बड़ी मात्रा में स्प्रिट लेकर जा रहा रहा था। पुलिस को देखते ही शराब तस्कर पिकअप छोड़कर भागने लगा। जिसके बाद पुलिस ने उसका पीछा किया, लेकिन वो भाग गया।

**वाहन को जब्त कर पुलिस थाने ले आई:** पुलिस की टीम ने पिकअप की जांच की। इस दौरान पुलिस को पांच ड्राम में एक हजार लीटर स्प्रिट मिली। जिसके बाद पुलिस पिकअप को जब्त कर थाने ले गई। मामले में एफआईआर दर्ज कर फरार तस्कर की गिरफ्तार के लिए छापेमारी की जा रही है। Asp भानू प्रताप सिंह ने बताया कि 1000 लीटर स्प्रिट बरामद की गई है। इस मामले में मध्य निषेध अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इसके साथ वाहन मलिक और चालक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। इस मामले में जांच चल रही है। जल्दी ही आरोपित की गिरफ्तारी होगी।

### मुजफ्फरपुर में तेज रफ्तार पिकअप ने युवक को रौंदा, घटनास्थल पर ही हुई मौत

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर के सदर थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार पिकअप ने शादी समारोह में गोलगप्पे का स्टॉल लगाने जा रहे एक युवक को रौंद दिया। मौके पर ही युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। घटना मधुबनी फोरलेन की है। मृतक की पहचान मधुबनी गांव के सैनिक टोला निवासी विकेंद्र पासवान(35) के तौर पर हुई है। जो गोलगप्पा बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के मुताबिक गुरुवार विकेंद्र बाइक से गोलगप्पे का स्टॉल लगाने जा रहा था। इस पिकअप ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों में इस घटना काफी आक्रोश है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए SKMCH भेज दिया है। सदर थाना अध्यक्ष अशिमत कुमार ने बताया कि सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### बिहटा में 6 दुकानों में लगी आग, शॉर्ट सर्किट की वजह से हुआ हादसा, लाखों का हुआ नुकसान

**पटना।** पटना के बिहटा व-क्रम मुख्य मार्ग में सह डॉ. ललित मोहन शर्मा के नजदीक बीते देर रात को की शार्ट सर्किट से अचानक आधा दर्जन से अधिक दुकानों में आग लग गई। अगलगी में कई जिंदा बकरी,मुर्गा समेत अन्य समान जल कर खाक हो गए। करीब 12 से 15 लाख की संपत्ति जल का राख हो गई ।घटना की सूचना पर बिहटा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने घंटो मशक्कत के बाद तीन दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया। बताया जाता है कि गुरुवार की देर रात करीब 12 बजे के करीब की शार्ट सर्किट होने से उसकी निकली चिंगारी दुकान पर गिर गई। देखते देखते आसपास में कई दुकानें को आग ने चपेट में लिया। बिहटा थाना प्रभारी दीक्षा भंवरे ने कहा कि आग लगने की सूचना प्राप्त हुई है।फिलहाल पीड़ित के तरफ से लिखित आवेदन आने के बाद आगे की कार्रवाई किया जायगा।



### मसौढ़ी में सिलेंडर ब्लास्ट, 6 झोपड़ी जलकर राख, 30 से ज्यादा लोग घायल



**पटना।** पटना के मसौढ़ी अनुमंडल के चपौर गांव में गैस सिलेंडर लीक होने से भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने आसपास की कई झोपड़ियां को अपनी चपेट में ले लिया और आधा दर्जन झोपड़ियां जलकर राख हो गई। आग को बुझाने और गैस सिलेंडर के ब्लास्ट होने से इसकी चपेट में आने से 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए पास के नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। आग की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना लहसूना थाने को दी। सूचना मिलते ही स्थानीय थाना और अग्नि दस्ते की गाड़ी मौके पर पहुंची। इस बीच छह झोपड़ियां जलकर राख हो गई। शुक्रवार की सुबह संतु पासवान के घर पर महिलाएं गैस सिलेंडर से खाना बना रही थी। इसी क्रम में गैस सिलेंडर अचानक लीक हो गया और तेजी से आग फैलने लगी। आग को बुझाने के लिए आसपास झोपड़ी के लोग मौके पर पहुंचे। इस बीच गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गया। गैस सिलेंडर के ब्लास्ट करते ही आग की लपेट तेज हो गई। इसी क्रम में आसपास के 6 झोपड़ियां को अपनी चपेट में ले लिया और देखते ही देखते 6 झोपड़ियां जलकर राख हो गई। लहसुना थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष मोहम्मद जावेद ने बताया कि सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस घटना में संतु पासवान, बुलट पासवान, बेआदर पासवान, पिंकू पासवान, भागवत ठाकुर, नवीन पासवान के घर पूरी तरह जल कर नष्ट हो गए।

# होटल पाल के मालिक पर केस हादसे के बाद भाग गए स्टाफ

एजेंसी, पटना।

पटना में गुरुवार को होटल पाल में लगी आग में 6 लोगों की मौत हो गई। अब इस मामले में होटल पाल और होटल अमृत के मालिक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दोनों होटल के मालिकों पर लापरवाही बरतने का आरोप लगा है। होटल मालिकों के अलावा अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की गई है। इस केस का IO (इन्वेस्टिगेशन ऑफिसर) इंस्पेक्टर शकील अहमद को बनाया गया है। केस दर्ज होने की पुष्टि कोतवाली थानाध्यक्ष राजन कुमार ने की है। दरअसल, जिस समय आग लगी, उस समय होटल कई लोग खाना खा रहे थे, तो कई लोग दूसरे और तीसरे फ्लोर के कमरे में सो रहे थे। आग इतनी खतरनाक थी कि बहुत लोगों को संभलने या भागने मौका नहीं मिला। इस घटना के बाद अभी भी कुछ लोग सदमे में हैं, जो इस हादसे के शिकार होते-होते बचे है। वहीं, कई परिवारों में



मौत का मातम पसरा है। इस घटना में बंगाल की रहने वाली एक डांसर शेख दुलारी ने अपनी आपबीती सुनाई। डांसर ने बताया कि हादसे के दौरान वह कमरे में सो रही थी, लेकिन किसी कर्मचारी ने उठाने की कोशिश नहीं की। होटल के सभी कर्मचारी बिना बताए भाग गए। शेख दुलारी का कहना है कि वह किसी तरह अपने साथी के साथ कंबल ओढ़कर छत पर पहुंचकर अपनी जान बचाई। दूसरी ओर मृतकों में एक भोजपुर निवासी देवेंद्र पाठक का 25 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार पाठक भी है। जो अपने दोस्त के साथ होटल में खाना खाने गया था। इसी दौरान गैस रिसाव होने से पूरे होटल में आग लग गई और राहुल अंदर ही फंस गया। उसकी झुलस कर मौत हो गई। राहुल 10 साल से पटना में रह रहा था। चाट दुकान में काम करता था।

**डांसर बोली- ऑर्केस्टा बैंड ने 14 हजार में बिहार बुलाया, लेकिन पैसा नहीं दिए:** डांसर शेख दुलारी ने बताया कि वह अपने साथी के साथ डांस करने आरा के नवादा गई थी। आलम ऑर्केस्टा बैंड ने 14 हजार रुपए में साटा कर के बुलाया था। प्रोग्राम के बाद रुपए भी नहीं दिए। बीच रास्ते में गाड़ी से धक्का मारकर उतार दिया। जैसे-तैसे कर के वह पटना आई। कार्यक्रम के दौरान जगी थी। इसलिए पाल होटल में ठहर गई। वह दिन में सोने के बाद रात में ट्रेन पकड़ने वाली थी। घटना के समय वो होटल के कमरे में मौजूद थी। उसका साथी गहरी नींद में था। जब एसी ब्लास्ट हुआ तो बाहर निकलकर देखी। देखने के बाद अपने साथी को जगाई और बाहर निकलने की कोशिश में जुट गई। उसने बताया कि इस दौरान होटल के किसी कर्मी, मैनेजर या किसी ने नहीं बताई की आग लगी है। सब बिन बताए भाग गए। एसी ब्लास्ट नहीं करता तो हम लोग भी जिंदा जल जाते। बहुत हिम्मत करके अपने साथी के साथ कंबल ओढ़कर छत तक पहुंची। तब जाकर जान बच पाई।

**ऐसे लोगों को होनी चाहिए सजा:** शेख दुलारी ने बताया कि पूरा दहशत का माहौल था। हर कोई यही कह रहा था, बचाओ- बचाओ। होटल की व्यवस्था बहुत खराब थी। किसी ने सहयोग नहीं किया। ऐसे होटल को सील कर देना चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। महज कुछ घंटे ठहरने के लिए होटल वालों ने 12 सौ रुपए लिए थे।

## पटना जंक्शन इलाके के होटलों में छापेमारी, होटलों में फायर सेफ्टी और मानकों की जांच

एजेंसी, पटना।

पटना के पाल होटल पाल में लगी आग में 6 लोगों की मौत के बाद प्रशासन अलर्ट मोड में दिख रहा है। शुक्रवार को जिला प्रशासन और पुलिस की टीम ने संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न होटलों में छापेमारी की। अब तक 6 से अधिक होटलों की तलाशी ली जा चुकी है। होटलों में सभी तरह की लापरवाही को ध्यान में रखते हुए चेकिंग हो रही है। पटना सदर एसडीएम दिशा निर्देश भी दे रहे हैं। जिसे पदाधिकारी रजिस्टर्ड कर रहे हैं। अभी छापेमारी जारी है। टीम में सदर एसडीएम श्रीकांत कुंडलिक खांडेकर, विधि व्यवस्था डीएसपी कृष्ण मुरारी प्रसाद, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी नीलम कुमार, कोतवाली इंस्पेक्टर



शकील अहमद और अग्निशमन विभाग के पदाधिकारी भी शामिल हैं। पटना के रहने वाले अमित कुमार ने बताया कि खासकर जंक्शन इलाके के होटलों की बहुत ही बुरी स्थिति है। कभी-कभार ट्रेन पकड़ने के दौरान रूम लेने की जरूरत पड़ जाती है तो अंदर से डर लगता है। इतने कंजेस्टेड होटल हैं कि सांस लेने में भी परेशानी होने लगती है। इससे अच्छा तो गोरखपुर हो गया है। जहां पहले इस तरह की होटलों को तोड़ दिया गया है। यहां भी तोड़ने की जरूरत है।

## 14 जिलों में हीट वेव का अलर्ट



♦ 12-3 बजे तक घर में रहने की सलाह; पटना में 41 डिग्री के पास पारा

एजेंसी, पटना।

बिहार के कई जिले लू की चपेट में है। मौसम विभाग ने 28 अप्रैल तक पटना, पश्चिम चंपारण, गोपलगंज, सारण, बक्सर, रोहतास, औरंगाबाद, जहानाबाद, शेखपुरा, गया, जमुई, बांका, भागलपुर, पूर्णिया में लू का अलर्ट जारी किया गया है। बाकी 24 जिलों में हॉट डे रहेगा। वहीं गुरुवार को 8 जिलों का पारा 40 डिग्री के ऊपर दर्ज किया गया। गया 41.6 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ज्यादा गर्म रहा। मौसम विभाग के अनुसार आज 26 अप्रैल को दोपहर 12 से 3 बजे के बीच सतही हवा की रफ्तार 20-30 किलोमीटर प्रति घंटे रहने कि संभावना है। मौसम विभाग ने इस दौरान घर से बाहर निकलने से बचने और खुद को हाइड्रेटेड रखने की सलाह दी है। पटना जिले में बढ़ती गर्मी से बच्चों के सेहत पर पड़ने वाले विपरीत प्रभाव को रोकने के लिए डीएम शीर्षत कपिल अशोक ने एक बार फिर स्कूलों के टाइमिंग में बदलाव किया है। अब 26 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिले के सभी सरकारी, निजी, प्री-स्कूल के साथ आंगनबाड़ी में चलने वाली 10वीं तक की कक्षाएं सुबह 10.30 बजे तक चलेगी। 11वीं और 12वीं की कक्षाएं सुबह 11.30 बजे तक चलेंगी।

## मीसा भारती ने खटाल में खोला चुनाव कार्यालय, लालू की बेटी बोलीं-इस बार NDA की विदाई तय

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में पाटलिपुत्र लोकसभा से राजद प्रत्याशी मीसा भारती ने खटाल में चुनाव कार्यालय बनाया है। कार्यालय का उद्घाटन करने राजद सुप्रीमो लालू यादव और पूर्व सीएम राबड़ी देवी पहुंचीं। उद्घाटन समारोह के बाद मीसा ने कहा, इस बार एनडीए की विदाई तय है। वहीं, राबड़ी देवी ने कहा कि रोहिणी को भी सारण की जनता का समर्थन मिल रहा है। चुनाव कार्यालय में मीसा भारती ने अपने पति शैलेश के साथ पूजा अर्चना भी की। मीसा भारती ने कहा कि क्षेत्र की जनता बहुत दिनों से कार्यालय की मांग कर रहे थे। अब क्षेत्र के लोग आराम से यहां आकर मिल सकते हैं और अपनी समस्या बता सकते हैं। यही हमारा प्रधान



राबड़ी ने कहा-रोहिणी को मिल रहा समर्थन

कार्यालय होगा। उन्होंने कहा कि पहले और दूसरे चरण के चुनाव में हमारी गठबंधन की जीत पक्की है। देश की जनता ने 2 बार एनडीए को मौका दिया, लेकिन मोदी सरकार ने कोई वादा पूरा नहीं किया। इस बार जनता I.N.D.I.A गठबंधन के प्रत्याशियों पर विश्वास जाता रही है।

**इधर-उधर की बात कर निकल जाते हैं पीएम:** प्रधानमंत्री के आज बिहार दौरे को लेकर मीसा भारती ने तंज कसा। उन्होंने कहा, बिहार के मुख्य मुद्दे हैं- युवाओं का पलायन, किसान की आय दोगनी करना, बेरोजगारी खत्म करना, बंद पड़े चीनी मिल को चालू करना और महंगाई खत्म करना। इन मुद्दों पर बोलने के बदले पीएम मोदी इधर-उधर की बात कह कर निकल जाते हैं। मीसा भारती ने दावा कि इस बार एनडीए 200 का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी, 400 तो बहुत दूर की बात है।

**रोहिणी को मिल रहा जनता का समर्थन:** वहीं, राबड़ी देवी ने कहा कि पूरे बिहार में महागठबंधन की जीत तय है। एनडीए के दावा 400 पार को लेकर मुस्कान भरी अंदाज में कहा कि देश के साथ बिहार की जनता देख रही है। बेटी रोहिणी आचार्य को सारण में जनता का समर्थन मिल रहा है।

## किलकारी में समर कैंप की शुरुआत कल से

**रेन डांस से कैंप का होगा उद्घाटन, 70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे लेंगे भाग**

एजेंसी, पटना।

गर्मी छुट्टियों में कई बच्चे कहीं घूमने जाते हैं तो कुछ इस टेक्नोलॉजी वाले दुनिया में घर पर ही मोबाइल से नजदीकी बढ़ा लेते हैं। ऐसे में समर कैंप से जुड़ना नई चीजों को सीखने का एक मौका देता है। इसे देखते हुए पटना के किलकारी में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। किलकारी की चक धूम धूम समर कैंप की शुरुआत 28 अप्रैल से की जाएगी, जो 15 मई तक आयोजित होगी। बच्चों के पसंदीदा रेन डांस से कैंप का उद्घाटन होगा।

**70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे लेंगे भाग:** इसके लिए किलकारी के बच्चे अपना रजिस्ट्रेशन करा रहे हैं। इसमें रजिस्ट्रेशन बिल्कुल फ्री है। इस कैंप में बच्चों को नृत्य



संगीत, वादन, नाटक, फोटोग्राफी एंड साउंड एडिटिंग, कंप्यूटर, विज्ञान, चित्रकला, हस्तकला, मूर्तिकला, सृजनात्मक लेखन, खेल और फन गेम्स में भाग लेने का मौका मिलेगा। 18 दिनों तक चलने वाले इस कैंप में 9 राज्यों के 12 कलाकार/विशेषज्ञ बच्चों को ट्रेनिंग देंगे। इसके साथ ही 40 स्थानीय प्रशिक्षक भी बच्चों को प्रशिक्षित करेंगे। 70 से भी ज्यादा एक्टिविटी में बच्चे भाग लेंगे।

**बिहार की लोक संगीत से लेकर केरल की लोक नृत्य की मिलेगी ट्रेनिंग:** नृत्य में बच्चे बिहार की लोक संगीत परंपरा, तिरुवाथिरा लोक नृत्य (केरल), फ्री स्टाइल डांस, रोप डांस आदि सीखेंगे। वहीं, चित्रकला में पटना कलम चित्रकला, पट्ट चित्र, मधुबनी, स्केचिंग, सब्जी प्रिंट, फेंस पेंट आदि सीखने का मौका मिलेगा। इसके आलावा हस्ताकला में क्विलिंग कला, नेचुरल वेस्ट मेटेरियल से क्राफ्ट निर्माण, मूविंग टॉय मेकिंग के बारे में सिखाया जाएगा। इन बच्चों को यहां के प्रशिक्षकों के अलावा बाहर के प्रशिक्षकों से भी सीखने का मौका मिलेगा।

## दुकानदारों के लिए समय निर्धारित किया गया

एजेंसी, पटना।

♦ सुबह 5 से 9 बजे तक, शाम में 7 से 10 की टाइमिंग, नेहरू पथ पर कोई दुकानें नहीं रहेगी


पटना शहर को जाम से मुक्ति दिलाने के लिए प्रशासन लगातार कार्य करने में लगी हुई है, जिससे आम लोगों को किसी तरह समस्या नहीं हो। इसके लिए नगर निगम आयुक्त ने दुकानदारों के लिए समय सीमा निर्धारित किया है। नगर निगम आयुक्त ने इस बात की जानकारी देते हुए बताया कि शहर में सब्जी और फल दुकानदार की वजह से सड़क पर जाम की समस्या हो जाती है। आम जनों की परेशानी बढ़ जाती है। इसे देखते हुए स्ट्रीट वेंडर दुकानदारों के साथ बैठक कर दिशा निर्देश दिए गए हैं। नेहरू पथ पूर्ण रूप से नो वेडिंग जोन रहेगा। इससे आम जनों को समस्या नहीं होगी।

**क्या है टाइमिंग:** सुबह 5 बजे से सुबह 9 बजे तक और शाम 7 से 10 बजे तक की अवधि में ही दुकानें लगेंगी। इसके साथ ही नेहरू पथ पूर्ण रूप से नो वेंडिंग जोन रहेगा। आमजन की सुविधा और यातायात को देखते हुए पटना की सड़कों पर ब्लैक स्पॉट पर दुकान नहीं लगानी है। निर्धारित जगहों पर ही वेंडर को दुकान लगाना होगा। बिना लाइसेंस वाले वेंडरों को दुकान लगाने की अनुमति नही होगी। मई के प्रथम सप्ताह में टाउन वेंडर की बैठक आयोजित होगी। नए वेंडिंग जोन में वेंडरों को व्यवस्थित किया जायेगा.

## पति-पत्नी ने की खुदकुशी, लिखा- ससुराल वालों को मत बताना

एजेंसी, पटना।

पटना में शुक्रवार सुबह पति-पत्नी ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किचन से सुसाइड नोट मिला है। सुसाइड में नोट में पति ने अपने दोस्त को लिखा है कि मैं अपना शरीर त्याग रहा हूं। मेरे मरने के बाद छोटी बेटी को किसी अनाथालय में पहुंचा देना..उस रोने मत देना। हमारे मरने की जानकारी ससुराल को मत देने...क्योंकि मेरी पत्नी की यह आखिरी इच्छा है। मेरे पर्स में कुछ पैसे हैं..तुम इनसे हमारा अंतिम संस्कार कर देना...बस तुमसे अंतिम प्रार्थना है कि तुम मेरी छोटी बेटी को ठीक से पहुंचा देना या पाल लेना। यह मेरा आखिरी खत है।.... मामला बेऊर थाना स्थित दशरथा गांव के इंद्रपुरी मोहल्ले का है। घटना की सूचना के बाद पूरे मोहल्ले में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना स्थानीय लोगों ने बेऊर थाना को दी। सूचना मिलने के बाद बेऊर थाने की पुलिस मौके पर पहुंचकर पति-पत्नी



पटना में दोस्त से कहा- बेटी को अनाथालय छोड़ देना, तुम्हारा बड़ा उपकार होगा

के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पटना एम्स भेज दिया और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

घटना की पुष्टि करते हुए फुलवारी शरीफ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी विक्रम सिहाग ने बताया कि मामला आपसी पारिवारिक विवाद का बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया है।

**गंगा किनारे पटना के वोटर्स लगाएंगे चौके-छक्के**

## दीघा घाट पर होगा इंडियन वोटर्स लीग का होगा आयोजन, मैच के साथ वोटर्स को किया जाएगा जागरूक

एजेंसी, पटना।

लोकसभा चुनाव के लिए वोटिंग पटना में 1 जून को होगी। लोकसभा चुनाव में मतदाताओं को जगारूक करने के लिए पटना नगर निगम इंडियन वोटर्स लीग (IVL) कराने जा रहा है। यह देश में पहली बार होगा जब वोटिंग के लिए जागरूक करने के लिए क्रिकेट लीग का आयोजन हो रहा हो। इंडियन वोटर्स लीग का आयोजन गंगा किनारे दीघा घाट पर होगा। इसमें नए वोटर्स, महिला वोटर्स, दिव्यांग वोटर्स, युवा वोटर्स, बुजुर्ग वोटर्स, आदि की टीम रहेगी।

**500 से अधिक लाइटें लगाई जाएंगी:** पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पराशर ने कहा कि स्पोर्ट्स एक्टिविटी से लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया जाएगा। निस्संदेह इस लीग को गंगा किनारे आयोजित किया जाएगा। साइट का इंस्पेक्शन टीम मेंबर ने कर लिया है। एक से दो दिनों में पूरा शेड्यूल तैयार हो जाएगा। यह मैच शाम के टाइम में आयोजित होगी। इसके लिए मुकम्मल



लाइट की व्यवस्था की जाएगी। 500 से अधिक लाइट लगायी जाएंगी।

**15 दिनों तक चलेगा मैच:** नगर आयुक्त ने बताया कि यह आयोजन 15 दिनों तक चलेगा। नगर निगम क्षेत्र में 75 वार्ड हैं। इस कार्य में करीब 900 वाहन लगाए जाएंगे। निगम क्षेत्र में सभी डोर टू डोर कचरा वाहन पर लगी माइक से IVL संबंधी संदेश प्रसारित किया जाएगा। पटना शहर में लोगों को मतदान के तहत जागरूक करने के लिए यह पूरा काम किया जा रहा है। यह लीग वार्ड स्तर से शुरू होकर, अंचल और फिर निगम स्तर पर होगा। कई वार्डों को मिलाकर टीमें बनाई जाएगी। इसके बाद मुकाबले होंगे। IVL में शामिल होने टीम हर आयु वर्ग की होगी।

संक्षिप्त समाचार

## बसपा ने सपा को फिर पछाड़ने की जुगत लगाई, साइकिल की हवा निकालने के लिए नई रणनीति से घेराबंदी



**लखनऊ , एजेंसी।** बसपा ने सपा को पछाड़कर लोकसभा चुनाव में खुद को दूसरी सबसे ज्यादा सांसदों वाली पार्टी बनाने के लिए अपनी रणनीति में कई अहम बदलाव किए हैं। पार्टी ने सपा की जीती हुई सीटों पर ऐसे प्रत्याशी उतारे हैं, जो सपा को नुकसान पहुंचाने का दमखम रखते हैं। बता दें कि बसपा ने पिछला लोकसभा चुनाव सपा के साथ मिलकर लड़ा था, जिसमें बसपा को 10 जबकि सपा को 5 सीटों पर जीत हासिल हुई थी। सपा की जीती हुई पांच सीटों में से आजमगढ़ में भाजपा ने उपचुनाव में बाजी मार ली थी। जबकि रामपुर के सांसद आजम खां की सदस्यता समाप्त होने के बाद भाजपा के घनश्याम लोधी जीते थे। इस बार भी सपा को इन पांच सीटों पर जीत की उम्मीद है, लेकिन बसपा ने उसके प्रत्याशियों के सामने मुश्किल खड़ी कर दी है। बसपा ने मैनपुरी में सपा सांसद डिंपल यादव के खिलाफ शिव प्रसाद यादव को टिकट दिया है। इसी तरह रामपुर में सपा प्रत्याशी इमाम मोहिब्बुल्लाह का मुकाबला करने के लिए जीशान खान को टिकट दिया है।

## गजब का उत्साह, इन दिग्गज नेताओं ने डाला वोट, आखिर क्यों भड़कीं सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा?



**मेरठ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मेरठ और बागपत जनपद में लोकसभा चुनाव के लिए सुबह सात बजे ही मतदान जारी है। इस दौरान मेरठ व बागपत लोकसक्षा क्षेत्र में कई दिग्गज नेताओं ने मतदान किया है। उधर, सपा प्रत्याशी सुनीता वर्मा भाजपा कार्यकर्ताओं की इस हरकत पर भड़क गईं और डीएम से शिकायत की है। आइए जानते हैं कि आखिर किन-किन नेताओं ने वोट किया है। बागपत में सांसद सतपाल सिंह परिवार के साथ अपने गांव बासोली में मतदान करने पहुंचे। उधर, मेरठ में पूर्व भाजपा विधायक जितेंद्र सतवाई ने सुबह की मतदान किया। पूर्व मंत्री और बसपा के कद्दावर नेता हाजी याकूब कुरैशी ने मतदान किया। उन्होंने कहा कि विकास, नौकरी और शिक्षा के मुद्दे पर वोट किया है। कहा कि बदलाव होता दिख रहा है।

## रफान गैंग में शामिल शौकत अली की हिस्ट्रीशीट खुली, दर्ज हैं आगजनी



**कानपुर, एजेंसी।** जाजमऊ आगजनी के मामले में महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के गैंग में शामिल शौकत अली की हिस्ट्रीशीट ग्वालटोली थाने में गुरुवार को खुल गई। उसका एचएस नंबर 56 ए है। शौकत के खिलाफ विधायक के साथ आगजनी समेत नौ मामले दर्ज हैं।जाजमऊ निवासी नजीर फातिमा के प्लॉट में बनी झोपड़ी में आग लगाने के मामले में सपा विधायक इरफान सोलंकी, उसका भाई रिजवान, ग्वालटोली के सूटरगंज निवासी शौकत अली समेत सात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई थी। मामले में आरोपी सपा विधायक महाराजगंज और बाकी आरोपी कानपुर जेल में बंद हैं। शौकत के खिलाफ आगजनी के अलावा आधार कार्ड में धोखाधड़ी, नई सड़क हिंसा, मारपीट, गैंगस्टर, लूट, हत्या का प्रयास, लोक संपत्ति अधिनियम, रंगदारी समेत गंभीर धाराओं के नौ मामले दर्ज हैं। अपर पुलिस कमिश्नर हरीश चंदर ने बताया कि माफिया शौकत अली की आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त के चलते ग्वालटोली थाने में हिस्ट्रीशीटर खोली गई है।

# कैसरगंज सीट पर टिकट की गुत्थी के बीच शुरू हुई नई पैंतरेबाजी, राजनीतिक माहौल ऐसा कि हर कोई भौचक

**बलरामपुर , एजेंसी।** कैसरगंज लोकसभा सीट पर किसी भी दल ने अभी पत्ते नहीं खोले हैं। सियासी रण में टिकट की गुत्थी में उलझे दलों से जनता को उबारने का दांव चला गया है। सन्नाटे से बेसुर माहौल में सियासी बयार से पैठ बनाने की दस्तक तेज हो गई है। संसदीय चुनाव के दौर में एक नई इबारत लिखने की ओर बढ़ रहे कैसरगंज क्षेत्र की चर्चा प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में हो रही है। सन्नाटे के दौर से गुजर रहे कैसरगंज के सियासी रण में बहार लाने की कोशिशें अब रंग दिखाने लगीं हैं। कयासों की कलाबाजियों में थमी सियासी बयार से बेसुरे हो रहे माहौल में सुरों का रस घोलने की कवायद से कई संकेत मिले हैं। टिकट की गुत्थी में उलझे दलों में भी हाल के दिनों में सियासी रण में शुरू हुए कदमताल से हलचल मच गई है। यह अलग बात है कि लाख प्रयासों के बाद भी कोई दल चुप्पी तोड़ने को तैयार नहीं है। इससे सियासी माहौल की तपिश बढ़ नहीं रही है, जबकि रणबांकुरों के नामांकन का दरवाजा खुल चुका है। दो जिलों में फैले कैसरगंज संसदीय सीट हमेशा से ही सियासत की केंद्र में रही है। हिंदुत्व को धार देने के लिए चर्चित क्षेत्र सपा व कांग्रेस का गढ़ भी रहा है। बीते दो संसदीय चुनावों से भाजपा का ही कब्जा है। अभी तक कद गढ़ने और दलों का गढ़ होने से चर्चा में रहने वाला कैसरगंज अब सियासती दांवपेच से चर्चित है। यहां की नुमाइंदगी कर रहे सियासत के राजा आरोपों से घिरे तो बात दूर तक बात गई। चुनाव में ताल ठोंकने की बारी आने पर दलों ने होंठ तो सिले ही कदम तक रोक लिए। इससे संसदीय सीट के भविष्य के सवालों की धूम मची। चुनावी समर में छाई खामोशी को तोड़ने के लिए सियासदां ने मंच सजाए और टिकट की गुत्थी से जूझे दलों के दांव में उलझे लोगों को उबारने की कोशिशों को आगे बढ़ाया। इससे कयासबाजी और तेज हो गई है।



आम लोगों को सवालों का जवाब नहीं मिल पा रहा है कि मैदान में उतरने के दावे की तरह ही टिकट का दावा क्यों नहीं है। उसमें अगर, मगर, किंतु, परंतु जैसे संशय वाले शब्दों के शामिल होने से जन्मे सवाल खड़े हैं। मौजूदा गतिविधियों को सियासी सन्नाटे को चीरने के साथ ही पैठ, पहुंच और पकड़ मजबूत बनाने के सिलसिले से जोड़कर देखा जा रहा है।

### राजनीतिक माहौल ऐसा कि हर कोई भौचक्का

देवीपाटन मंडल की सियासत में चमक और धमक के साथ ही टिकट की गारंटी वाले का ही टिकट अटका हुआ है। पंचायत की सियासत हो या फिर विधानसभा और अन्य चुनाव में जिनसे चमत्कार की उम्मीदें बड़े बड़ों की रहती है, उनकी दशा से एक नई सियासी दिशा जन्म लेती दिख रही है। असल में जिनकी छांव में राजनीति का ककहरा पढ़कर रुतबा हासिल किया, उन्हीं के साथ से कतराए और फिर मंच पर आए...। ऐसे माहौल से सियासी मैदान रोमांच से खिलखिला रहा है। मंडल ही नहीं, प्रदेश में ऐसा रोमांचक माहौल शायद ही किसी क्षेत्र में हो। यह देखकर हर कोई भौचक्का है।

### अन्य दलों में बेचैनी, हाईकमान मौन

कैसरगंज में भाजपा चाहे जो कर रही हो, उसकी टीम गांवों में मुस्तैद है। सियासी मैदान सजाए है और सिर्फ सेनापति का इंतजार है। लेकिन सपा व बसपा में अजीब सी बेचैनी है। बीते दिनों एक पूर्व विधायक पार्टी के जिलाध्यक्ष के साथ सपा हाईकमान से मिले। टिकट तय करने की गुजारिश की। भाजपा की तैयारियों की तस्वीर पेश कर देरी से पार्टी के नफा- नुकसान की ओर इशारा भी किया। बकौल सपा जिलाध्यक्ष अरशद हुसैन अभी इंतजार करने की नसीहत के साथ ही क्षेत्र में कवायद की हिदायत मिली है। उनका कहना है कि जल्द ही पार्टी टिकट तय करेगी। यह भी माना कि देर तो हो ही रही है। इसकी जानकारी भी राष्ट्रीय अध्यक्ष को देने का दावा किया।

### पिछली बार सपा नहीं थी मैदान में, बसपा ने मचाया था शोर

कैसरगंज संसदीय सीट पर 2019 के चुनाव में सपा मैदान में नहीं थी। गठबंधन में बसपा के खाते में सीट थी और आजमगढ़ के चंद्रदेव राम यादव मैदान में थे। उस समय भाजपा के बृजभूषण शरण सिंह ने जीत हासिल की थी। सपा ने चुनाव ही नहीं लड़ा था तो इस बार उसे नए सिरे से मैदान सजाना होगा। इसकी चिंता भी पार्टी नेताओं को सता रही है। गोंडा व बहराइच जिले की पांच विधानसभाओं तक पैठ बनाने के लिए वक्त की जरूरत भी है। इसके बाद भी पार्टी हाईकामन निश्चिंत है। इसी तरह बसपा की ओर से अभी कोई निर्णय ही नहीं लिया गया है। देवीपाटन मंडल की किसी सीट पर उसने प्रत्याशी नहीं उतारा है।

# यादवलैंड फतह करने के लिए पहली बार मुखर हुई भाजपा मुलायम के नहीं रहने पर खत्म हुआ सियासी लिहाज

**लखनऊ, एजेंसी।** भाजपा ने मुलायम परिवार के मजबूत गढ़ रही सीटों पर अपना फोकस बढ़ा दिया है। 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह भी इटावा में जनसभा करेंगे। सपा के गढ़ यादवलैंड फतह के लिए भाजपा पहली बार मुखर नजर आ रही है। पार्टी ने इटावा- मैनपुरी पर फोकस बढ़ा दिया है। वह सियासी लिहाज खत्म कर आगे बढ़ने की रणनीति अपना रही है। इसके पीछे सियासी निहितार्थ हैं। क्योंकि मुलायम सिंह ने यहीं से सियासी सफर की शुरुआत की थी।

भाजपा जसवंत नगर से ही पूरे यादवलैंड में संदेश देने की तैयारी में है। यही वजह है कि पहले सैफई और मैनपुरी में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव पहुंचते हैं। फिर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जसवंत नगर में जनसभा करते हैं और 28 अप्रैल को गृहमंत्री अमित शाह भी इटावा में ही जनसभा करेंगे।

सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी उपचुनाव में डिंपल यादव जीतीं, लेकिन, इटावा, फर्रुखाबाद, कन्नौज, फिरोजाबाद भाजपा के पास हैं। कन्नौज से अखिलेश यादव ने पर्चा दाखिल कर इस क्षेत्र के सियासी रण को रोचक बना दिया है। यही वजह है कि भाजपा एड़ी चोटी का जोर लगा रही है। मध्य प्रदेश के





मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सैफई और मैनपुरी में अखिलेश का नाम लिए बिना परिवारवाद का आरोप लगाया और श्रीकृष्ण जन्मभूमि का मुद्दा उठाया था। इसके सियासी निहितार्थ हैं। इन मुद्दों के जरिए उन्होंने यह संदेश देने की कोशिश की कि सपा प्रदेश के अन्य यादवों का ख्याल नहीं रख रही है। इसके जवाब में बुधवार को जसवंत नगर के ताखा में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसभा कर साफ किया कि वह सिर्फ और सिर्फ पीडीए के साथ हैं। हालांकि अगले दिन कन्नौज में मुलायम सिंह यादव के साथ ही जनेश्वर मिश्र, आजम खां और अमर सिंह को याद करते हुए इतिहास दोहराने का आह्वान किया। जिस वक्त वह कन्नौज में रिश्तों की दुहाई दे रहे थे, उसी वक्त सीएम योगी जसवंत नगर में सपा पर सवाल उठा रहे थे।

उन्होंने सवाल किया कि आखिर सपा ने प्रदेश के अन्य यादवों को टिकट क्यों नहीं दिया? उन्होंने यहां तक कहा कि प्रदेश के विकास में योगदान देने की वजह से मुलायम सिंह के निधन पर वह खुद श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। लेकिन, कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने में सपा ने परहेज किया। मुख्यमंत्री ने भगवान श्रीकृष्ण का जिक्र करते हुए ब्रजभूमि के विकास और उससे करहल व जसवंत नगर को जोड़ने की दुहाई देकर साफ कर दिया है कि पार्टी किसी भी तरह का चूक नहीं होने देना चाहती है।

### जसवंतनगर से जाता है बड़ा संदेश

जसवंतनगर विधानसभा क्षेत्र इटावा जिले में है, लेकिन लोकसभा क्षेत्र मैनपुरी में शामिल है। यहां से विधायक शिवपाल सिंह यादव हैं। वरिष्ठ पत्रकार रतनमणि लाल कहते हैं कि मुलायम सिंह यादव ने जसवंत नगर से अपनी सियासी पहचान कायम की। यहां से वह आगे बढ़े तो आसपास के लोकसभा क्षेत्र पर भी प्रभाव जमाया। फिर यहां से शिवपाल लगातार विधायक बन रहे हैं।

भाजपा की अब तक की रणनीति से यह बात स्पष्ट हो गई है कि वह जसवंत नगर में जमीं तैयार कर मुलायम के किले को ढहाना चाहती है। पिछले चुनाव में मैनपुरी छोड़ अन्य सीटों पर कब्जा जमा लिया। इस बार वह मैनपुरी में भी सियासी लिहाज को दरकिनार करते हुए पूरी तरह से आक्रामक है। दूसरी बात यह है कि अखिलेश यादव ने पहले करहल और फिर कन्नौज हो की चुना है। इससे यह भी स्पष्ट है कि सैफई परिवार इस इलाके को अपनी सियासी नाभी के तौर पर देख रहा है।

# मेले में लगा झूला टूटने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल, एक की हालत गंभीर, मची भगदड़

**लखनऊ, एजेंसी।** बाबा की दरगाह पर लगे विशाल मेले में झूला टूट जाने से एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। हादसे में घायल एक की हालत गंभीर है।

बहराइच जिले के जरवलरोड थाना के अंतर्गत नगर पंचायत जरवल के बाबा अहमद शाह नगर में स्थित मजार पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष बाबा अहमद शाह का उर्श मनाया जा रहा था। बीती रात उर्श पर



बाबा के दरगाह पर विशाल मेले का भी आयोजन होता है। मेले मे तमाम तरह के दूर दराज के व्यापारी मेले मे आकर अपनी दुकानें लगाते हैं। रात्रि मे लगभग 10 बजे मेले मे लगा झूला टूटने से तमाम बच्चे चोटिल हो गये। झूला टूटने से जो उसमे बैठे थे उनके साथ ही जो लोग उसके बगल खड़े थे वह भी चोटिल हुए।

झूले में बैठी सूफिया (16) पुत्री वसीम निवासी बसहियापाते, विकास खण्ड जरवल, प्रतिभा चौधरी पुत्री पलटू राम चौधरी, अनीशा खातून पत्नि कल्लू निवासी मोहल्ला जामा मस्जिद, सोहेल अहमद पुत्र अजीज उनके दो बच्चे निवासी तकिया समेत एक दर्जन लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है की झूला हाथ से चलने वाला था, जब झूला टूटा है उस समय उसमे लोग बैठ रहे थे। झूला चल नहीं रहा था। उर्स मेले में झूला टूटने से भगदड़ मच गई। चौकी इंचार्ज राघवेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सीएचसी मुस्तफाबाद पहुंचाया।

## विधानसभा उपचुनाव- भाजपा प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने किया नामांकन, कलेक्ट्रेट के पास तीन मई तक रहेगा डायवर्जन



**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ पूर्व सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए भाजपा व कांग्रेस के प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन किया गया है। राजधानी लखनऊ की विधानसभा सीट लखनऊ पूर्व पर भाजपा के प्रत्याशी ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल कर दिया। वह बड़ी संख्या में अपने समर्थकों के साथ जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और नामांकन पत्र दाखिल किया। वहीं, इस सीट पर इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान ने भी नामांकन किया और समर्थकों के साथ जुलूस निकाला। लखनऊ पूर्वी सीट पर भाजपा से आशुतोष टंडन विधायक थे पर बीते दिनों उनका निधन हो गया था जिसके बाद इस सीट पर उपचुनाव हो रहा है। इस सीट पर मतदान लखनऊ लोकसभा चुनाव के साथ ही होगा।

# हिम्मत है तो कन्नौज की बजाय बनारस से लड़ें चुनाव, सपा के इस नेता पर डॉ. पल्लवी ने साधा निशाना

**वाराणसी, एजेंसी।** डॉ. पल्लवी ने कहा कि न्याय यात्रा में मैं बनारस में राहुल गांधी के साथ थी। उन्हें बताया कि किसानों की जमीन लूटी जा रही है। बुनकरों का हक मारा जा रहा है। नौजवानों के हाथ में काम नहीं है। मगर, राहुल गांधी को कुछ नहीं दिखा। उन्हें बनारस में शराब पीते कुछ लोग ही दिखे। बुनकर कॉलोनी के मैदान, नाटी इमली में अपना दल कमेरावादी की विधायक डॉ. पल्लवी पटेल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का नाम लिए बगैर उन पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर हिम्मत है तो बनारस आकर चुनाव लड़ें, हम समर्थन देंगे। कन्नौज का रुख क्यों कर रहे हैं। हिम्मत होती तो खुद सामने उतरते। भाजपा के पुराने कार्यकर्ता को न उतारते। डॉ. पल्लवी पटेल ने कहा कि हमारी क्या गलती थी। राज्यसभा की तीन सीटें थीं। हमने कहा कि पिछड़ा, दलित और मुसलमान प्रत्याशी क्यों नहीं हो सकते। उन्हें पिछड़े, दलित और मुसलमान का सौ प्रतिशत वोट चाहिए, लेकिन उनका सम्मान नहीं चाहिए। वह वही हैं जिसके




खिलाफ खनन घोटाले की जांच है और आय से अधिक संपत्ति का मामला चल रहा है। 2014 से अब तक के चुनाव में उनके साथ पिछड़ा, दलित और मुसलमान साथ खड़ा रहा। मगर, वह सब हारते चलते गए। डॉ. पल्लवी ने कहा कि बीजेपी के राज में सबसे ज्यादा अत्याचार पिछड़ा, दलित और मुसलमान पर हुआ है। भाजपा भ्रष्टाचार का दलदल है। इस दौरान अपना दल कमेरावादी की अध्यक्ष कृष्णा पटेल, प्रमासपा के अध्यक्ष प्रेमचंद्र बिंद, राष्ट्रीय उदय पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल पाल और गगन यादव सहित अन्य नेता मौजूद थे।

# मुख्तार अंसारी शहीद, ऐसे लोग मरा नहीं करते हैं, PDM की जनसभा में बोले: IMIM प्रमुख ओवैसी

**वाराणसी, एजेंसी।** ओवैसी ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जेलों में सबसे ज्यादा दलित, पिछड़ा, आदिवासी और मुसलमान हैं। बुलडोजर से घर हमारा तोड़ा जाता है। पैर में गोली हमारे मारी जाती है और जेल में जहर हमें दिया जाता है। इसलिए हम चाहते हैं कि हम सिर्फ वोट डालने वाले न रह जाएं। हम वोट लेने वाले भी बनें। हमारा और डॉ. पल्लवी पटेल का साथ लोकसभा चुनाव तक सीमित नहीं है। यह सफर की शुरुआत है। मुख्तार अंसारी न्यायिक अभिरक्षा में मार दिए गए। वह शहीद हैं और ऐसे लोग कभी मरा नहीं करते, वो जिंदा रहते हैं। उन्हें बचाने की जिम्मेदारी बीजेपी सरकार की थी, मगर वह नाकाम रही। जो जुल्म करेगा, उससे कुदरत नाराज होती है। यह बातें एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने रात बुनकर कॉलोनी के मैदान, नाटीइमली में पीडीएम न्याय मोर्चा की जनसभा में कहीं। असदुद्दीन ओवैसी



ने 40 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा। कहा कि हम पर आरोप लगाया जाता है कि हम बीजेपी के बी पार्टी हैं। यदि हम बी पार्टी हैं तो अखिलेश यादव 2014 और 2019 का लोकसभा चुनाव और 2017 व 2022 का विधानसभा चुनाव भाजपा से क्यों हार गए? क्या उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या योगी आदित्यनाथ से कोई डील कर रखी है? ओवैसी ने कहा कि अखिलेश यादव का आधा परिवार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बैठकर चाय पीता है और वह हमसे कहते हैं कि जान दे दो। पूर्व सांसद को हथकड़ी में गोली मारी जाती है। उनका एमएलए जेल चला जाता है। मदरसों के बंद कराने की बात आती है, मगर अखिलेश यादव की जुबान से एक शब्द नहीं निकलता। वह बस इतना ही चाहते हैं कि भैया के लिए जान दो, पीछे चलो और दरी बिछाओ।

हिन्दी दैनिक
राष्ट्रीय मुख्यधारा
अख़बार भी, आन्दोलन भी

बोकारो, शनिवार, 27 अप्रैल, 2024



## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली एयरपोर्ट पर फर्जी पायलट बनकर घूम रहा था शख्स, CISF ने पकड़ा


**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट पर CISF ने एक नकली पायलट को पकड़ा है, जो पायलट की यूनिफॉर्म पहनकर एयरपोर्ट पर घूम रहा था। CISF ने आरोपी को दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया है। ये घटना 25 अप्रैल की है। आरोपी सिंगापुर एयरलाइंस का पायलट बनकर घूम रहा था। साथ ही उसने गले पर एक आईडी कार्ड भी लटकाया था। ताकि उस पर किसी को शक न हो सके। लेकिन CISF को जब उस पर शक हुआ तो पूछताछ हुई। इसमें पता चला कि वो पायलट नहीं है। आरोपी की पहचान 24 साल के संगीत सिंह के तौर पर हुई है, जो कि गौतमबुद्धनगर का रहने वाला है।

### अमेरिकी पुलिस ने भारतीय मूल के युवक को गोली मारी, रूममेट को गाड़ी से टक्कर मारने का आरोप था

**टेक्सास।** अमेरिका के सैन एंटोनियो में पुलिस ने एक भारतीय युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना 21 अप्रैल की है, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। मृतक का नाम सचिन साहू बताया गया है, जो उत्तर प्रदेश का रहने वाला था। सैन एंटोनियो पुलिस के मुताबिक, सचिन ने एक 51 साल की अपनी रूममेट को गाड़ी से टक्कर मार दी थी। टक्कर मारने के बाद वो वहां से भाग गया था। पीड़िता की हालात गंभीर है। इस मामले में पुलिस साहू के खिलाफ जांच कर रही थी। पुलिस ने साहू के खिलाफ जांच शुरू कर दी और गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 21 अप्रैल को शाम 6:30 बजे पुलिस उसके घर सैन एंटोनियो के चेविओट हाइट्स पहुंची तो साहू वहां से भाग गया। कुछ ही घंटों के बाद साहू के पड़ोसियों ने उसके घर पर मौजूद होने की जानकारी पुलिस को दी। जब पुलिस उसको पकड़ने के लिए पहुंची तो साहू ने भागने की कोशिश की और अपनी गाड़ी से दो पुलिस अधिकारियों को टक्कर मार दी। उसी समय वहां मौजूद पुलिस अधिकारी टायलर टर्नर ने साहू पर गोली चला दी और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस दौरान एक पुलिसकर्मी को गंभीर चोट आई, जिसे अस्पताल ले जाया गया और दूसरे अधिकारी का इलाज घटनास्थल पर ही किया गया। अमेरिका में लगातार भारतीयों की मौत की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इन हमलों पर इस साल फरवरी में व्हाइट हाउस ने कहा था कि नस्ल, लिंग या किसी भी आधार पर हिंसा अमेरिका में अस्वीकार्य है। व्हाइट हाउस में अमेरिका के नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और उनका प्रशासन इन हमलों को रोकने की पूरी कोशिश कर रहा है। व्हाइट हाउस के प्रवक्ता जॉन किर्बी से भारतीय छात्रों पर हमलों और माता-पिता के बीच अपने बच्चों को अमेरिका भेजने की चिंताओं के बारे में एक सवाल पूछा गया था। इसके जवाब में उन्होंने कहा था कि निश्चित रूप से अमेरिका में हिंसा के लिए नस्ल, लिंग, धर्म या किसी भी तरह का बहाना बिल्कुल स्वीकार्य नहीं है।

### ऑस्ट्रेलिया के तट पर फिर फंसी 160 पायलट व्हेल

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के समुद्री तट पर 29 पायलट व्हेल्स की मौत हो गई। ऑस्ट्रेलिया के पार्क्स एंड वाइल्ड लाइफ सर्विस ने बताया कि पिया कोर्टिस बीच पर गुरुवार को करीब 160 व्हेल यहां पहुंची थीं। इनमें से 130 को रेस्क्यू कर लिया गया, जबकि करीब 29 की मौत हो गई। व्हेल के दोबारा तट पर आने के डर से स्पॉटर प्लेन और कई नावों के जरिए इनको मॉनिटर किया जा रहा है। मरीन वैज्ञानिक ने बताया कि बीच पर आने के बाद पायलट व्हेल आमतौर पर सिर्फ 6 घंटों तक ही जिंदा रह पाती हैं। ऑस्ट्रेलिया की वाइल्ड लाइफ सर्विस मरी हुईं पायलट व्हेल्स के सैंपल लेकर उसकी जांच करेंगी। ये व्हेल्स तट पर क्यों आई थीं, इसकी जानकारी फिलहाल सामने नहीं आई हैं। इनमें ज्यादातर मादा व्हेल्स और उनके बच्चे शामिल थे। न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट्स के हवाले से बताया कि पायलट व्हेल सामाजिक होती हैं। यह एक दूसरे का काफी ध्यान रखती हैं। आमतौर पर जब एक व्हेल बीमार हो जाती है या तट पर फंस जाती है, तब दूसरी पायलट व्हेल भी उसकी मदद के लिए वहां पहुंच जाती हैं। पिछले कुछ सालों से ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के तटों पर पायलट व्हेल्स की मौत की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। पिछले साल जुलाई में भी ऑस्ट्रेलिया में करीब 100 पायलट व्हेल समुद्री तट पर पहुंची थीं। इनमें से 51 की मौत हो गई थी। वहीं स्कॉटलैंड में भी पिछले साल 55 पायलट व्हेल मारी गई थीं। साल 2022 में न्यूजीलैंड में दो अलग-अलग घटनाओं में करीब 500 पायलट व्हेलों के फंसने से इसी तरह की मौत हो गई थी। 2020 में इसी तरह ऑस्ट्रेलिया के तस्मानिया में 450 से ज्यादा पायलट व्हेल्स की मौत हुई थी।



### ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार का आरोप- भारत ने चुनावी कवरेज से रोका, अमेरिका बोला- हम राय नहीं देंगे

**वॉशिंगटन।** भारत में ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार को चुनाव कवर करने की इजाजत न मिलने के मामले में अमेरिका का बयान सामने आया है। अमेरिका के विदेश मंत्रालय के उप-प्रवक्ता वेदांत पटेल ने कहा कि भारत किसे देश में रहने की इजाजत देता है यह उसका अपना फैसला है। दरअसल, पाकिस्तान के एक पत्रकार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस मामले पर अमेरिका का पक्ष पूछा। इस पर वेदांत पटेल ने कहा, "भारत की वीजा पॉलिसी पर बात करने और फैसले लेने के लिए वहां की सरकार जिम्मेदार है। यह ऐसा विषय नहीं है जिस पर हम यहां बैठकर अपनी राय दें।" अमेरिका ने कहा, "हम सभी देशों के सामने प्रेस की आजादी को लेकर अपना पक्ष रख चुके हैं। लोकतंत्र में पत्रकारिता की स्वतंत्रता बेहद अहम है। इसी वजह से हम रोज यह प्रेस ब्रीफिंग करते हैं, लेकिन भारत के मसले पर वहां के लोग बेहतर जवाब दे सकते हैं।" इसके अलावा वेदांत पटेल ने खालिस्तानी आतंकी पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़ी जांच रिपोर्ट पर भी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। दरअसल, 3 दिन पहले ऑस्ट्रेलिया के ABC न्यूज कंपनी की पत्रकार अवनी डिऐज ने आरोप लगाया था कि उन्हें भारत में चुनाव की कवरेज की इजाजत नहीं दी गई। साथ ही देश छोड़कर जाने के लिए भी मजबूर किया गया। अवनी 19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग के दिन ही भारत छोड़कर जा चुकी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अवनी वही पत्रकार हैं, जिन्होंने कनाडा में खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या के खिलाफ एक रिपोर्ट पब्लिश की थी। यूट्यूब पर मौजूद इस रिपोर्ट को भारत सरकार ने देश में बैन कर दिया गया था। अवनी ने अपने एक पॉडकास्ट 'लुकिंग फॉर मोदी' में बताया था कि भारत सरकार ने उनके वीजा परमिट को यह कहकर आगे नहीं बढ़ाया गया कि उनकी रिपोर्ट्स ने लाइन क्रॉस की है। हालांकि,भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने अवनी के दावों को खारिज कर दिया था।

### तेलंगाना सीएम बोले- एससी-एसटी, ओबीसी आरक्षण खत्म करने की साजिश

**हैदराबाद।** तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि BJP और RSS साल 2025 तक SC-ST, OBC आरक्षण खत्म करने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए BJP लोकसभा चुनाव में 400 सीटों की आवश्यकता है। हैदराबाद में TPCP मुख्यालय में सीएम रेड्डी ने कहा कि BJP-RSS के पास हटाने के लिए एकमात्र चीज SC-ST, OBC आरक्षण है। उन्होंने संविधान पर अंतिम युद्ध की घोषणा की है। इसके लिए उन्हें लोकसभा और राज्यसभा में 2/3 बहुमत की आवश्यकता है। बीजेपी इस बिल को पास कराकर सभी राज्यों पर दबाव बनाने की साजिश कर रही है। साल 1925 में शुरू हुए RSS का लक्ष्य खुद के 100 साल पूरे होने तक आरक्षण हटा देने का है। सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य बाबासाहेब अंबेडकर और कांग्रेस के SC-ST और OBC को दिए गए संवैधानिक अधिकारों को खत्म करना है। संघ के कई नेता कई बार आरक्षण हटाने की बात कह चुके हैं। कई बीजेपी सांसद भी कई बार आरक्षण हटाने की बात कह चुके हैं। रेड्डी ने कहा कि SC-ST और OBC समुदाय से अनुरोध करता हूं कि कांग्रेस ने आपको जो आरक्षण दिया है, उससे आपको करोड़ों नौकरियां मिली हैं। आज बीजेपी इसे हटाने जा रही है। बीजेपी ने आरक्षण हटाने के लिए आपके वोट का इस्तेमाल करने का फैसला किया है।

# SC में याचिका-NOTA को ज्यादा वोट तो चुनाव रद्द हो

## चुनाव आयोग को नोटिस, सूरत में BJP कैंडिडेट की निर्विरोध जीत से उठा मामला

एजेंसी, नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट ने NOTA से जुड़ी एक याचिका पर चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। याचिका शिव खेड़ा (मोटिवेशनल स्पीकर और You Can Win के लेखक) ने लगाई है। इसमें चुनाव आयोग को निर्देश देने की मांग की गई है। पिटीशन के मुताबिक, अगर NOTA (नन ऑफ द अबव) को किसी कैंडिडेट से ज्यादा वोट मिलते हैं तो उस सीट पर हुए चुनाव को रद्द कर दिया जाए और नए सिरे से चुनाव कराए जाएं। CJI डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच शुक्रवार 26 अप्रैल को शिव खेड़ा की याचिका पर सुनवाई करने के लिए तैयार हो गई है।

**लोकसभा चुनाव 2024 के दो चरणों की वोटिंग के बाद लगी याचिकाः** सूरत में 22 अप्रैल को BJP कैंडिडेट मुकेश दलाल की निर्विरोध जीत के संदर्भ में याचिका दायर की गई है। दरअसल, यहां से कांग्रेस कैंडिडेट नीलेश कुंभाणी का पर्चा रद्द हो गया था। उनके पर्चे में गवाहों के नाम और दस्तखत में गड़बड़ी थी। इस सीट पर भाजपा और कांग्रेस कैंडिडेट समेत 10 प्रत्याशी मैदान में थे। 21 अप्रैल को 7 निर्दलीय कैंडिडेट्स ने अपना नामांकन वापस ले लिया। BSP कैंडिडेट प्यारे लाल भारती ही बचे थे, जिन्होंने सोमवार 22 अप्रैल को पर्चा वापस ले लिया। इस तरह भाजपा के मुकेश दलाल निर्विरोध चुने गए।

# विजय माल्या को फ्रांस के जरिए वापस लाने की तैयारी

एजेंसी, नई दिल्ली।



दावा- भारत ने बेशर्त प्रत्यर्पण मांगा, माल्या की वहां भी 313 करोड़ की संपत्ति

भारत सरकार भगोड़े शराब कारोबारी विजय माल्या को देश लाने की कोशिश कर रही है। इसके लिए सरकार ने फ्रांस के अधिकारियों से बिना शर्त माल्या को भारत को सौंपने की मांग की है। द इंडियन एक्सप्रेस ने रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी। माल्या अभी ब्रिटेन में है, लेकिन भारत इस वक्त हर उस देश से संपर्क कर रहा है, जहां माल्या की प्रॉपर्टी है। ऐसा इसलिए, अगर माल्या ब्रिटेन छोड़कर दूसरे देश भागता है तो उसे वहां से भारत लाने में ज्यादा समय न लगे।

**प्रत्यर्पण का ऑफर दियाः** रिपोर्ट के मुताबिक, भारत और फ्रांस के बीच में माल्या के प्रत्यर्पण पर बातचीत 15 अप्रैल को काउंटर-टेररिज्म के वर्किंग ग्रुप की एक बैठक के दौरान हुई। हालांकि, इसकी जानकारी अब सामने आई है। फ्रांस ने इस बैठक में कुछ शर्तों के साथ माल्या के प्रत्यर्पण का ऑफर दिया, लेकिन भारत ने उनसे शर्तें हटाने को कहा है। इस बैठक में भारत की तरफ से विदेश मंत्रालय के जॉइंट सेक्रेटरी केडी देवल शामिल हुए थे। इसके अलावा बैठक में इंटेलिजेंस एजेंसी के कई अधिकारी भी मौजूद रहे। किंगफिशर एयरलाइंस समेत कई कंपनियों के मालिक रहे भारतीय बिजनेसमैन विजय माल्या पर देश के 17 बैंकों के करीब 9 हजार करोड़ रुपए बकाया हैं। माल्या 2016 में देश छोड़कर ब्रिटेन भाग गया था, जहां से भारत सरकार उसे देश लाने का प्रयास कर रही है।

# दिल्ली कोर्ट में बृजभूषण की याचिका खारिज

एजेंसी, गोंडा।



दिल्ली कोर्ट ने भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण सिंह की याचिका खारिज कर दी। बृजभूषण ने यौन उत्पीड़न के आरोपों की दोबारा जांच कराने की मांग की थी। कोर्ट अब 7 मई को आरोप तय करेगी। बृजभूषण ने दावा किया था कि घटना के दिन, 7 सितंबर 2022 को वह दिल्ली में नहीं थे, इसलिए इन आरोपों की दोबारा जांच की जाए। उन्होंने आरोप लगाने वाली पहलवानों की CDR (कॉल डिटेल रिपोर्ट) की कॉपी भी मांगी है। इन दलीलों के बाद कोर्ट ने 26 अप्रैल तक के लिए फैसला सुरक्षित रखा था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में जून 2023 को बृजभूषण के खिलाफ चार्जशीट दायर की थी। यौन शोषण मामले में पहली बार 18 जनवरी 2023 को रेसलर बजरंग पूनिया, साक्षी मलिक, विनेश फोगाट समेत 30 से ज्यादा पहलवानों ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन भी किया था। पहलवानों के आरोपों को लेकर बृजभूषण ने कहा था कि दिल्ली पुलिस ने 7 सितंबर को मेरे ऊपर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए चार्जशीट दाखिल की थी, वह पूरी तरह से निराधार है, क्योंकि मैं 7 सितंबर 2022 को विदेश में था, दिल्ली में था ही नहीं। साक्ष्य के तौर पर कोर्ट में अपना पासपोर्ट और टिकट भी जमा किया है। बृजभूषण ने दिल्ली पुलिस से सीडीआर रिपोर्ट कोर्ट में दिए जाने की मांग करते हुए आगे की जांच की मांग की थी। बृजभूषण शरण सिंह की अर्जी पर दिल्ली पुलिस ने कहा था कि सीडीआर रिपोर्ट गैर कानूनी दस्तावेज है, उनकी अर्जी पर सुनवाई न की जाए।

# ईरान के साथ ट्रेड करने वाली 3 भारतीय कंपनियां बैन

## अमेरिका बोला- ईरान इनके जरिए रूस को ड्रोन्स दे रहा

एजेंसी, नई दिल्ली।



अमेरिका ने ईरान के साथ व्यापार करने पर भारत की तीन कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इन कंपनियों पर आरोप है कि ये ईरानी सेना के साथ अवैध व्यापार और उनके लिए ड्रोन्स ट्रांसफर करने का काम करती थीं। अमेरिका के ट्रेजरी विभाग ने बताया कि यह बैन भारत के अलावा कई दूसरे देशों की कंपनियों, लोगों और जहाजों पर भी लगाया गया है। ये सभी गुप्त तरीकों से रूस तक ईरानी ड्रोन्स की डिलीवरी में अहम भूमिका निभाते रहे थे। इन ड्रोन्स का इस्तेमाल यूक्रेन के खिलाफ जंग में किया जाता है। जिन भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाए गए हैं, उनमें जेन शिपिंग, पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटिड और सी आर्ट शिप मैनेजमेंट कंपनी शामिल है। अमेरिका के साथ-साथ यूक्रेन भी ईरान पर रूस को कामिकाजे ड्रोन पहुंचाने का आरोप लगाता आ रहा है।

**रूस के अलावा चीन और वेनेजुएला भी जा रहे ईरानी शिपमेंटः** रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान 'सहारा थंडर' नाम की एक कंपनी के जरिए दूसरे देशों में डील करता है। ये कंपनी मुख्य तौर पर ईरान की सेना के लिए काम करती है। सहारा थंडर ईरानी रक्षा मंत्रालय के लिए ईरानी सामानों की सेल और शिपमेंट कराती है। यह शिपमेंट रूस के अलावा चीन, और वेनेजुएला तक भी पहुंचाया जाता है। अमेरिकी विभाग ने बताया कि ईरान की सहारा थंडर कंपनी ने CHEM जहाज के लिए भारत की 2 कंपनियों (जेन शिपिंग और पोर्ट इंडिया प्राइवेट लिमिटिड) के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। इस जहाज को UAE की एक कंपनी ऑपरेट करती है। सहारा थंडर ने साल 2022 से CHEM जहाज को कई देशों में शिपमेंट डिलीवर करवाने के लिए इस्तेमाल किया है।

**ईरान को शिप मैनेजमेंट सेवाएं दे रही भारतीय कंपनीः** इसके अलावा भारत की तीसरी कंपनी सी आर्ट शिप मैनेजमेंट UAE की कंपनी के साथ मिलकर सहारा थंडर को शिप मैनेजमेंट सेवाएं देती हैं। अमेरिका के टेररिज्म एंड फाइनेंस इंटेलिजेंस के अधिकारी ब्रायन नेल्सन ने कहा कि ईरान लगातार क्षेत्र में अस्थिरता फैलना का काम कर रहा है। वह यूक्रेन के खिलाफ रूस की जंग में उसका साथ दे रहा है और इजराइल पर हमले कर रहा है। इसके अलावा वो आतंकी संगठनों तक अपने ड्रोन्स भी पहुंचा रहा है। अमेरिका लगातार ब्रिटेन और कनाडा के साथ मिलकर उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करते रहेंगे, जो ईरान के मंसूबों को पूरा करने में उनकी मदद कर रहे हैं। इससे पहले अमेरिका ने पाकिस्तान को भी ईरान के साथ बिजनेस डील करने पर चेतावनी दी थी। अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि इसके बदले वो पाकिस्तान पर कई प्रतिबंध लगा सकता है। दरअसल, ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी 22 अप्रैल को 3 दिन के दौरे पर पाकिस्तान पहुंचे थे। पाक PM शहबाज शरीफ के साथ बैठक के दौरान दोनों देशों के बीच ट्रेड को 10 अरब डॉलर पहुंचाने पर सहमति बनी थी। इसी से नाराज होकर अमेरिका ने कहा था कि जो भी ईरन के साथ व्यापार करेगा उस पर बैन का खतरा है। इससे पहले साल 2011 में भी ईरान के परमाणु प्रोग्राम के चलते अमेरिका ने उस पर कई आर्थिक पाबंदियां लगाई थीं। इसके बाद साल 2012 में अमेरिका ने दुनिया के सभी देशों के बैंकों को आदेश दिया था कि वो ईरान की तेल के बदले होने वाली पेमेंट्स को रोक दें।

### अवैध व्यापार में भी शामिल

# राहुल बोले- आजकल मोदी घबराए हुए हैं, कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएंगे

## उन्होंने 10 साल में गरीबों का पैसा छीना

एजेंसी, बेंगलुरु।



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कर्नाटक के बीजापुर में चुनावी रैली के दौरान अपने संबोधन में कहा कि आजकल PM नरेंद्र मोदी अपने भाषण के दौरान काफी घबराए हुए रहते हैं। शायद कुछ दिनों में स्टेज पर उनके आंसू निकल आएं। राहुल ने कहा- PM मोदी ने पिछले 10 साल में गरीबों से सिर्फ पैसा छीना है। उन्होंने सिर्फ 20-25 लोगों को अरबपति बनाया है। उन अरबपतियों के पास उतना धन है, जितना 70 करोड़ हिंदुस्तानियों के पास है। हिंदुस्तान में 1% ऐसे लोग हैं, जो 40% धन कंट्रोल करते हैं। कांग्रेस सांसद ने आगे कहा- मोदी कुछ लोगों को अरबपति बनाते हैं, कांग्रेस सरकार करोड़ों लोगों को लखपति बनाएगी। कांग्रेस बेरोजगारी और महंगाई मिटाकर आपको भागीदारी देगी। जितना पैसा मोदी ने अरबपतियों को दिया है, उतना पैसा हम गरीबों को देंगे।

**राहुल बोले- ये चुनाव पिछले चुनावों से अलगः** राहुल ने कहा- यह लोकसभा चुनाव कोई सामान्य चुनाव नहीं है। यह पिछले चुनावों से अलग है, क्योंकि भारत के इतिहास में पहली बार एक पार्टी (भाजपा) और एक व्यक्ति (भाजपा) भारत के संविधान और लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। दूसरी तरफ, कांग्रेस और I.N.D.I.A गठबंधन संविधान को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि भारत के संविधान ने लोगों को अधिकार, आवाज और आरक्षण दिया है। संविधान से पहले भारत पर राजा-महाराजाओं का शासन था। अगर आज भारत के गरीबों, पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों के पास अधिकार हैं, आवाज है, तो ये संविधान ने दी है।

# CBI की संदेशखाली में छापेमारी, गोला-बारूद बरामद

एजेंसी, कोलकाता।



इसमें बम और कई हथियारों का जखीरा शामिल

केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) ने शुक्रवार को संदेशखाली में कई जगहों पर छापेमारी की। इस दौरान CBI ने विदेशी पिस्टल समेत कई हथियार, बम और गोला-बारूद जब्त किए हैं। इसके बाद NSG कमांडो भी मौके पर पहुंचे हैं। NSG टीम भी तलाशी अभियान चला रही है। अधिकारियों ने बताया कि यह छापेमारी 5 जनवरी को शेख शाहजहां के घर दबिश देने गई प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम पर हमले से जुड़ी है। ED की एक टीम 5 जनवरी को राशन घोटाला मामले में शेख के ठिकानों पर रेड करने गई थी। उस दिन करीब एक हजार लोगों की भीड़ ने टीम पर हमला कर दिया था, जिसमें ED के तीन अधिकारी घायल हो गए थे। एजेंसी के एक डिप्टी डायरेक्टर ने बशीरहाट के एसपी से इसकी शिकायत की थी। मामले में कलकत्ता हाईकोर्ट ने CBI को FIR दर्ज करने का आदेश दिया था। इसी मामले की जांच में CBI को संदेशखाली में हथियारों का बड़ा जखीरा छिपा होने का इनपुट मिला था। कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद गुरुवार को CBI ने संदेशखली में जमीन हड़पने और महिलाओं के खिलाफ अपराध (यौन शोषण) से केस में पहली FIR दर्ज की।

# जम्मू-कश्मीर के सोपोर में दो आतंकी ढेर, दो जवान घायल

एजेंसी, श्रीनगर।

उत्तरी कश्मीर के सोपोर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार 26 अप्रैल को दो आतंकी मार गिराए। यहां सुरक्षाबलों ने गुरुवार को ऑपरेशन शुरू किया था। आतंकियों से मुठभेड़ में दो जवान घायल हुए हैं। इस दौरान एक नागरिक के कंधे में गोली लगी। उसे जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से उसे श्रीनगर रेफर कर दिया गया।मुठभेड़ अभी भी जारी है। नौपोरा इलाके में एक घर के अंदर आतंकियों के छिपे होने की सूचना थी। सुरक्षाबलों ने वहां घेराबंदी दी। आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलियां चलाईं और वहां मुठभेड़ शुरू हो गई। गुरुवार 25 अप्रैल को रात अंधेरा होने पर ऑपरेशन रोक दिया गया था। आज सुबह फिर से गोलीबारी शुरू हुई, जिसमें दो आतंकी मारे गए। मारे गए आतंकियों की पहचान नहीं हुई है। वहां लश्कर के डिवीजनल कमांडर उस्मान और लश्कर के संगठन TRF के कमांडर बासित डार के फंसे होने की जानकारी थी।

**दो दिन पहले भी हुई थी मुठभेड़ः** इससे पूर्व मंगलवार को बांदीपोरा के रेंजी अरागाम में आतंकियों से मुठभेड़ में भी दो सैन्यकर्मी घायल हुए थे। पुलिस को गुरुवार दोपहर बाद पता चला कि स्वचालित हथियारों से लैस दो-तीन आतंकी सोपोर में किसी जगह अपने संपर्क सूत्र से मिलने आए हैं। ये आतंकी चुनाव के दौरान किसी वारदात को अंजाम देने का षड्यंत्र रच रहे हैं। शाम सात बजे के करीब जब सुरक्षाबल तलाशी लेते हुए आगे बढ़े तो मस्जिद से कुछ ही दूरी पर स्थित एक मकान में छिपे आतंकियों ने उन पर फायरिंग करते हुए भागने का प्रयास किया। करीब पांच महीने पहले 17 नवंबर को कुलगाम के एक घर में छिपे पांच आतंकी मारे गए थे। इनमें से एक नाबालिग था। एक दिन पूर्व मिली सूचना के आधार पर सर्च ऑपरेशन शुरू हुआ था।

# मोरबी हादसा पीड़ितों को कंपनी मुआवजा देने को राजी

## कलेक्टर ने हर महीने 12 हजार देने का सुझाव दिया था, 135 की गई थी जान

एजेंसी, अहमदाबाद।



गुजरात के मोरबी में 30 अक्टूबर 2022 को एक सस्पेंशन ब्रिज गिर गया था। हादसे में 135 लोगों की मौत हो गई थी। इस त्रासदी के पीड़ितों के पुनर्वास को लेकर गुजरात हाई कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ब्रिज की देखरेख करने वाली ओरेवा कंपनी के खिलाफ हाल ही में कोर्ट की अवमानना का मामला दर्ज करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इसी नोटिस के जवाब में ओरेवा की ओर से हाईकोर्ट में शपथ पत्र दाखिल किया गया है। इसमें कहा गया है कि कंपनी पीड़ित परिवारों को हर महीने 12 हजार रुपए का मुआवजा देने को तैयार है। इस मुआवजे का सुझाव कंपनी को मोरबी कलेक्टर ने दिया है। कंपनी ने कहा कि उसने अदालत के सुझाव के अनुसार पीड़ितों की मदद लिए एक ट्रस्ट भी बनाने की पहल की है। वह कलेक्टर द्वारा सुझाए गए मुआवजे को 30 अप्रैल तक ट्रस्ट पंजीकृत बैंक खाते या कानूनी सहायता में जमा करने के लिए तैयार है।

**पीड़ितों को और अधिक देना आपकी जिम्मेदारीः कोर्टः-** कोर्ट ने कहा, आपने सार्वजनिक संपत्ति के साथ खिलवाड़ किया है। यह मासिक सहायता है, पीड़ितों के स्थायी मुआवजे को लेकर आपने क्या किया? इस त्रासदी में कंपनी की गलती है, जो माफ करने योग्य नहीं है। कंपनी को पीड़ितों के लिए कुछ और करना चाहिए, क्योंकि यह कोई साधारण दुर्घटना या दैवीय कृत्य नहीं है। कोर्ट ने कहा, यह आपकी जिम्मेदारी बनती है कि जब कंपनी ने पुल का ठेका लिया तो उसे सबसे अच्छा काम करना चाहिए था। कंपनी सभी जिम्मेदारियों में विफल रही है. आपको संदेह का लाभ नहीं मिल सकता। आपने सार्वजनिक संपत्ति के साथ खिलवाड़ किया है, पीड़ितों को और अधिक देना आपकी जिम्मेदारी है।

**ओरेवा ग्रुप के मालिक 14 महीने रहे जेल मेंः** इस मामले में ब्रिज का मैंटेनेंस करने वाली कंपनी ओरेवा ग्रुप के मालिक जयसुख पटेल पिछले 14 महीनों से जेल में रह चुके हैं। करीब एक महीने पहले ही उन्हें जमानत मिली है। जयसुख पटेल पर आईपीसी की धारा 304, 308, 337 और 114 आदि लगाई गई हैं।

**ब्रिज पर क्षमता से ज्यादा लोग, यही हादसे की वजहः** ब्रिज की क्षमता करीब 100 लोगों की थी, लेकिन रविवार को छुट्टी होने के चलते इस पर करीब 500 लोग जमा थे। यही हादसे की वजह बना। ब्रिज टूटने से जहां लोग गिरे, वहां 15 फीट तक पानी था। कुछ लोग तैरकर बाहर निकल आए थे। कई लोग झूले की रस्सियों पर अटके रहे थे।

## न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 में पाकिस्तान को हराया: सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई



न्यूजीलैंड ने चौथे टी-20 मुकाबले में गुरुवार को पाकिस्तान को 4 रन से हराया। इस जीत के बाद न्यूजीलैंड पांच मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 से आगे हो गई है। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए न्यूजीलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। जवाब में पाक टीम 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 174 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड के लिए ओपनर टिम रॉबिन्सन (51) ने अर्धशतक लगाया। राइट आर्म पेसर विलियम ओरूर्के ने तीन विकेट लिए। ओरूर्के को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।
रॉबिन्सन ने 51 रन की पारी खेली
न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 7 विकेट पर 178 रन बनाए। न्यूजीलैंड की ओर से इसी सीरीज में डेब्यू करने वाले टिम रॉबिन्सन ने 36 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा डीन फॉक्सक्रॉफ्ट 26 गेंदों पर 34 और टॉम ब्लंडल ने 15 गेंदों पर 28 रन बनाए। पाकिस्तान की ओर से अब्बास अफरीदी ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए।

## 7 बल्लेबाज 0 पर आउट... 17 साल की गेंदबाज ने मचाई सनसनी, फेंका बेस्ट स्पेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट में रिकॉर्ड का बड़ा क्रेज होता है. दिलचस्प आंकड़े हमेशा लुभाते रहे हैं. कई बार तो ऐसा लगता है कि यह रिकॉर्ड नहीं टूट पाएगा. लेकिन तभी कोई ख?िलाड़ी अपने प्रदर्शन से चौंका देता है. ऐसा ही एक रिकॉर्ड 17 साल की गेंदबाज ने बनाया है. इस इंडोनेशियाई किशोरी ने टी20 इंटरनेशनल में बिना कोई रन दिए 7 विकेट चटकाए (3.2-3-0-7), जो वर्ल्ड रिकॉर्ड है. इतना ही नहीं टी20 फॉर्मेट में यह सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है.
दरअसल, अपना डेब्यू मैच खेल रही इंडोनेशिया की रोहमालिया रोहमालिया ने यह कारनामा कर दिखाया है. यहां गौर करने वाली बात यह है कि इंडोनेशिया की रोहमालिया ने शून्य रन देकर देकर 7 विकेट हासिल किए।

# 14 साल पुराना रिकॉर्ड बराबर!

## रजत पाटीदार ने रिकॉर्ड में की रॉबिन उथप्पा की बराबरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 का 41वां मैच सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया. यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में हुआ. रजत पाटीदार ने इस मैच में अर्धशतक लगाया है. वहीं, यह अर्धशतक लगाते ही पाटीदार ने एक रिकॉर्ड के मामले में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली.

रजत पाटीदार ने आईपीएल 2024 के 41वें मैच में अर्धशतक लगाया. इस अर्धशतक के बाद रजत पाटीदार ने रॉयल चैलेंजर्स के लिए सबसे तेज अर्धशतक लगाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की सूची में रॉबिन उथप्पा की बराबरी कर ली है. पाटीदार ने 19 गेंदों में यह कारनामा किया. इससे पहले रॉबिन उथप्पा ने साल 2010 में महज 19 गेंदों में यह उपलब्धि हासिल की थी.

### आईपीएल में आरसीबी के लिए सबसे तेज अर्धशतक

- 2013, क्रिस गेल, 17 गेंदों में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2010, रॉबिन उथप्पा, 19 गेंदों में पंजाब किंग्स के खिलाफ, बेंगलुरु
- 2024, रजत पाटीदार, 19 गेंदों में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ, हैदराबाद
- 2012, एबी डिविलियर्स, 21 गेंदों में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ, जयपुर
- 2024, रजत पाटीदार, 21 गेंदों में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ, कोलकाता

### रजत पाटीदार बनाम सनराइजर्स हैदराबाद पारी

रजत पाटीदार ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंदों में 50 रन बनाए. उन्होंने ये रन 250 के स्ट्राइक रेट से बनाए हैं. पाटीदार ने इस पारी में 2 चौके और 5 छक्के लगाए. रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ये दूसरी जीत है.





### बतौर ओपनर विराट कोहली का बड़ा कारनामा

## 4000 रन आईपीएल में पूरे किए, धवन-वॉर्नर के क्लब में बनाई जगह

**हैदराबाद, एजेंसी।** हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। आईपीएल 2024 का 41वां मैच गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला गया। इस मुकाबले में आरसीबी ने एसआरएच का किला भेद दिया। बल्लेबाजी के दौरान विराट कोहली औ र रजत पाटीदार ने दमदार प्रदर्शन किया। दोनों ने ताबड़तोड़ अर्धशतक लगाए। दिलचस्प बात यह है कि किंग कोहली ने बतौर सलामी बल्लेबाज आईपीएल में 4000 रन पूरे कर लिए। हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले में आरसीबी ने 20 ओवर में सात विकेट गंवाकर 206 रन बनाए। इसके जवाब में सनराइजर्स 20 ओवर में आठ विकेट खोकर सिर्फ 171 रन बना सकी। किंग कोहली ने 43 गेंदों में 51 रनों की शानदार पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से चार चौके और एक छक्का निकला। इस सीजन में यह उनका चौथा अर्धशतक है। वहीं, पाटीदार ने महज 20 गेंदों का सामना किया और 50 रनों की तूफानी पारी खेली। उनके बल्ले से इस सीजन का यह तीसरा अर्धशतक निकला।



## कर्ण, कैमरून, स्वप्निल की शानदार गेंदबाजी, छह हार के बाद आरसीबी की जीत

**हैदराबाद, एजेंसी।** कर्ण शर्मा, कैमरून ग्रीन और स्वप्निल सिंह की शानदार गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने गुरुवार को यहां राजीव गांधी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद को 35 रन से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में लगातार छह हार के बाद अपनी पहली जीत दर्ज की। तीनों ने दो-दो विकेट चटकाए। कर्ण शर्मा ने तीन ओवरों में 29 रन देकर दो विकेट लिए। कैमरून ग्रीन ने दो ओवरों में 12 रन देकर दो विकेट हासिल किए जबकि स्वप्निल सिंह ने खतरनाक एडेन मार्क्रम (7) और हेनरिक क्लासेन (7) को आउट करके एक प्रभावशाली खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई। इससे पहले विराट कोहली और रजत पाटीदार के अर्धशतकों की मदद से बेंगलुरु ने 20 ओवरों में 206/7 का स्कोर खड़ा किया। कैमरून ग्रीन ने शानदार हरफनमौला प्रदर्शन किया और गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन के अलावा 20 गेंदों में 37 रनों की पारी खेली और एक अच्छा कैच भी लिया। एसआरएच लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवरों में 171/8 ही बना सकी। यह देखते हुए कि एसआरएच ने इस सीज़न में दो सबसे बड़े स्कोर बनाए हैं, यह उनके लिए बहुत कठिन लक्ष्य नहीं था। आईपीएल की अपनी तीसरी हार के साथ टीम तीसरे स्थान पर बनी हुई है। आरसीबी ने अब दो जीत के साथ सबसे नीचे है।सनराइजर्स हैदराबाद को पावर-प्ले में चार झटके लगे और उन्होंने मैच लगभग वहीं गंवा दिया था।

**संक्षिप्त स्कोर**-रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु 20 ओवर में 206/7 (विराट कोहली 51, रजत पाटीदार 50, कैमरून ग्रीन 37 नाबाद; जयदेव उनादकट 3-30, टी.नटराजन 2-39) ने सनराइजर्स हैदराबाद 20 ओवर में 171/8 (शाहबाज अहमद 40 नाबाद, अभिषेक शर्मा 31, पैट कमिंस 31; कैमरून ग्रीन 2-12, कर्ण शर्मा 2-29, स्वप्निल सिंह 2-40) को 35 रन से हरा दिया।

## आईपीएल के बीच धोनी के नाम से वायरल हो रहा फर्जी पोस्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में बल्ले से धूम मचा रहे एमएस धोनी के नाम को लेकर एक फर्जी पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक मैसेज है और उनके नाम पर पैसे की मदद मांगी गई है। पोस्ट में स्कैमर्स ने धोनी बनकर यह दावा किया है कि मैं महेंद्र सिंह धोनी हूं और मैं एक प्राइवेट अकाउंट से आप लोगों को मैसेज कर रहा हूं। मैं रांची के बाहरी क्षेत्र में फंस गया हूं और मैं यहां आते वक्त अपना वॉलेट लाना भूल गया था। मुझे वापस बस से घर लौटना है। क्या आपलोग मुझे फोन पे पर 600 रुपए ट्रांसफर कर दोगे। मैं घर जाकर आपके पैसे लौटा दूंगा। इस पोस्ट में ठग ने धोनी की एक फोटो भी शेयर की है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो चुकी है। लाखों लोगों ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है।

# व्यापार

## वोडा-आईडिया का 18,000 करोड़ जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा : कुमार मंगलम बिड़ला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आदित्य बिड़ला समूह के चेयरमैन कुमार मंगलम बिड़ला ने गुरुवार को कहा कि वोडाफोन-आइडिया का



18,000 करोड़ रुपए जुटाना कंपनी में नई जान फूंकने जैसा है। कंपनी भारी प्रतिस्पर्धा के बीच ग्राहकों को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रही है। बिड़ला ने FPO के सूचीबद्ध कार्यक्रम में पत्रकारों से कहा कि कंपनी अपने नेटवर्क को बढ़ाने और चुनिंदा 5 प्रतिशत सेवाओं को पेश करने पर ध्यान केंद्रित करेगी। यह पूछे जाने पर कि क्या पूंजी जुटाने से कंपनी की ज्यादातर समस्याएं सुलझ जाएंगी बिड़ला ने ''हां'' में जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''यह कंपनी में एक तरह से नई जान फूंकने जैसा होगा।'' हालांकि, बिड़ला ने इंडस टावर्स में हिस्सेदारी बेचने की खबरों पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

## कोटक महिंद्रा बैंक पर आईबीआई की बड़ी कार्रवाई, नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर लगाई रोक




**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बैंकिंग सेक्टर के रेग्यूलेटर भारतीय रिजर्व बैंक ने बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक को ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने पर रोक लगा दी है। इसके अलावा आरबीआई ने कोटक बैंक के नए क्रेडिट कार्ड्स भी जारी किए जाने पर रोक लगाने का फैसला किया है। हालांकि आरबीआई ने कहा कि कोटक महिंद्रा बैंक अपने मौजूदा कस्टमर्स जिसमें क्रेडिट कार्ड कस्टमर्स भी शामिल हैं उन्हें सभी सर्विसेज उपलब्ध कराती रहेगी।

## शुरुआती बढ़त के बाद कमजोर पड़ा बाजार; सेंसेक्स 250 अंक टूटा, निफ्टी 22500 से फिसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शुक्रवार को जैसे-जैसे दिन चढ़ा बाजार पर बिकवाली हावी होती गई और इसने अपनी शुरुआती बढ़त गंवा दी। सुबह 11.14 मिनट पर सेंसेक्स 200.15 (0.26 प्रतिशत) अंकों की गिरावट के साथ 74,139.29 पर और निफ्टी 54.30 (0.24 प्रतिशत) अंक टूटकर 22,516.05 अंकों के स्तर पर कारोबार करता दिखा। एशियाई बाजारों में दिखी बढ़त के बाद भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स लगातार छठे दिन हरे निशान पर खुले। हालांकि शुरुआती कारोबार में बढ़त मामूली ही रही और धीरे-धीरे बाजार पर बिकवाली हावी होती गई। शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईटी सेक्टर के शेयर बढ़त के साथ कारोबार करते दिखे। सुबह 9 बजकर 23 मिनट पर सेंसेक्स 87 अंकों या 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,424 पर कारोबार करता दिखा। दूसरी ओर, निफ्टी 28 अंक मजबूत होकर 22,598 पर कारोबार कर रहा था।

## भारत का सेवा निर्यात 11 फीसदी बढ़कर 345 अरब डॉलर पहुंचा, चीन में 10 फीसदी गिरावट



**नई, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

दुनियाभर में आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत ने 2023 में 345 अरब डॉलर के सेवाओं का निर्यात किया। यह आंकड़ा एक साल पहले की तुलना में 11.4 फीसदी अधिक है। हालांकि, इस अवधि में चीन का सेवा निर्यात 10.1 फीसदी घटकर 381 अरब डॉलर रह गया।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार एवं विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के तिमाही बुलेटिन के मुताबिक, भारत से सेवाओं का निर्यात बढ़ाने वाले क्षेत्रों में यात्रा, परिवहन, मेडिकल और आतिथ्य की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। हालांकि, 2023 में भारत का सेवा आयात एक साल पहले की तुलना में 0.4 फीसदी की मामूली गिरावट के साथ 248 अरब डॉलर रह गया। उद्योग से जुड़े एक विशेषज्ञ ने कहा, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) व इस पर आधारित सेवाओं और यात्रा का निर्यात मजबूत हो रहा है। एजेंसी यूएनसीटीएडी ने में कहा, भारत का सेवा निर्यात ऐतिहासिक रूप से उत्तरी अमेरिका और यूरोप में केंद्रित रहा है।

## सरकार ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी, तीन बंदरगाहों से तय मात्रा में होगा शिपमेंट

**नई, एजेंसी।** भारत ने सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी है। तय किए गए तीन बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात प्रतिबंध में ढील दी गई है। सरकार ने देश के तीन बंदरगाहों से सफेद प्याज के विदेशी शिपमेंट को मंजूरी दे दी है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है कि सफेद प्याज का निर्यात करने वाले निर्यातक को सामान और सामान की मात्रा को प्रमाणित करने के लिए गुजरात सरकार के बागवानी आयुक्त से प्रमाण पत्र लेना जरूरी होगा। सरकार द्वारा सफेद प्याज के निर्यात के लिए कुछ बंदरगाहों के नाम तय किए गए हैं। डीजीएफटी की अधिसूचना में कहा गया है कि यह आदेश तत्काल प्रभाव से जारी होता कि तय किए गए बंदरगाहों से अधिकतम दो हजार मीट्रिक टन सफेद प्याज का निर्यात किया जा सकता है। सरकार द्वारा निर्यात के लिए मुंद्रा बंदरगाह, पिपावाव बंदरगाह और न्हावा शेवा (जेएनपीटी) बंदरगाह के नाम तय किए गए हैं। अधिसूचना में आगे बताया गया है कि राजनीतिक रूप से संवेदनशील वस्तु प्याज के निर्यात पर सामान्य तौर पर प्रतिबंध लगाया गया है लेकिन मित्र राष्टों के अनुरोध पर सरकार द्वारा एक तय मात्रा में इसके शिपमेंट की अनुमति दी गई है।

## आईसीआईसीआई ने ब्लॉक किए 17000 क्रेडिट कार्ड

**नई, एजेंसी।** देश के टॉप बैंकों में शुमार आईसीआईसीआई बैंक ने अपने 17000 ग्राहकों का क्रेडिट कार्ड ब्लॉक कर दिया है। दरअसल बुधवार को आईसीआईसीआई बैंक की मोबाइल ऐप imobile की सर्विसेज में दिक्कतें आ रही थी। बैंक के मुताबिक हाल ही में जारी किए गए लगभग 17,000 क्रेडिट कार्ड का ब्योरा गलत उपयोगकर्ताओं से जुड़ने का मामला सामने आने के बाद सारे कार्ड ब्लॉक कर दिए गए हैं।

आईसीआईसीआई बैंक ने कहा कि हालांकि इस मामले में किसी भी कार्ड के किसी दुरूपयोग की सूचना नहीं है लेकिन ग्राहक को किसी भी तरह का वित्तीय नुकसान होने पर वह उसका मुआवजा देने को तैयार है।

दरअसल बैंक ने यह फैसला इसलिए लिया क्योंकि बैंक के नए ग्राहकों के क्रेडिट कार्ड का नंबर कुछ पुराने ग्राहकों के कार्ड के साथ गलती से जुड़ गए थे। इस गड़बड़ी की वजह से बैंक के मोबाइल ऐप पर चुनिंदा पुराने ग्राहकों को नए कार्डधारकों का




पूरा ब्योरा दिखने लगा था। सोशल मीडिया पर बुधवार शाम से ही बैंक की इस गलती को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि अब इसे सुधार लिया गया है। गलत मैपिंग के कारण बैंक का पुराना यूजर्स नए क्रेडिट कार्ड ग्राहक के बारे में पूरी जानकारी को देख पा रहे थे। हालांकि अब इसे ठीक कर लिया गया है। आईसीआईसीआई बैंक के मुताबिक इस समस्या की चपेट में आए क्रेडिट उसके कुल कार्ड पोर्टफोलियो का केवल 0.1 प्रतिशत है। बैंक के मुताबिक इन सभी कार्ड को ब्लॉक कर दिया गया है और ग्राहकों को नये कार्ड जारी किए जाएंगे। मोबाइल एप में दिक्कत आने के बाद गुरुवार को बैंक ने बयान जारी कर कहा था कि हमारे ग्राहक हमारी सबसे पहली प्राथमिकता हैं। हम उनके हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हमें पता चला है कि बीते दिनों जारी किए गए 17,000 नए क्रेडिट कार्ड हमारे डिजिटल चैनल में गलत यूजर्स के साथ कनेक्ट हो गए हैं। ये बैंक के कुल क्रेडिट कार्ड पोर्टफोलियो का महज 0.1 प्रतिशत है। समस्या से तत्काल निपटने के लिए फिलहाल इन कार्ड को बलॉक किया जा रहा है। वहीं ग्राहकों को नए कार्ड जारी किए जा रहे हैं। ग्राहकों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है। अभी तक इन कार्ड के दुरुपयोग की हमें कोई सूचना नहीं मिली है। हालांकि हम भरोसा दिलाते हैं कि अगर किसी ग्राहक को इससे कोई फाइनेंशियल नुकसान होगा, तो बैंक उसकी उचित भरपाई करेगा।

जानकारों का मानना है कि गलत मैपिंग के बाद भी क्रेडिट कार्ड के जरिये फ्रॉड होने की संभावना बहुत कम है क्योंकि कोई भी भारतीय ऑनलाइन वेबसाइट नए ग्राहक के मोबाइल फोन पर वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) भेजने का संदेश देती है। ओटीपी डालने पर भी ट्रांजैक्शन पूरा हो पाता है। आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट कार्ड से संबंधित गड़बड़ी का यह मामला एक दिन पहले कोटक महिंद्रा बैंक पर रिजर्व बैंक की सख्त कार्रवाई के एक दिन बाद ही सामने आया है।

## भारत, यूएई 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के गैर-तेल व्यापार लक्ष्य को पार करने की राह पर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीईपीए परिषद के निदेशक अहमद अलजनेबी ने बुधवार को कहा कि मई 2022 में मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के बाद से भारत और संयुक्त अरब अमीरात के व्यापार में 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमेरिकी डॉलर के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। यूएई-भारत सीईपीए परिषद (यूआईसीसी) को जनवरी में वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन के मौके पर पेश किया गया था। दोनों देशों ने मई 2022 में व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते



(सीईपीए) को लागू किया था।

अलजनेबी ने कहा कि व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) पर हस्ताक्षर के बाद से यूएई-भारत व्यापारिक संबंध तेजी से बढ़े हैं। उन्होंने कहा, ''एक मई 2022 को सीईपीए लागू होने के बाद से द्विपक्षीय व्यापार करीब 15 प्रतिशत बढ़ गया है। दोनों देश 2030 तक गैर-तेल व्यापार में 100 अरब अमरीकी डॉलर हासिल करने के लक्ष्य को पार करने की राह पर हैं। अलजनेबी ने जयपुर में व्यापार गोलमेज बैठक में यह बात कही।





# मिर्च लगाएं बगिया में बहार लायें

## क्यारियों की तैयारी एवं उपचार

पौधशाला की मिट्टी की एक बार गहरी जुताई करें या फिर फावड़े-गैंती की मदद से खुदाई करें.खुदाई करने के पश्चात ढेले फोड़कर गुड़ाई करके मिट्टी को भुरभुरी बना लें तथा उगे हुए सभी खरपतवार निकाल दें. फिर उचित आकार की क्यारियां बनायें. इन क्यारियों में प्रति वर्ग मीटर की दर से 2 कि.ग्रा. गोबर या कम्पोस्ट की सड़ी खाद या फिर 500 ग्राम केंचुए की खाद मिट्टी में अच्छी तरह मिलायें. यदि मिट्टी हल्की भारी हो तो प्रति वर्ग मीटर के लिये 2.5 कि.ग्रा. रेत अवश्य मिलायें.

## क्यारी मिट्टी का उपचार

भूमि में विभिन्न प्रकार के कीड़े एवं रोगों के फफूंद, जीवाणु आदि पहले से रहते हैं जो उपयुक्त वातावरण पाकर क्रियाशील हो जाते हैं व आगे चलकर फसल को विभिन्न अवस्थाओं में हानि पहुंचाते हैं. अतः नर्सरी की मिट्टी का उपचार करना आवश्यक है.

## सूर्यताप से उपचार

इस विधि में पौधशाला में क्यारी बनाकर उसकी जुताई-गुड़ाई करके हल्की सिंचाई कर दी जाती है जिससे मिट्टी गीली हो जाये. अब इस मिट्टी को पारदर्शी 200-300 गेज मोटाई की पालीथिन की चादर से ढंककर किनारों को मिट्टी या ईंट से दवा दें ताकि पालीथिन के अंदर बाहरी हवा और अंदर की वाष्प बाहर न निकल सके. ऐसा उपचार लगभग 4-5 सप्ताह तक करें. यह कार्य 15 अप्रैल से 15 जून तक किया जा सकता है. क्योंकि इस समय तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहता है.उपचार उपरांत पालीथिन शीट हटाकर भूमि की तैयारी कर बीज बोयें. सूर्यताप उपचार से भूमि जनित रोग कारक जैसे फफूंदी, निमेटोड (सूत्रकृमि), कीट खरपतवार आदि की संख्या में भारी कमी हो जाती है. कभी-कभी क्यारी की भूमि को व्यावसायिक फार्मेल्डिहाइड 40 प्रतिशत से, 250 मि.ली. 10 लीटर पानी में बने घोल से प्रत्येक क्यारी को गीला कर देते हैं और क्यारी को पहले की ही तरह पालीथिन शीट से ढंक देते हैं. 5-6 दिन बाद शीट हटाकर गुड़ाई करके 1-2 दिन के लिये खुला छोड़ देते हैं. तदुपरांत क्यारी तैयार कर बीज बोते हैं.

## रसायनों द्वारा भूमि उपचार

बीज बोवाई के 4-5 दिन पहले क्यारी को फोरेट 10 जी एक ग्राम अथवा क्लोरोपायरीफास 5 मि.ली. प्रति ली. पानी के हिसाब से अथवा कार्बोफ्यूरान 5 ग्राम प्रति वर्गमीटर के हिसाब से भूमि में मिलाकर उपचार करते हैं. कभी-कभी फफूंदनाशक दवा कैप्टान 2 ग्राम/वर्ग मीटर के हिसाब से मिलाकर भी भूमि उपचार किया जाता है.

## जैविक विधि

क्यारी की भूमि का जैविक विधि से उपचार करने के लिये ट्राइकोडर्मा विरडी की 8-10 ग्राम मात्रा को 10 किलो गोबर खाद में मिलाकर क्यारी में बिखेर देते हैं तत्पश्चात् सिंचाई कर देते हैं. जब भूमि का जैविक विधि से उपचार करें तब अन्य किसी रसायन का प्रयोग न करें.

**पौधशाला (नर्सरी) क्या है?-पौधशाला या रोपणी अथवा नर्सरी एक ऐसा स्थान हैं जहां पर बीज अथवा पौधे के अन्य भागों से नये पौधों को तैयार करने के लिये उचित प्रबंध किया जाता है. पौधशाला का क्षेत्र सीमित होने के कारण देखभाल करना आसान एवं सस्ता होता है.**

## पौधशाला के लिये स्थान का चुनाव

- पौधशाला के समीप बहुत बड़ा वृक्ष न हो.
- भूमि उपजाऊ, दोमट, खरपतवार रहित तथा अच्छे जल निकास वाली हो, अम्लीय/क्षारीय भूमि का चयन न करें.
- लंबे समय तक धूप रहती हो.
- पौधशाला के पास सिंचाई जल की सुविधा उपलब्ध हो.
- चयनित क्षेत्र अपेक्षाकृत ऊंचा हो ताकि पानी न ठहरे.
- एक फसल के पौध उगाने के बाद दूसरी बार पौध उगाने का स्थान बदल दें. यानी फसल चक्र अपनायें.

## रोपणी का आकार

आदर्श नर्सरी या रोपणी के लिये कुल क्षेत्र की सीमा निश्चित तौर पर निर्धारित नहीं की जा सकती है. जितनी फसलों के लिये और जितने क्षेत्र की आवश्यकता के लिये पौध तैयार करना होती है उसके ऊपर पौधशाला का आकार/क्षेत्र निर्भर होता है.

## पौधशाला में क्यारियों का आकार

सामान्यतया पौधशाला में क्यारियों का आकार लंबाई में 3 से 5 मी., चौड़ाई में 1.0 से 1.2 मीटर और ऊंचाई में भूमि से 15-20 से.मी. ऊंचा रखा जाता है.प्रत्येक दो क्यारियों के बीच में लंबाई एवं चौड़ाई में दोनों तरफ 50 से.मी. का स्थान आवागमन की सुविधा के लिये छोड़ा जाता है. एक फसल के एक हेक्टर क्षेत्र में आवश्यक पौध की संख्या का निर्धारण, पौध रोपाई का कतार से कतार एवं पौध से पौध का अंतर एवं एक स्थान पर रोपे जाने वाले पौधों की संख्या के ऊपर निर्भर होता है. सामान्यतः मिर्च के लिये रोपण अंतर 45345 से.मी.रखने पर 4 3 1 3 0.2 मी. आकार की 25-27 (100 से 108 वर्ग मी.) क्यारियों की आवश्यकता पड़ती है. उन्नत किस्मों के 1.2 कि.ग्रा. बीज और संकर किस्मों के लिये 400 से 500 ग्राम बीज प्रति हेक्टर की आवश्यकता होती है.

## बीज खरीदने में सावधानियां

- बीज अनुशंसित किस्म का शुद्ध एवं साफ हो. द्य अंकुरण क्षमता 80-85 प्रतिशत हो.
- बीज किसी प्रमाणित संस्था, शासकीय बीज विक्रय केंद्र, अनुसंधान केंद्र अथवा विश्वसनीय विक्रेता से ही लेना चाहिए. बीज प्रमाणिकता का टैग लगा पैकेट खरीदें.
- बीज खरीदते समय पैकेट पर अंकित किस्म, उत्पादन वर्ष, अंकुरण प्रतिशत, बीज उपचारण आदि अवश्य देख लें. ताकि पुराने बीज से बचा जा सके.
- बीज बोते समय ही पैकेट खोलें.

## खरपतवार नियंत्रण

क्यारियों में उपचार के बाद भी यदि खरपतवार उगते हैं तो उन्हें हाथ से निकालते रहना चाहिए इसके लिये पतली लंबी डंडियों की भी मदद ली जा सकती है. अच्छा होगा यदि पेन्डीमिथालीन (स्टाम्प 34 ) की 3 मि.ली. मात्रा प्रति ली. पानी में घोलकर बीज बुवाई के 48 घंटे की भीतर क्यारियों में छिड़क दें, उससे खरपतवार की समस्या का निदान हो जायेगा.



## बीज उपचार

रोपणी में बीज को सदैव उपचारित करके ही बोना चाहिये ताकि बीज जनित फफूंद से फैलने वाले रोगों को नियंत्रित किया सके. बीज उपचार के लिये 1.5 ग्राम थाइरम+1.5 ग्राम कार्बेन्डाजिम (बाविस्टीन) अथवा 2.5 ग्राम डाइथेन एम-45 या 4 ग्राम ट्राइकोडर्मा विरडी का प्रति किलो बीज के हिसाब से प्रयोग करना चाहिए. यदि क्यारी की भूमि का उपचार जैविक विधि से (ट्राइकोडर्मा) से किया गया है तो बीजोपचार भी ट्राइकोडर्मा विरडी से करें.

## बीज बोने की विधि

क्यारियों में सर्वप्रथम उसकी चौड़ाई के समानान्तर 7-10 से.मी. की दूरी पर 1 से.मी. गहरी पंक्तियां बना लें तथा इन्हीं पंक्तियों पर बीज लगभग 1 से.मी. के अंतर से बोते हैं. बीज बोने के पश्चात कम्पोस्ट, मिट्टी व रेत के 1:1:1 के 5-6 ग्राम थाइरम या केप्टान से उपचारित मिश्रण से 0.5 से.मी. की ऊंचाई तक ढंक देते हैं.


## क्यारियों को पलवार से ढंकना

बीज बोने के बाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध पुआल, सरकन्डा गन्ने के सूखे पत्ते या ज्वार-मक्का के बने टटिये से ढंक देते हैं. ताकि मिट्टी में नमी बनी रहे और सिंचाई करने पर पानी सीधे ढंके हुए बीजों पर न पड़े अन्यथा मिश्रण बीज से हट जायेगा और बीज का अंकुरण प्रभावित होगा.

## सिंचाई

क्यारियों में बीज बोने के बाद 5-6 दिनों तक हजारे/झारे से हल्की सिंचाई करें ताकि बीज ज्यादा पानी पाकर बैठ न जाये. वर्षाऋतु में क्यारी की नालियों में उपस्थित अधिक पानी को पौधशाला से बाहर निकालना चाहिए. क्यारियों से पलवार/घास-फूस तब हटायें जब लगभग 50 प्रतिशत बीजों का अंकुरण हो चुका हो. बीज बुवाई के बाद यह अवस्था मिर्च में 7-8 दिन बाद, टमाटर में 6-7 दिन बाद व बैंगन में 5-6 दिन बाद आती है.

# जरूरी है मिट्टी की नब्ज टटोलना



### नमूना लेने का तरीका

- पूरे खेत को आकार एवं समरूपता के आधार पर 1 से 2.5 एकड़ के खण्ड में बांट लेते हैं।
- प्रत्येक खण्ड को एक नम्बर या नाम देते हैं।
- प्रत्येक खण्ड से मिट्टी का एक नमूना तैयार किया जाता है।
- एक नमूना तैयार करने के लिये उस खंड में (जिसका नमूना तैयार करना है।) 10 से 20 स्थानों से आधा-आधा किलो मिट्टी इकट्ठी करते हैं।
- प्रत्येक स्थान से मिट्टी लेते समय मिट्टी की ऊपरी परत से कचरा एवं डंठल साफ कर देना चाहिए।
- साफ करने के बाद प्रत्येक स्थानर पर व्ही के आकार का 15-20 सेमी गहरा गड्ढा करते है।
- हर स्थान से गडढे के किसी भी किनारे से गहराई में ऊपर से नीचे तक की एक इंच मोटी मिट्टी की तह को प्लास्टिक की बाल्टी या कपड़े में इकट्ठा करते हैं।
- एकत्र मिट्टी का एक ढेर बनाकर (+) धन का निशान बनाते हुये ढेर को चार बराबर भागों में बांटते हैं।
- आमने-सामने के दो भागों की मिट्टी को हटाकर शेष दो भागों की मिट्टी का ढेर बनाते है।
- इसके बाद पुनः क्र. 8 से 9 की क्रिया दोहराते हैं।
- जब आधा किलो का ढेर शेष रह जाये वही उस खण्ड का मिट्टी का नमूना होगा।
- इस नमूने को कपड़े की थैली में भरकर एक नमूना पत्रक (जिसमें कृषक का नाम, पता, खेत का नाम या नम्बर, बोई जाने वाली फसल, नमूने लेने का दिनांक, खेत का क्षेत्रफल आदि लिखा हो) थैली के अंदर डालते हैं।
- यह नमूना परीक्षण कराने हेतु ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के माध्यम से अथवा स्वयं मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में पहुंचाना चाहिये।

### मिट्टी परीक्षण के लाभ

- मिट्टी परीक्षण से उपलब्ध पोषक तत्वों की मात्रा का पता चलती है तथा जरूरत के मुताबिक संतुलित उर्वरक देना आसान हो जाता है.
- उर्वरकों के संतुलित उपयोग से उपज अधिक तथा लागत में कमी एवं शुद्ध लाभ में वृद्धि होती है।



- खेत की उपजाऊ शक्ति लम्बे समय तक बनी रहती है। मिट्टी परीक्षण जैविक खेती का आधार मुख्य है।

### खेत की मिट्टी का परीक्षण कैसे करायें।

- मिट्टी का परीक्षण कराने के लिये खेत से मिट्टी का नमूना लेकर उसे पास की मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला में भेजा जाता है। खेत से मिट्टी का नमूना लेना बहुत ही महत्वपूर्ण कार्य है।

# गर्मी में उड़द उगायें लाभ कमायें

**गहरी जुताई करने से पौधों की जड़ें पर्याप्त गहराई तक भूमि में जाती है, जिससे सूखे की स्थिति में पौधे की जड़े निचली सतहों से नमी का भरपूर उपयोग करती है. गर्मी के मौसम में हल्की मिट्टियों मे कम जुताई करके भी सिंचाई करके उसकी बोआई की जा सकती है.**



## मौसम संबंधी अनुकूलता

उड़द के अधिक उत्पादन के लिए जनन अवस्था में खूब चमकीली धूप चाहिए क्योंकि चमकीली धूप से फली निर्माण अधिक होता है और उपज अच्छी होती है.

## खेत की तैयारी

उड़द को जिस खेत में बोना है, उसमें पहले उपयुक्त हल से जुताई करें, फिर हैरो चलावें और पाटा लगाकर खेत को समतल करें. गहरी जुताई करने से पौधों की जड़ें पर्याप्त गहराई तक भूमि में जाती है, जिससे सूखे की स्थिति में पौधे की जड़े निचली सतहों से नमी का भरपूर उपयोग करती है. गर्मी के मौसम में हल्की मिट्टियों मे कम जुताई करके भी सिंचाई करके उसकी बोआई की जा सकती है. इससे समय धन और श्रम की पर्याप्त बचत हो जाती है और अच्छी उपज मिल जाती है.

## बुआई का समय

गर्मी के मौसम में उड़द की फसल को मार्च के आखिरी दिनों या 10 अप्रैल तक बोना उपयुक्त समझा जाता है. इस अवधि में बोई गई फसल से अधिकतम उपज मिलने के प्रमाण मिले हैं. इस मौसम में बुआई में देरी करने से यदि बरसात जल्दी हो जाती है तो उड़द की फलियाँ सड़ जाती हैं और उपज घट जाती है.

## पादप सघनता और बीज दर

उड़द की अधिक उपज प्राप्त करने के लिए उचित पादप संख्या आवश्यक है. गर्मी के मौसम में उगाई गई उड़द की फसल में पौध संख्या खरीफ की तुलना में अधिक होती है क्योंकि खरीफ के मौसम में पादप वृद्धि अधिक होती है जबकि गर्मी के मौसम में उड़द की पादप वृद्धि अपेक्षाकृत कम होती है.ग्रीष्मकाल में उड़द के लिये 20 किलोग्राम प्रति हेक्टर बीज पर्याप्त होता है. कतारों में 30 से.मी. अंतर और पौधे से पौधे की दूरी 7 से.मी. रखें. बीज की गहराई 4 से.मी. रखें.

## उन्नत किस्म का चुनाव

विभिन्न राज्यों के लिये अनुमोदित की गई जायद मौसम (गर्मियों में) बोई जाने वाली उड़द की उन्नत जातियाँ

## आहार पोषण

43 किलो यूरिया, 250 किलो सिंगल सुपर फास्फेट तथा 66 किलो पोटाश/हे. दिया जाये. उड़द की ग्रंथिकायुक्त जड़ों में यौगिकीकरण की प्रक्रिया अच्छी तरह होती है जिससे उसकी नाइट्रोजन आवश्यकता लगभग पूरी हो जाती है. अधिकांश क्षेत्रों में जहां उड़द की खेती की जाती है, वहाँ मिट्टी से संबंधित जीवाणुओं की पर्याप्त संख्या होती है जिससे इन क्षेत्रों में बीज निवेशन की आवश्यकता नहीं पड़ती है. नयी तोड़ी गई भूमि में ऐसे क्षेत्रों में जहां इसकी खेती पिछले कई वर्षों में नहीं गई है बीज निवेशन अवश्य करना चाहिए.

## निंदाई-गुड़ाई

खरपतवार फसलों को अपेक्षाकृत अनुमान से कहीं अधिक क्षति पहुंचाते हैं अतः विपुल उत्पादन के लिये अपनाये महंगे कृषि प्रसाधन, खरपतवारों की वजह से व्यर्थ न जाने पायें, इसके लिये समय-समय पर निंदाई-गुड़ाई कोल्पा या डोरा चलाकर करें. (बुआई के 30 दिन बाद) खरपतवार नियंत्रण से दाने की उपज पर्याप्त बढ़ जाती है.

## सिंचाई

बसंतकालीन और ग्रीष्मकालीन उड़द की फसल पूरी तरह सिंचाई पर निर्भर करती है. बसंत ऋतु में 10 से 15 दिन के अंतर पर फसल की सिंचाई करना आवश्यक होता है. पहली सिंचाई बुआई के 20 दिन बाद करनी चाहिए. इस मौसम में उड़द में मूंग की अपेक्षा अधिक जल्दी सिंचाई करनी पड़ती है. पैदावार : जायद में बोई गई उड़द की शुद्ध बीज वाली फसल की पैदावार 12 से 15 क्विंटल प्रति हे. तक हो सकती है.



# तू 37 की बरस का, मैं 44 बरस की..तलाक के बाद 7 साल छोटे अमोल पाराशर के लिए धड़का कोंकणा सेन शर्मा का दिल!



ना उम्र की सीमा हो, ना जन्म का बंधन गजल गायक स्वर्गीय जगजीत सिंह का यह गीत आज भी आप सभी के जुबां पर होगा। स्वर्गीय जगजीत सिंह के गाने के ये बोल इंडस्ट्री के कई स्टार्स ने अपने जीवन में उतार लिया है। प्यार के आगे उनके लिए उम्र महज एक नम्बर बनकर ही रह गया है। इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं जो अपने से बड़े शख्स को डेट कर रहे हैं। अब इस लिस्ट में बॉलीवुड की सबसे टैलेंटेड एक्ट्रेसेस में से एक हसीना का नाम शामिल हो गया। तलाकशुदा इस एक्ट्रेस को अपने से 7 साल छोटे एक्टर को दिल दे बैठी हैं। ये हसीना और कोई नहीं बल्कि कोंकणा सेन शर्मा हैं। जी हां, बीते कई समय से चर्चा थी कि कोंकणासेन शर्मा, अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं? अब इन चर्चाओं को एक्टर के पूर्व पति और एक्टर रणवीर शौरी ने भी इनडायरेक्टली कन्फर्म कर दिया है। रणवीर शौरी ने एक ऐसा ट्वीट किया है, जिससे इशारा मिल रहा है कि कोंकणा सेन और अमोल पाराशर के बीच कुछ चल रहा है। हाल ही एकपर एक पैरोडी अकाउंट से एक ट्वीट किया गया। राजनेताओं और अन्य हस्तियों पर कटाक्ष करने के लिए मशहूर इस अकाउंट पर लिखा गया कि कोंकणा सेन शर्मा ने मोदी भक्त रणवीर शौरी को छोड़कर सेक्युलर अमोल पाराशर को डेट करने का सबसे अच्छा फैसला लिया।इस ट्वीट को रणवीर शोरी ने रीट्वीट करते हुए लिखा, मैं इससे सहमत हूं। अब एक्टर के इस कमेंट से हलचल मच गई। फैंस को लगने लगा है कि कोंकणा वाकई एक्टर अमोल पाराशर को डेट कर रही हैं। इस ट्वीट से सोशल मीडिया पर सनसनी मच गई है।





## अपने करियर में मैं अनदेखी 3 जैसा प्रोजेक्ट करना चाहती थी: हेली दारूवाला

एक्ट्रेस हेली दारूवाला, जो अपनी अगली सीरीज अनदेखी 3 की रिलीज के लिए पूरी तरह तैयार हैं, ने कहानी को रोमांचकारी बताया है। शो में हेली महत्वपूर्ण किरदार निभा रही हैं, हालांकि उन्होंने भूमिका के बारे में जानकारी को गुप्त रखा है। जिस चीज ने उन्हें इस भूमिका की ओर आकर्षित किया वह थी शो की स्क्रिप्ट और कहानी। हेली ने कहा, अनदेखी एक बेहद लोकप्रिय शो है और मुझे सीजन 3 का हिस्सा बनकर खुशी हो रही है। टीम ने कहानी को रोमांचकारी बनाए रखने का शानदार काम किया है और यह उस तरह का प्रोजेक्ट है जिसकी मैं तलाश कर रही थी। एक्ट्रेस ने आगे कहा, जिस तरह से मेरे ट्रैक ने आकार लिया है, उससे मैं बेहद खुश हूं और मैं 10 मई को दर्शकों द्वारा इसे देखने का इंतजार नहीं कर सकती। अनदेखी 3 10 मई को सोनी लिव पर रिलीज होगी।

## जैकलीन ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय गोद लेने का किया आग्रह



एक्ट्रेस व एनिमल लवर जैकलीन फर्नांडीज ने पालतू जानवरों को खरीदने के बजाय इन्हें गोद लेने का आग्रह किया। जैकलीन ने इंस्टाग्राम पर अपने स्टोरी सेक्शन पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में दो पोमेरेनियन, एक हस्की और एक पूडल सहित कई कुत्तों को बीमार अवस्था में देखा जा सकता है। एक्ट्रेस ने वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन दिया- खरीददारी न करने और गोद लेने का एक और कारण.. ब्रीडिंग इंडस्ट्री क्रूर और अक्सर अवैध है। वर्कफ्रंट की बात करें तो, जैकलीन पिछली बार रोहित शेट्टी की सर्कस में नजर आई थी। वह जल्द ही सोनू सूद स्टारर फतेह में दिखाई देंगी। फिल्म में विजय राज भी हैं। इनके अलावा, एक्ट्रेस वेलकम फ्रेंचाइज के तीसरी पार्ट वेलकम टू द जंगल में भी नजर आएंगी, जो कथित तौर पर क्रिसमस पर रिलीज होगी।

## गीतांजलि मिश्रा ने दिखाया अपना समर कलेक्शन

टीवी शो हप्पू की उलटन पलटन की गीतांजलि मिश्रा ने गर्मियों के लिए अपने कपड़ों के कलेक्शन के बारे में बात की। मुंबई में काफी गर्मी पड़ती है। ऐसे में, एक्टर्स को अपने हेल्थ के साथ-साथ फैशन का भी ध्यान रखना जरूरी होता है। इस कड़ी में गीतांजलि ने सीजन को देखते हुए अपनी अलमारी में कपड़ों को सेट कर लिया है। गर्मियों के लिए कपड़ों के कलेक्शन के बारे में बात करते हुए, एक्ट्रेस ने कहा, मैं समर फैशन में कंफर्ट को ज्यादा महत्व देती है। मैं लूज पैंट और आरामदायक कॉटन शर्ट चुनती हूं। उन्होंने आगे कहा,इसके अलावा, मैं स्लीपर पहनना पसंद करती हूं, जिसके साथ आप हमेशा दिन या रात में एडवेंचर के लिए तैयार रहते हैं। समर फैशन में सिर्फ कपड़े ही नहीं, एक्सेसरीज भी मायने रखते हैं। उन्होंने कहा- डार्क शेड्स के सनग्लासेस और गॉगल्स तेज धूप में आपको कूल रखता है। इसके अलावा परफ्यूम भी आपको दुर्गंध से दूर रखता है और फ्रेगरेंस आपको रिफ्रेश रखती है। लेगिंग दिन के माहौल से लेकर रात के समय में भी आरामदायक है, जो कंफर्ट और स्टाइल दोनों प्रदान करती है।हप्पू की उलटन पलटन का प्रसारण एंड टीवी पर होता है।



## हीरामंडी प्रीमियर में शामिल हुईं अंकिता लोखंडे संजय लीला भंसाली के निर्देशन की प्रशंसा की



एक्ट्रेस अंकिता लोखंडे हाल ही में अपने पति विक्की जैन के साथ संजय लीला भंसाली निर्देशित हीरामंडी के प्रीमियर में शामिल हुईं। एक्ट्रेस ने अपने सोशल मीडिया पर संजय लीला भंसाली के साथ एक तस्वीर साझा की और लिखा कि कैसे वह फ़िल्ममेकर के ग्रैंड विजन से पूरी तरह से पूरी तरह आश्चर्यचकित थीं। पोस्ट के कैप्शन के रूप में उन्होंने लिखा द वे ही प्रेजेंट्स वूमन इन हिज फ़िल्म इज ए मास्टरक्लास टू एव्री फ़िल्ममेकर आउट देर ऑन हाऊ टू यूज एक्ट्रेसेस स्ट्रेंथ एस एन एडिशन टू द नैरेटिव. आई पर्सनली एम ए बिग फैन ऑफ संजय सर वर्क एंड टू विटनेस हिज मैजेस्टिक मास्टरपीस, दैट मोमेंट वॉज टोटली वर्थ इट. एव्री फ्रेम इज ग्रैंड, एव्री करैक्टर लिव्स एन इम्प्रैशन. एव्री एक्ट्रेस इज ड्रीम-लाइक!

## जब ट्रोलर्स कहते हैं- अरे बूढ़ी हो गई..अरे मोटी हो गई, तो ऐसे निपटती हैं लारा दत्ता



लारा दत्ता ने कहा कि उनकी सोशल मीडिया पर उतनी ही मौजूदगी है, जितना वह चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फॉलोअर्स जैसी और भी दूसरी चीजें चाहिए तो उसके साथ आने वाली हर एक चीज के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। सोशल मीडिया पर आए दिन किसी न किसी कलाकार को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है। कौन-सा कलाकार कब ट्रोल हो जाए, कुछ नहीं कहा जा सकता। ट्रोल होने वाले कई कलाकार पलटकर तगड़ा जवाब दे देते हैं तो कई चुप रहने में ही भलाई समझते हैं। हाल ही में, अभिनेत्री लारा दत्ता ने ट्रोलिंग के इस मसले पर बातचीत की है।

**ट्रोल की बातों से मेरी जिंदगी पर कोई असर नहीं पड़ता**

ट्रोलिंग से निपटने के सवाल पर लारा दत्ता ने कहा कि इस बात में कोई शक नहीं है कि लोगों को अपनी राय रखने का अधिकार है। उन्होंने कहा कि कई लोग कहते हैं कि अरे बूढ़ी हो गई है..अरे मोटी हो गई। लेकिन क्या इन बातों से मेरे जिंदगी पर कोई असर पड़ेगा? नहीं पड़ेगा। मुझे पता है कि ट्रोल करने वाले हैंडल के पीछे कुछ गुमनाम लोग होते हैं। मैं नहीं जानती कि ऐसा करने वाले लोग अपनी जिंदगी में क्या कर रहे हैं। इसलिए, मैं किसी और के बारे में अपनी कोई राय नहीं रख सकती।

ज्यादा फॉलोअर्स के लिए दूसरी चीजों के लिए तैयार रहना होगा

लारा दत्ता ने कहा कि उनकी सोशल मीडिया पर उतनी ही मौजूदगी है, जितना वह चाहती हैं। उन्होंने कहा कि अगर उन्हें फॉलोअर्स जैसी और भी दूसरी चीजें चाहिए तो उसके साथ आने वाली हर एक चीज के लिए भी तैयार रहना पड़ेगा। वह अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी चीजों को केवल उन्हीं लोगों के साथ साझा करना चाहती हैं, जो उनके सच्चे फॉलोअर्स है।



# मुझे लड़कियां पसंद हैं... अब जाकर हुआ एहसास

महज 22 साल की उम्र में दुनियाभर में अपनी सिंगिंग से धूम मचाने वाली बिली एलीश ने पहली बार अपनी यौन इच्छाओं और पसंद-नापसंद पर चुप्पी तोड़ी है। सिंगर ने एक इंटरव्यू में कहा है कि उन्हें लड़के नहीं,बल्कि लड़कियां पसंद है। बिली एलीश का कहना है कि उन्हें पिछले साल इसका एहसास हुआ है।

अमेरिकी सिंगर बिली एलीश के नाम से आप जरूर वाकिफ होंगे। महज 22 साल की बिली, दो-दो ऑस्कर अवॉर्ड जीत चुकी हैं। वह नौ ग्रैमी अवॉर्ड जीत चुकी हैं। उनके नाम दो गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स भी है।

इस महीने की शुरुआत में बिली एलीश ने कोचेला म्यूजिक वैली फेस्टिवल में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से सबको दीवाना बना दिया। लेकिन इस दौरान कुछ ऐसा भी हुआ, जिसे देख सब चौंक गए। बिली एलीश ने स्टेज पर यूट्यूबर क्वेनलिन ब्लैकवेल को सरेआम चूम लिया। इसके बाद से ही बिली की सेक्सुएलिटी फैंस के बीच चर्चा का विषय है। बहरहाल, अब सिंगर ने खुद ही यह साफ कर दिया है कि उन्हें लड़के नहीं, बल्कि लड़कियां पसंद हैं।

### बिली एलीश ने सेक्सुएलिटी पर कही दो टूक बात

जाहिर तौर पर बिली एलीश का यह गाना महिलाओं के साथ प्यार करने की बात करता है।

अब नए इंटव्यू में इस पर बात करते हुए वह कहती हैं, यह गाना असल में उस एक चीज का हिस्सा था, जिसने मुझे वह बनाया, जो मैं वाकई हूं। मैंने इसके कुछ बोल हालांकि, तब लिखे थे, जब मैं किसी लड़की के साथ रिश्ते में नहीं थी। मैं जीवनभर लड़कियों से ही प्यार करती रही हूं, लेकिन मैं इसे समझ नहीं पाई। पिछले साल मुझे यह एहसास हुआ कि मैं कौन हूं।

बीते साल मैगजीन की रिपोर्ट पर भड़कीं थी बिली एलीश

वैसे, बिली एलीश का यह नया बयान तब आया है, जब पिछले साल उन्होंने सेक्सुएलिटी को लेकर नवंबर 2023 में वेरायटी मैगजीन की रिपोर्ट की जमकर आलोचना की थी। तब उन्होंने कहा था, मैं कभी भी अपनी सेक्सुएलिटी के बारे में बात नहीं करने वाली, ना ही ऐसा कुछ प्लान कर रही हूं। यह बहुत निराशाजनक है कि यह रिपोर्ट आई है।